

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 090 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 13 जनवरी 2023 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया


## केएल राहुल बने 'संकटमोचक'... कुलदीप-सिराज का कमाल.. टीम इंडिया का कोलकाता में धमाल

नई दिल्ली. कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद केएल राहुल के अर्धशतक के दम पर भारत ने दूसरे वनडे में श्रीलंका को 4 विकेट से हरा दिया. रोहित शर्मा एंड कंपनी ने इसके साथ 3 मैचों की सीरीज भी अपने नाम कर ली. भारत ने श्रीलंका के खिलाफ लगातार 10वीं जबकि ओवरऑल 15वीं द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती है. श्रीलंका की ओर से रखे गए 216 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 43.2 ओवर में 6 विकेट पर जीत हासिल कर ली. केएल राहुल ने नंबर 5 पर बैटिंग करते हुए 'संकटमोचक' की भूमिका निभाते हुए नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली. उन्होंने 93 गेंदों पर पचासा पूरा किया. राहुल ने वनडे करियर की 12वीं सेंचुरी जड़ी.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहित शर्मा और शुभमन गिल की ओपनिंग जोड़ी ने सतर्क शुरूआत दिलाई. दोनों ने 33 रन की स-झेदारी की. गुवाहाटी वनडे में अर्धशतकीय पारी खेलने वाले रोहित शर्मा दूसरे वनडे में 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. इस-के बाद शुभमन गिल भी अगले ओवर में 21 रन बनाकर चलते बने. विराट कोहली ने भी निराश किया. विराट को 4 के स्कोर पर लाहिरू कुमारा ने बोल्ड किया.

श्रेयस अय्यर 28 रन बनाकर आउट हुए.





इसके बाद केएल राहुल ने हार्दिक पंड्या के साथ मिलकर पारी को संभाला. दोनों ने 5वें विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी की. पंड्या 53 गेंदों पर 36 रन बनाकर आउट हुए. हार्दिक के आउट होने के बाद केएल राहुल को अक्षर पटेल का साथ मिला. दोनों ने शानदार बैटिंग कर भारत को मैच के साथ सीरीज भी दिलाने में अहम भूमिका निभाई .

दासुन शनाका ने कोलकाता के ईडन गार्डंस स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला लिया. भारत ने कुलदीप और सि-राज की धारदार गेंदबाजी से श्रीलंका को 40 ओवर के भीतर 215 रन पर समेट दिया. भारतीय टीम से अंदर-बाहर होते रहे बाएं हाथ के रिस्ट स्पिनर कुलदीप ने 51 जबकि सिराज ने 30 रन देकर 3 -3 विकेट चटकाए. उमरान मलिक ने 2 विकेट लिए. डेब्यूटेंट नुवानिदु फर्नांडो (50) और कुसल मेंडिस (34) की पारियों से एक समय श्रीलंका की टीम 1 विकेट पर 102 रन बनाकर अच्छी स्थिति में होने के बावजूद 39.4 ओवर में आउट हो गई.

### कुलदीप ने श्रीलंकाई मिडिलि ऑर्डर को किया तबाह

पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ चटगांव में पहले टेस्ट वापसी करते हुए पारी में 5 विकेट चटकाने के बावजूद कुलदीप को अगले टेस्ट की प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया गया था. उन्हें लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के दाएं कंधे में सूजन के कारण बाहर होने पर गुरुवार को अंतिम एकादश में मौका दिया गया. कुलदीप ने श्रीलंका के मध्य क्रम को ध्वस्त किया. उन्होंने पिछले मैच में नाबाद शतक जड़ने वाले श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका (02) को भी बोल्ड किया. मेहमान टीम ने बीच में 43 गेंद में पांच विकेट गंवाए जिससे सपाट पिच पर बड़ा स्कोर खड़ा करने की उसकी उम्मीद टूट गई. नुवानिदु अच्छी लय में दिखे और उन्होंने मेंडिस के साथ दूसरे विकेट के लिए 73 रन जोड़े.

प्रतिभा सम्मान समारोह

## स्वामी विवेकानंद की जयंती कार्यक्रम में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने किया सहभाग

**-मंत्री दयाशंकर सिंह, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, पूर्व विधायक संजय यादव रहे उपस्थित**

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण

सिकंदरपुर (बलिया) : गांधी इंटर कालेज परिसर में स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित प्रतिभा सम्मान



समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति व सिंचाई मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बतौर अतिथि सहभाग किया। मंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के लिए विद्यालय के छात्र छात्राओं जिन्होंने 60% से ऊपर व विधानसभा में टॉप टेन छात्र छात्राओं को सम्मानित करने के लिये बुलाया गया था। वही मंच से स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि उसी तरह गुजरात के धरती पर एक बालक पैदा हुआ रेलवे स्टेशन पर चाय बेचते हुए स्वामी विवेकानंद के मार्गदर्शन में देश का प्रधान सेवक बनकर आप जैसे लोगों का सहयोग लेकर आज दुनिया के अंदर हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था तीसरे पायदान पर पहुंचने वाली है। क्या भारत की शक्ति है आज जो काशी से जहाज चलने वाला है दुनिया में पहला जहाज काशी से हिंदुस्तान पहली बार निकलने वाला है। जो कभी देखते हो और राज्यों को छूते हुए जाएगा। यह परिवर्तन कोई करता है आप कर रहे हैं। जैसे अब्दुल कलाम भी स्वामी विवेकानंद के मार्गदर्शन में युवाओं के साथ आगे बढ़े थे। राष्ट्रपति बनने के बाद भी अब्दुल कलाम के पास अपना मकान नहीं था। वैसे ही आज नरेंद्र मोदी जी के पास भी अपना मकान नहीं है। और आप ही परिवार है और मोदी जी के शासन में सभी प्रधानमंत्री रहे होंगे। लेकिन वह अपना कद बढ़ाते थे ।लेकिन आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का कद बढ़ रहा है। हिंदुस्तान का सम्मान बढ रहा है बेटा बेटी का सम्मान बढ़ रहा है ।हिंदुस्तान में आगे सामान बढ़ाने के लिए हिंदुस्तान के नौजवानों को पढ़ाई के साथ-साथ हुनरमंद बनना पड़ेगा । ज्ञान अर्जित करना पड़ेगा देख रहा हूं । 2047 ज्ञान की लड़ाई है यह ज्ञान का युद्ध है । जिसके परिवार में ज्ञान बढ़ेगा वहीं परिवार तरक्की करेगा जिस कंपनी में ज्ञानी बच्चे होंगे वही कंपनी तरक्की करेगा । जिस जिस फैक्ट्री में ज्ञानी बच्चे होंगे वही फैक्ट्री तरक्की करेगी और पार्टियों में ज्ञानी और पढ़े-लिखे ईमानदार व्यक्ति होंगे वही पार्टी तरक्की करेगी वहीं कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि भ्रष्टाचार का 100 करोड़ प्रॉपर्टी का लूटने का जमाना बदल चुका है। वही सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जातिवाद की राजनीति खत्म होने वाली है। गरीबों,दलितों, सोसितो की जो चिंता करेगा स्वामी विवेकानंद ने कहा है। कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। उसको किसी ने चरितार्थ किया धरती पर तो वो नरेंद्र मोदी धरती पर उतर कर एक स्वच्छता कर्मी का पैर धोने का कार्य किया है। राष्ट्र-वाद नहीं, नक्सलवाद नहीं, माओवाद नहीं, जातिवाद नहीं, क्षेत्रवाद नहीं, व्यक्तिवाद नहीं, परिवारवाद नहीं,वंश-




।वाद नहीं, केवल राष्ट्रवाद, राष्ट्रवाद, केवल समृद्धि ही दुनिया को खुशहाल बना सकती है। मोदी ने गुजरात को स्वर्ग बना दिया । अब देश को स्वर्ग बना देगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी आंनद स्वरूप ने की वही विशिष्ट अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह , पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी व पूर्व विधायक संजय यादव रहे संचालन विद्या सागर उपाध्याय ने किया ।कार्यक्रम के समाप्ति के बाद आयोजक आकाश तिवारी ने सबका आभार व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री ने जनपद वाराणसी में 'अघोरेश्वर भगवान राम योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र' का उद्घाटन किया

**आयुर्वेद व योग भविष्य में भारत को एक नये हेल्थ एण्ड टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप मे स्थापित करने की क्षमता रखते**

समाज जागरण

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद वाराणसी में पड़ाव स्थित अघोरेश्वर भगवान राम महाविभूति स्थल पर ह्यअघोरेश्वर भगवान राम योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्रह्न का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए योग, आयुर्वेद तथा प्राकृतिक चिकित्सा के इस केन्द्र को स्थापित करने हेतु बाबा सम्भव राम और श्री सर्वेश्वरी समूह का आभार जताया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज स्वामी विवेकानन्द की पावन जयन्ती है। भारत के सनातन हिन्दू धर्म, वेद एवं दर्शन से दुनिया को अवगत कराने वाले स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह सुखद अनुभूति का अवसर है कि अघोरेश्वर भगवान राम बाबा के इस पावन धाम में उन्हें इस कार्यक्रम के साथ जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत की शैव परम्परा में अघोर परम्परा साधना की ऐसी प्रकृति है, जिसमें आध्यात्मिक दृष्टि से परमात्मा को जोड़ने तथा सामाजिक दृष्टि से सामाजिक ढांचे को जोड़ने में मदद मिलती है। बाबा




कीनाराम तथा बाबा अघोरेश्वर राम ने समता मूलक समाज के लिये कार्य किया, ताकि कोई निराश्रित न महसूस करे। मातृ शक्ति के बारे में उनके अनुपम विचार थे। मातृशक्ति की कोई जाति नहीं होती, वे देवी स्वरूप हैं। शिव व शक्ति के मिलन को ही प्रकृति का वास्तविक रूप मानते हैं। इससे अलग कल्पना भी नहीं की जा सकती। यह पवित्र स्थल उसी परम्परा का प्रतिनिधित्व कर रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के प्रयासों का नतीजा है कि पूरा विश्व भारत की प्राचीन योग चिकित्सा पद्धति को अपनाने को आतुर है। वर्ष 2014 से 21 जून को पूरा विश्व अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मना रहा है। आयुर्वेद व योग भविष्य में भारत को एक नये हेल्थ एण्ड टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप मे स्थापित करने की क्षमता रखते हैं। योग, आयुर्वेद तथा पंचकर्म भारत की प्राचीन परम्परा है।

कार्यक्रम से पूर्व, मुख्यमंत्री जी का स्वागत शंखनाद से किया गया। श्री सर्वेश्वरी समूह विद्यालय की छात्राओं द्वारा मुख्यमंत्री जी को पुष्प गुच्छ तथा रामायण प्रति भेंट की गयी।

कार्यक्रम में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री श्री अनिल राजभर, स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रवीन्द्र जायसवाल, आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर मिश्र ह्यदयालुह्न, जनप्रतिनिधिगण सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री करेंगे सामुदायिक जेटी का उद्घाटन,गंगा विलास क्रुज को दिखाएंगे झंडी

अमित सिंह, समाज जागरण

रामगढ़ (बलिया ) : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की सुबह 10 बजे वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए हल्दी थाना क्षेत्र के हुकुम छपरा घाट पर सामुदायिक जेटी का उद्घाटन ऑनलाइन दिल्ली से करेंगे। इस दौरान वाराणसी से डिब्रुगढ़ जाने वाली गंगा विलास क्रूज को हरी झंडी दिख-ाकर रवाना भी करेंगे।

कार्यक्रम को हुकुमछपरा घाट से लाइव टेलीकास्ट का प्रसारण दिखाया जाएगा। इसकी तैयारी गुरुवार को गंगा नदी के हुकुम छपरा घाट पर जोर शोर से देखने को मिली। कार्यक्रम को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भारत सरकार) पटना के निदेशक एलके रजक के निर्देशन में पहुंची टीम ने हुकुम छपरा घाट पर मोर्चा संभाल लिया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभाग के पर्यावरण अधिकारी रितेश पांडे व सिविल इंजीनियर उत्कर्ष प्रताप सिंह अपने देखरेख में मंच सहित गंगा घाटों की साफ-सफाई में जुट गए हैं। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए पर्यावरण अधिकारी रितेश पांडे ने बताया कि हुकुम छपरा घाट



सहित जिले के अन्य चारों घाटों पर चार फ्लोटिंग जेटी रेडीमेड प्लेटफार्म तैयार किया गया है। जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 13 जनवरी यानी आज सुबह 10 बजे दिल्ली से ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में जिले के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश अंचल, जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर के साथ ही अन्य अधिकारी व संभ्रांत लोग मौजूद रहेंगे।

## भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी से कांग्रेस संगठन व राजनीति में ओबीसी व प्रजापति समाज की हिस्सेदारी की रखी बात -- सुरेश प्रजापति

हिसार (राजेश सलूजा) : युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव व हलका बरवाला कांग्रेस चीफ इनरोलर सुरेश प्रजापति बरवाला ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा से गुजर रही है हरियाणावासियों ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता



राहुल गांधी को यात्रा में भरपूर समर्थन दियो ऐसा समर्थन देश की आजादी के बाद पहली बार हुआ और पूरा देश बदलाव की दिशा में राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं सुरेश प्रजापति बरवाला ने कहा कि इस यात्रा के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राहुल गांधी से मिलकर बातचीत की और कहा कि देश में ओबीसी की संख्या 52 प्रतिशत के आसपास है जबकि राजनैतिक में और कांग्रेस पार्टी संगठन में कोई भी प्रदेश में हो या राष्ट्रीय संगठन में ओबीसी की हिस्सेदारी सिर्फ 2 प्रतिशत के आसपास है ओबीसी के साथ काफी अन्याय किया जा रहा है प्रजापति समाज भी पूरे देश में साढ़े 9 प्रतिशत के आसपास है इस समाज की भी हिस्सेदारी राजनैतिक व पार्टी संगठन में ना के बराबर है सुरेश प्रजापति बरवाला ने हवाला देते हुए कहा कि 14 जुलाई सन 1916 में लखनऊ कांग्रेस का अधिवेशन हुआ थो उसमें प्रस्ताव पास किया गया था और महात्मा गांधी ने इस अधिवेशन में कहा था जिनकी जितनी जनसंख्या है उस जाति व धर्म को कांग्रेस बराबर की हिस्सेदारी देने का काम करेगी चाहे पार्टी संगठनों या राजनैतिक हो उस समय महात्मा गांधी कांग्रेस के सभापति हुआ करते थे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राहुल गांधी ने इन सब बातों को ध्यान से सुना और भविष्य में इसे लागू हो जाने बारे कहो

## बिहार प्रदेश के शिक्षा मंत्री द्वारा रामचरित्र मानस जैसे-पावन धर्मग्रंथ पर अपमानजनक टिप्पणी करना दुर्भाग्य- हिमांशु शेखर

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद

गया( बिहार) 12 जनवरी 2023- प्रदेश के जाने-माने साहित्यकार व आलेखकार हिमांशु शेखर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर द्वारा रामचरितमानस जैसे पावन धर्मग्रंथ पर अपमानजनक टिप्पणी किया गया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा है कि, गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस धर्मग्रंथ भगवान राम की गाथा है। भगवान राम का जीवन सभी जाति -धर्म के लोगों के लिए सैदव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। इंडोनेशिया सहित कई मुस्लिम देश भी भगवान राम को अपना आदर्श मानती है। भगवान राम ने पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए अयोध्या की राजगद्दी को ठुकरा कर, त्याग का उदाहरण पेश किया। निषाद राज जैसे छोटी जाति के लोगों से दोस्ती निभा कर मित्रता धर्म का पालन किया। माता शबरी का जूठा बैर खाकर भक्ति का मान रखा। जिस दौर में एक से अधिक पत्नी रखना राजा की शान का प्रतीक था,



उस दौर में एक पत्नी रखकर नारी का मान बढ़ाया। सागर पर सेतु बांध कर एक असंभव कार्य को संभव कर दिखाया। रावण का वध कर असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया। रामचरितमानस का अपमान वही कर सकता है, जिसने उस धर्मग्रंथ को समझा नहीं है। शिक्षा मंत्री को जनमानस से माफी मांगना चाहिए।

## उचित दिशा में युवाशक्ति के प्रयोग से देश प्रबुद्ध एवं समृद्ध होगा -फादर पी विक्टर

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को याद किया गया

बिकास राय ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर,जौनपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद को याद किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने स्वामी विवेकानंद के जीवनवृत्त एवं शिक्ष-ाओं पर प्रकाशडालते हुए कहा कि स्वामी जी ने अपना जीवन मानवता को समर्पित किया था।वे वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे।वेदांत दर्शन एवं अपने गुरु रामकृष्ण देव की शिक्षाओं से वे कण-कण में ईश्वर को देखा करते थे इसलिए उनका मानना था कि जो मनुष्य दूसरे जरूरतमंदों की मदद करता है, सेवा करता है वह परमात्मा की ही सेवा करता है।स्वामी के जन्मदिवस को ही राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।भारत एक युवा देश है और उचित दिशा में युवाशक्ति के प्रयोग से देश प्रबुद्ध एवं समृद्ध होगा।यदि युवाशक्ति बेकारी एवं बेरोजगारी का शिकार होगी तो स्थिति बद से बदतर हो जाएगी।युवाओं का दिशाहीन होना राष्ट्र को शक्तिहीन और दिशाहीन कर देगा अतः युवाशक्ति का समुचित प्रयोग की तरफ ध्यान देना आवश्यक है।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिका एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




## जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव का निधन, 75 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

दिल्ली. इस वक्त की बड़ी खबर राजनीतिक गलियारे से आ रही है जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री और दिग्गज राजनेता रहे शरद यादव का निधन हो गया है. शरद यादव के निधन की पुष्टि उनकी बेटी सुभाषिनी यादव ने भी की है. जानकारी के मुताबिक शरद यादव का निधन एक अस्पताल में इलाज के दौरान हुआ है. हाल के दिनों में बीमार भी चल रहे थे. इस दिग्गज राजनेता के निधन की जानकारी बेटी सुभाषिनी



शरद यादव ने भी अपने फेसबुक पेज पर दी है. उन्होंने शरद यादव के निधन की जानकारी देते हुए लिखा है कि पापा नहीं रहे. शरद यादव जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके थे. उनकी गिनती देश के समाजवादी नेताओं के तौर पर होती थी. शरद यादव की देश के सभी राजनेताओं से बेहतर संबंध थे. वो जितने नीतीश कुमार के करीबी थे उतने ही लालू प्रसाद के भी.

# मप्र में करणी सेना को किसने न्यौता ?

**दैनिक समाज जागरण**

मप्र में करणी सेना ने सरकार की ईंट से ईंट बजा दी। भारत में ये खास सुविधा है कि भारतीय सेना के होते हुए भी कोई भी सेना सरकार की ईंट से ईंट बजा सकती है।इन सेनाओं के गठन पर न किसी गांधीवादी सरकार ने रोक लगाई और न किसी गोडसेवादी सरकार ने। सरकारों की दरियादिली के चलते ही देश में आजादी के 75 साल बाद भी ये निजी सेनाएं,राजे - महाराजे लोकतंत्र की छाती पर मूंग दलने में कामयाब हो रहे हैं ।

एक जमाने में बिहार में निजी सेनाओं का बड़ा बोलबाला था।इन सेनाओं ने जातीय आधार पर अनगिनत नरसंहार किए। चंबल में 2006 तक डकैतों की सेनाएं थीं लेकिन उन्हें गिरोह कहा जाता था।2006 में ही राजस्थान में करणी सेना का गठन किया गया था। कहा गया था कि करणी सेना

राजपूत और उनकी संस्कृति की रक्षा करेगी।

करणी सेना ने अपना पुरुषार्थ दिखाया संजय लीला भंसाली की फिल्म "पद्मावती"के खिलाफ। सेना ने केवल जौहर ही नहीं किया,वरना कोई कसर नहीं छोड़ी। दीपिका पादुकोण को धमकाया।करणी सेना के कथित दबाव में भाजपा की तमाम राज्य सरकारों ने पद्मावती को प्रतिबंधित भी किया था।

अब सवाल ये है कि मप्र के आंगन में करणी सेना का क्या काम है? यहां न राजपूत संकट में हैं न ही राजपूत संस्कृति।फिर करणी सेना क्यों इक्कीस सूत्रीय मांगों को लेकर शिवराज सिंह चौहान की सरकार को हिलाने में लग गई ? क्या करणी सेना के आंदोलन के पीछे सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर अकेले नेता हैं,या उन्हें सरकार और भाजपा संगठन में बैठे राजपूत नेताओं का भी समर्थन हासिल है? करणी सेना ने जिस तरीके से प्रदेश सरकार के मंत्री अरविंद भदौरिया को ज्ञापन देकर आंदोलन स्थगित किया और जिस तरीके से मीडिया के राजपूतों ने आंदोलन का साथ दिया, उससे मेरी ये आशंका बलवती होती है कि सेना की सक्रियता के पीछे भाजपा का अंतर्कलह है।

मप्र में अभी तक कोई तीसरी राजनीतिक ताकत नहीं है।समय ने पहले ब्राम्हणों को फिर राजपूतों को बेअसर बनाया और पिछले 18 साल से पिछड़ा वर्ग सत्ता के शीर्ष पर हैं। भाजपा चाहकर भी किसी राजपूत को मुख्यमंत्री नहीं बना सकी जबकि नरेन्द्र सिंह तोमर पिछले वर्षों में कम से कम तीन बार शपथग्रहण के लिए नये जोधपुरी कोट सिलवा चुके हैं।

करणी सेना के कर्णधार भले ही कहते हैं कि यह व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई है. उसके लिए बहुत कुर्बानियां देनी पड़ेगी. करणी सेना की 21 मांगें पूरी तरह से राजनीतिक मांगें हैं सेना चाहती है कि आरक्षण का आधार आर्थिक किया जाए, ताकि समाज के हर वर्ग के गरीबों को आरक्षण का लाभ मिल सके. एक बार आरक्षण मिलने पर दोबारा आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाए.सेना बेरोजगारी, किसानों , कर्मचारियों की समस्यायों , जीएसटी,गाय,और पुलिस प्रणाली में भी सुधार की मांग करने लगी है

करणी सेना भाजपा के नजदीक शुरू से है। राजस्थान की राजनीति का विश्लेषण करेंगे तो सब समझ में आ जाएगा। सेना का ध्वज भगवा है।

मप्र की राजनीति में पहले से जाति आधारित दल बसपा और सपा पिछले ढाई दशकों से अपने पैर जमाने की कोशिश कर रही है, लेकिन हर बार उसके विधायक बिक जाते हैं।जीवन सिंह भी भावुक होकर भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल बैठे हैं, जबकि वे जानते हैं कि जिस दिन उनके संरक्षक चाहेंगे उन्हें पुनः दड़बे का मूषक बना देगे।जीवन सिंह जैसे युवाओं का भविष्य सभी दलों ने बर्बाद किया है। गुजरात के युवा तुर्को को याद कर लीजिए,आज वे कहां हैं ?

मप्र में अगले साल विधानसभा के चुनाव हैं। ये चुनाव 2018 में चुनाव हारी भाजपा और सत्ता में लौटी कांग्रेस के बीच है। भीतरघात के कारण सत्ताच्युत हुई कांग्रेस की दशा घायल शेर जैसी है।ऐसे में करणी सेना की उपस्थिति से परिदृश्य पर कितना असर पड़ेगा,बताने की जरूरत नहीं है। करणी सेना के राजपूतों के सामने भाजपा के अलावा कोई विकल्प नहीं है।वे सत्ता की दौड़ में ब्राम्हणों की तरह पिछड़ चुके हैं। राष्ट्रीय स्तर पर राजनाथ सिंह जैसे मौन साधे मोक्ष की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

भारतीय लोकतंत्र के लिए बेहतर हो कि जाति आधारित राजनीति करने वाले छद्म सामाजिक सेनाओं पर सख्ती से रोक लगाई जाए भले ही वे मां करणी देवी के नाम पर काम कर रहे हों या भीमराव के नाम पर। बात कड़वी है, कड़वी लगेगी।आप गुस्सा थूककर अपने मुंह का जायका बनाए रख सकते हैं।

**@ राकेश अचल**

बैठकी

# मुझे पता नहीं...!!

**दैनिक समाज जागरण**

गजब, गजब!! जनता को इ नेतवा सब बिलकुल गदहे समझता है क्या!! --- कुंवरजी,बैठते हीं उखड़े गये!

अजी, का हुआ कुंवरजी!!काहे बैठते हीं नेतवन को गरिआने लगे!--- मुखियाजी पुछ बैठे!

महाराज, कल से हीं टीवी और सोसलमिडिया पर बक्सर के चौसा में, आंदोलन कर रहे किसानों के घरों में, रात को पुलिस घुस कर उनके साथ मारपीट की है जिससे उग्र होकर आगजनी की घटनायें हो चुकीं हैं और जब मुख्यमंत्री नितीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी से इस बारे में पत्रकार पुछे तो दोनों साफ कह दिये कि हमें जानकारी हीं नहीं है! अरे इतना बड़ा कांड हो जाता है और मुख्यमंत्री कहे कि हमें पता हीं नहीं है तो इसका क्या मतलब है!! स्पष्ट है कि ये अपनी राजनीति का अवसर ढूंढ रहे हैं!! ---- कुंवरजी क्षुब्ध लगे!

कुंवरजी ठीक कह रहे हैं! बक्सर के चौसा में एसजेवीएन द्वारा पावर प्लांट के लिये किसानों की भूमि का अधिग्रहण 2010-11 से पहले ही किया गया था उस समय तत्कालीन समयानुसार भुगतान किया गया फिर दुबारा जब किसानों की भूमि का अधिग्रहण शुरू की तो किसान वर्तमान दर के अनुसार मुआवजा मांग करने लगे हैं जबकि कंपनी पुराने दर पर हीं मुआवजा देकर जबरन अधिग्रहण कर रही है! जिसके विरोध में 86 दिनों से धरणा देकर आंदोलन कर रहे थे! लेकिन मंगलवार को विरोध स्वरूप किसानों ने कंपनी का काम रुकवा दिया था तो पुलिस डंडा भांजने लगी इसी उपद्रव में कुछ गाड़ियों को आग लगा दिया गया! फिर रात को पुलिस किसानों के घर में घुसकर महिला, बच्चों और पुरुषों के साथ मारपीट की! पुलिस की इस दमनकारी व्यवहार का विडियो वायरल हो गया है जिसको लेकर पत्रकारों ने मुख्यमंत्री नितीश कुमार से बात करनी चाही तो वे इसतरह की नौटंकी किये जैसे कुछ जानते हीं नहीं!---मास्टर साहब ने बात पुरी की!

इस कांड को भुनाने के चक्कर में, विपक्षी पार्टि- भाजपा भला पिछे कैसे रहती! कल भाजपा के विरोधी दल नेता बिहार विधान परिषद श्री सम्राट चौधरी, पूर्व कृषि मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, बक्सर जिला की अध्यक्षा माधुरी कुंवरजी, आईटी अध्यक्ष धीरज पाठक आदि नेताओं का जमघट घटना स्थल पर जा पहुंचा,जहाँ किसान धरना पर बैठे हैं! इन लोगों ने किसानों के साथ खड़े रहने की बात की साथ हीं अमानवीय व्यवहार करने वाले पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई करने पर बल दिया! --- पारस नेता आगे की कहे!










अजीब बात बा!! अतना बड़ा बात हो गिया आउर नितीश कहता है कि हमको पता हीं नहीं है!! तब किस बात का मुख्यमंत्री है जी! -- मुखियाजी मुंह चमकाये!

सुना नहीं आपलोगों ने! नितीश सरकार के राजद कोटे के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव,बुद्धवार को नालंदा विश्वविद्यालय में दिक्षांत समारोह के दौरान विवाद बयान दिये! इन्होंने कहा कि मनुस्मृति, रामचरितमानस और बंच आफ थाट्स को जला देना चाहिए! इनके विवादित बोल का विडियो भी आया है! --- सुरेन्द्र भाई ने अपनी रखी!

बिलकुल सही बोले है सुरेन्द्र भाई! ये चंद्रशेखर यादव अपने बात पर रिजिड भी है! बोला कि रामचरितमानस समाज को बांटने वाला और नफरत फैलाने वाला ग्रंथ है! और इसमें छोटी जातियों को घृणा की दृष्टि से देखा गया है! --- पारस ने बात पुरी की!

ए सरजी, इ नेतवा सब, हम हिंदूअन के धार्मिक आस्था के माखौल उड़ाना, अपना सस्ता हथियार बना लिया है का! साला जिस-को मन करता है हमरे धरम पर अनाप सनाप बोल देता है! --- मुखियाजी क्षुब्ध थे!

देखिये, हम हिन्दू इस देश में गांधी और नेहरू के कुकर्मों को भुगत रहे हैं! जब धर्म के तुष्टीकरण की हद हो गई है! इन सालों को जहाँ हजार छेद है उस धर्म या सम्प्रदाय या उनकी धार्मिक पुस्तकों पर कमेंट करने की हिम्मत क्यों नहीं होती!! हम हिन्दू सहिष्णु और सरल हैं इसी का ये हरामखोर फायदा उठा रहे हैं! अगर हिन्दू भी सर कलम करना शुरू कर दे तो सालों की बोलती बंद हो जायेगी! --- मास्टर साहब उत्तेजित थे!

अजी, रामचरितमानस तो हम हिन्दूओं का परम पवित्र ग्रंथ है और प्रभु श्रीराम ने तो हिंदू समाज में जाति पांति को तो बिलकुल नगण्य साबित किया है! शूद्र जाति की सबरी को मां मानकर उनके जूठे बेर खाये, केवट को समानता का प्रेम दिया! बानर जाति के सुग्रीव को अपना मित्र माना! भला ऐसा आदर्श कहाँ मिलेगा!! जिन्होंने समाज को समानता का पाठ पढ़ाया उसकी ऐसी घटिया आलोचना करना शोभा नहीं देता! लेकिन ये मंत्री वोट की राजनीति के लिए खासतौर पर मुसलमानों को खुश करने के लिए ऐसी ओछी टिपण्णी करने लगते हैं! ----मैंने भी बहस में भाग लिया!

तब तो अब समय आ गया है कि हिंदू जनता ऐसे नेताओं को सत्ता से बाहर कर दे! सुना है कि अयोध्या के एक संत ने मंत्री की जबान काटने वाले को 10 करोड़ इनाम देने की घोषणा की है! --- सुरेन्द्र भाई ने अपनी कही!

आधार पर विभाजन हुआ तो शेष भारत को हिन्दू राष्ट्र बनना चाहिए था लेकिन इसे सेक्युलर बनाकर हम हिंदुओं को मूर्ख बनाया गया और अब राजनीति में तुष्टीकरण ने हमारे धर्म का माखौल बनाने का अधिकार दे दिया है! ---मास्टर साहब दुखी दिखे!

ऐसा मत कहिये, हमारा देश धर्मनिरपेक्ष है यह बुरा नहीं लेकिन हमारे राजनीतिज्ञों को देश के सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए और किसी भी धर्म या किसी के आस्था पर सवाल पैदा करने से बचना चाहिए! ---मैंने अपनी कही!

ठीक बोले सरजी, आज हिंदुओं के खिलाफ, उनके आस्था के खिलाफ बोलना एक फैशन बन गया है! असल में जो ये राजनीतिक दल वाले अपनी राजनीति का यही आधार बना लिये हैं! अब देखिये, 2015 में लालूजी ने श्रृषिमुनियों को मांसाहारी कहा था! हाल हीं में राजद के जगतानंद सिंह ने श्रीराम जन्मभूमि को नफरत की भूमि कहा था! अब नितीश सरकार के शिक्षा मंत्री रामचरितमानस को नफरत फैलाने वाला ग्रंथ कह रहे हैं! --- कुंवरजी के मुख पर घृणा के भाव थे!

कुछो हो, जब नितीशवा से पत्रकार रामचरितमानस पर मंत्री के टिप्पणी पर सवाल किया तो उत्तर था--" मुझे पता नहीं "! -- कहकर सुरेन्द्र भाई उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!



प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)

# मारीशस साहित्यकार रामदेव धुरंधर के पूर्वजों का गांव "गंगौली बलिया

**दैनिक समाज जागरण**

जनसंख्या और अन्य सांस्कृतिक,भौगोलिक एवं राजनैतिक दृष्टिकोण से भारत गणराज्य के सबसे बड़े एवं महत्त्वपूर्ण राज्य उत्तरप्रदेश के पूर्वी छोर पर स्थित जनपद बलिया गंगा, घाघरा एवं तमसा जैसी नदियों के मध्य बसा है ' इसकी सीमा बिहार राज्य के जनपद, आरा, बक्सर, भोजपुर छपरा ( सारण ) एवं सिवान से एवं उत्तर प्रदेश राज्य के जनपद गाजीपुर, देवरिया एवं मऊ से लगती हैं ' पूर्ववर्ती जनपद बलिया कभी जनपद गाजीपुर का एक हिस्सा हुआ करता था, जो 1 नवम्बर सन 1879 में पृथक जनपद बन गया ' सांस्कृतिक एवं पौराणिक मान्यता के अनुसार यह भाग असुर राज दानवीर राजा बलि की राजधानी हुआ करता था ' कई मान्यता के अनुसार बलिया स्थिति बलिश्वर ( बालेश्वर ) महादेव मंदिर की स्थापना राजा बलि ने ही किया था ' बलिया महर्षि भृगु की तपोभूमि के रूप में भी विख्यात रहा है ' इसे लिये इस भूभाग /क्षेत्र को भृगुक्षेत्र भी कहा जाता है ' अंग्रेजी शासन काल के विरुद्ध वर्ष 1857 में होने वाले प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायकों में बलिया के सपूत पंडित मंगल पाण्डेय का नाम प्रमुखता से लिया जाता है, जिन्होंने अंग्रेजी सेना में रहते हुए, बगावत कर दी और अपने अंग्रेज ऑफिसर को गोली मार दी ' जिसके बाद उन्हें भी फांसी की सजा सुनाई गयी ' तब से बलिया को बागी बलिया के रूप में जाना जाने लगा ' वर्ष 1942 में बलिया क्रन्तिकारी वीर श्री चित्तू पाण्डेय जी के नेतृत्व में तेरह दिनों के लिये आजाद हो गया '

भारत की राजनीति में अपनी अलग छवि रखने वाले भारत के पूर्व प्रधान मंत्री श्री चंद्रशेखर जनपद बलिया से ही आते हैं ' पूर्ववर्ती जनपद बलिया में कुल तीन तहसीले हुआ करती थी, जो क्रमशः बलिया, बॉसडीह, रसड़ा के नाम से जानी जाती थीं ' कालान्तर में इन तहसीलो की संख्या बढ़ कर पांच हो गयी '

मारीशस में जन्मे हिंदी गद्य साहित्य के मुर्धन्य ,उपान्यास-कार,कथाकार एवं नाट्यकार रामदेव धुरंधर जिनके पूर्वज अठारहवी सदी में गिरमिटिया मजदूर के रूप में भारत से मारीशस चले गये, जहाँ उन्होंने जीवन के अनेक संघर्ष को झेलते हुए ना सिर्फ अपने पसीने के दम पर गन्ने के खेतों में जम कर काम किया बल्कि कठिन यातानाएं, झेलते हुए, स्वयं को शिक्षा, कला, साहित्य,राजनीति,के क्षेत्र में पुनरस्थापित किया। आज इन भारतीय पूर्वज के बंशज मारीशस देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य भी कर रहे है ' आदरणीय धुरंधर जी, जब अपने पूर्वजों के द्वारा प्राप्त सम्बंधित दस्तावेजों को खंगालते हुए फोन पर बताते है, कि "राजेश जो कागज मेरे हाथ में है, उसपर मेरे दादा जी का भारतीय परिचय कुछ ऐसे लिखा है...

जिला गाजीपुर . परगना बलिया, का गांव गंगौली है ' इसे सुनकर मेरा मन अत्यंत प्रसन्न हो जाता है, क्योंकि मुझे ज्ञात ही है कि जनपद बलिया 1879 से पूर्व जनपद गाजीपुर का ही हिस्सा था, जो यह दस्तावेज भी कहता है '

अब मुझे पूरा विश्वास हो जाता है कि हिंदी गद्य साहित्य के इस पुरोधा के पूर्वजों का मूल गांव कहीं न कहीं मेरे गृह जनपद बलिया से है ' उस बलिया में है,जो महान साहित्यकार डा. हजारी प्रसाद द्विवेदी, आचार्य परशुराम चतुर्वेदी एवं आधुनिक हिंदी साहित्यकार डा. केदारनाथ सिंह जी की जन्मस्थली रही है ' यह बलिया के साहित्य जगत का सौभाग्य हुआ ' अब मेरा मिशन अपने जनपद बलिया में गंगौली को ढूढना और इस विषय में और अधिक जानकारी जुटाना था ' मैंने दूरभाष के माध्यम से अपने मित्रों से सहयोग लेना शुरू किया ' मै अपने मित्र एवं प्रखर विचारक विपिन विहारी सिंह जी (बकवा) से संपर्क किया जिनसे कुछ एक जानकारिया मिली। इसमें सबसे खास बात यह समझ में आयी कि यह स्थान (गंगौली) बॉसडीह तहसील का उपगांव गंगौली तो नही है, बल्कि यह वह प्राचीनतम गांव गंगौली है, जो रामगढ़ बंधे के बगल में गंगा के किनारे बसा गांव गंगौली है, जो अब अस्तित्व में नही है और गंगा में विलीन हो गया है ' मुझे मेरे मित्र और जनपद बलिया के प्रतिष्ठित विद्यालय सनबीम स्कूल के डायरेक्टर अरुण कुमार सिंह "गामाजी" ने बताया कि सरकारी दास्तावेजो में आज भी गंगौली के रूप में दर्ज यह गांव आज से करीब चार पांच साल पूर्व गंगा कटान में गंगा में समा गया ' यहाँ के लोग बंधे के निकट नये टोले केहरपुर या सुघर छपरा में आकर बस गए ' बड़ी खूबसूरत बात यह है कि ये लोग अब भी अपने नये पते को गंगौली सुघर छपरा के रूप में बोलते हैं ' यानि उनका गंगौली आज भी उनके साथ जुडा है ' इस विषय में मैंने और भी जानकारी जुटाई ' जिसके क्रम में मैं अपने आध्यात्मिक गुरूजी दिवाकर तिवारी जी "श्रीनगर" नजदीक दलछपरा से बात की एवं चितरंजन राय, बिहार से बात की ' मुझे सभी लोगों के एक जैसे ही बयान लगे ' मेरी उत्सुकता अब आगे कों बढ़ रही थी, क्योंकि मुझे आदरणीय रामदेव धुरंधर जी के परदादा स्व. धुरंधर जी के जन्मस्थान की पूरी खोज और पड़ताल करनी थी ' उनके इस गांव की खोज का मतलब मेरा एक अलग साहित्यिक प्रयोग भी था कि कैसे एक नवोदित साहित्यकार अपनी लगन और निष्ठा के दम के दम पर एक ऐसे साहित्यकार के गांव को ढूढ़ निकालने का अथक प्रयास करता है जिसके पूर्वज आज से दो सौ बर्ष पूर्व अपनी जन्मभूमि भारत से गिरमिटिया मजदूरों के रूप में देश से हजारों मिल दूर समुद्री टापूओ के देश में गए थे ' आज जब मैं एक पारिवारिक कार्यक्रम के सिलसिले में मैं बलिया आ गया था ' यह कार्यक्रम मेरे लिये दारूणिक था, क्योंकि मेरे अग्रज अब नही रहे लेकिन यह भी सत्य है कि विधि के विधान को कोई टाल भी तो नही सकता है,फिर भी इस पीड़ा के मध्य मैंने अपने इस




मारीशस के साहित्यकार धुरंधर

मिशन पर भी अपना ध्यान केंद्रित किया ' आज मैंने सुबह सुबह रामदेव जी से बात भी कि ' मैंने उनसे कुछ फोटो ग्राफ एवं उन पुराने सरकारी दास्तावेजों मांगे, जो उनके दादा जी के मारीशस जाने के वक्त के थे ' धुरंधर जी के मन में भी उत्सुकता थी ' किसे उत्सुकता नही होती है, अपनी मातृभूमि के विषय में जानने और देखने की ' यह तो उनके पूर्वजों की उस मिट्टी की खोज की बात थी जिन्हें उनके दादा ने दो सौ बर्ष पूर्व छोड़ा था ' जिस दस्तावेज की फोटो धुरंधर जी ने मुझे भेजा, वह दस्तावेज महात्मा गांधी ईंस्टिट्यूट मोका मारीशस की लाइब्रेरी से जारी ऑफि-सियल डाक्योमेंट था ' जिसमे धुरंधर जी के दादा जी श्री धुरंधर का डिटेल था ' श्री रामदेव धुरंधर के परदादा धुरंधर जी जब पहली बार मारीशस पहुचे थे तोवह तिथि थी 02-02-1858, मैं इस डाक्योमेंट की एक एक पंक्तियाँ बड़े ही ध्यान से पढ रहा था ' मेरी उत्सुकता एड्रेस को लेकर ज्यादा ही थी ' इस डाक्योमेंट में जो अड्रेस दर्ज था, वह कुछ इस प्रकार था।

अब मुझे रामदेव धुरंधर जी के परदादा जी के मूल गांव का पूरा पता मिल गया था ' मैंने फिर अपने मित्र अरुण कुमार सिंह "गामा सिंह " से संपर्क किया ' मुझे गंगोली के प्रधान जी के पुत्र सोनू सिंह का फोन नंबर मिल गया था ' मैंने सारी बातें सोनू सिंह को भी बता दी ' गंगोली जाने और वहां के प्रधान जी ( विजेंद्र सिंह ) से मिलने का पूरा कार्यक्रम तैयार हो चुका था ' मुझे अब नींद नही आ रही थी ' बस कल सुबह मेरे मन में गंगोली पहुंचने की उत्सुकता उछाल मार रही थी ' वैसे तो मैं अनेकों बार इस रूट से बैरिया, सोनवर्षा एवं मुरली छपरा आदि स्थानों पर गया हूँ, लेकिन इस उद्देश्य से मेरी यह प्रथम एवं खास यात्रा होने वाली थी ' समीपवर्ती गांव गोपालपुर के रहने वाले ब्राह्मण युवक श्री अनुराग चतुर्वेदी जी अपनी इस अनोखी एवं उत्सुकता भरी यात्रा पर निकल चुके थे ' बहुत कुछ चर्चा के बाद हम दोनों दलपत पुर, दया छपरा होते हुए गंगौली की ट्रुर चल दिए ' रामगढ़ बंधे पर पहुंचते ही हमने बंधे से उस स्थान का विशेष जायजा लिया, जिसके तीर पर गंगौली अवस्थित है ' हमारी नजरों के सामने गंगा का विशाल पाट था ' बंधे के पास बाढ़ की कटान को रोकने के लिये बड़े बड़े पत्थरों से बोल्डर के साथ ठोंकर बनाए गए थे ' गंगा के रौद्र रूप का यहाँ आपको दर्शन इस लिये होगा कि इस इलाके में गंगा ने शुरू से ही भारी कटान करती रही हैं ' जनपद बलिया का यह भूभाग जिसे द्वाबा (गंगा ट्रुर घाघरा के मध्य का भाग ) कहते हैं, ' पूर्व से ही यह क्षेत्र बाढ़ से ग्रसित क्षेत्र रहा है, जिसके कारण इनके गावों का अस्तित्व को समाप्त होता रहा है, लेकिन यहाँ के लोग इस तबाही से कभी हार नही माने और बाढ़ के जाने के बाद ये पुनः छप्पर डाल कर नये सिरे से एक गांव की बस्ती बसा लेते थे ' इसी कारण इन गावों नामकरण दूबे छपरा, दल छपरा, गोनीह्या छपरा, दया छपरा आदि छपरा नामों से होता रहा है ' कुछ गांव गंगा के बीच बड़े ऊँचाई पर बसे थे, जिसमे कालान्तर में लोगो ने अपने आलीशान एवं पक्के मकान भी बनाकर रहने लगे ' लेकिन तब भी द्वाबा के कुछ गांव जो बंधे के उस पार बड़ी ऊँचाई पर बसे थे, वे अपने अस्तित्व के साथ खड़े थे ' उन गावों में ही रामदेव धुरंधर जी का गाँव गंगौली, केहरपुर, श्रीनगर, सुघर छपरा आदि रहे ' लेकिन गंगा के इस कटान ने अंततोगात्वा इन गावों को भी नही छोड़ा ' जैसा कि हमें बताया गया कि शायद वर्ष 2011 की रौद्र बाढ़ में गंगौली और 2013 में केहरपुर ये दोनों गांव बाढ़ की कटान में गंगा में समा गए, लेकिन इस माटी के लोगों ने न ही गंगा से नाता छोड़ा न ही अपना गांव छोड़ा ' कहते हैं कि गंगा काटते आयी, और गांव बसता रहा ' कई बार गंगौली भी बसा, लेकिन यहाँ के बसिंदे अपने इसी गांव के नाम के अस्तित्व साथ एक जुट बने रहे ' आज भी इसी नाम से यह ग्राम पंचायत राजस्व अभिलेख और ग्राम सभा के रूप में मौजूद है, जो बंधे के दूसरी तरफ बसा हुआ है ' इस बंधे के ऊपर ही बलिया - बैरिया राजमार्ग बना हुआ है ' इस गांव के प्रधान श्री बिजेंद्र सिंह जी से हमें मिलना था लेकिन उनसे मुलाकात नही हुई ' इसी गांव सभा के एक युवक की गंगा में डूबने से मौत हो गयी थी ' जिसके पोस्टमार्टम आदि के सिलसिले में उन्हें जिला मुख्यालय बलिया जाना पड़ गया था ' खैर हमारी लम्बी बात गंगौली ग्राम सभा के सुरेंद्र सिंह जी से और केहर पुर के श्री अवधेश कुमार ओझा जी से हुई ' जब इन लोगों को इस बात की जानकारी हुई कि प्राख्यात साहित्यकार श्री रामदेव धुरंधर जी का भी गांव गंगौली है तो वे खुशी से गदगद हो उठे ' जब साहित्य की बात चली तो डा. हजारी प्रसाद द्विवेदी जी का जिक्र आया ' ओझा जी बताते हैं कि उन्होंने द्विवेदी जी की चार किताबें पढ़ी हैं ' उनके पास ये पुस्तकें थीं लेकिन यह बताते बताते काफी दुःखी हो गए कि ये सारी पुस्तकें भी कटान के दौरान गंगा जी में समा गयी ' जब मैं अपने मोबाइल फोन से श्री रामदेव धुरंधर जी का एक इंटरव्यू जो अभी अभी उनके मारीशस स्थित घर में हुआ था उसे अपने मोबाइल में दिखा रहा था तो ये सभी बड़ी उत्सुकता से इस पूरे इंटरव्यू के एपिसोड को देख रहे थे ।इसी गांव के एक और नागरिक एवं इलाके के प्रतिष्ठित पत्रकार श्री अनिल कुमार सिंह से इस विषय पर लम्बी बात हुई ' उन्होंने ढेर सारी जानकारियों से हमें अवगत कराया ' इसके अलावा जो सबसे बड़ी बात निकल कर आयी वह यह रही कि बलिया में जन्मे हिंदी साहित्य के अधिकांश मूर्धन्य हस्तियों का गांव गंगा के किनारे ही रहा है ' जैसे आचार्य डा. हजारी प्रसाद द्विवेदी जी का गांव ओझवालिया, डा. केदार नाथ सिंह जी का गांव चकिया, गंगा के किनारे बसा है तो वहीं हिंदी साहित्य के दूसरे विद्वान् एवं महान साहित्यकार आचार्य परशुराम चतुर्वेदी का गंगा पार जावहि दियर है ' वही मारीशस में जन्मे हिंदी के विद्वान् एवं साहित्यकार श्री रामदेव धुरंधर के पूर्वजों का गाँव गंगौली भी गंगा के तीर पर ही बसा है, यह भी एक सुखद संयोग ही है '

ये सारे तथ्य इस बात की पुष्टि करने के लिये काफी हैं कि पतित पावनि गंगा ना सिर्फ अपनी औषधीय गुण एवं मृदा उर्वरा के लिये जानी जाती हैं बल्कि इनकी पावन धारा से साहित्य गंगा की भी धार भी निकली हैं, जिन्होंने अनेकों साहित्य पुत्रों को जन्म दिया है '



**राजेश कुमार सिंह "श्रेयस"**
**लखनऊ /बलिया**

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# स्वामी विवेकानंद की 160 वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई।

## स्वामी विवेकानंद का कथन, उठो, जागो और तब तक मत रुको ,जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए युवाओं के लिए प्रासंगिक

**दैनिक समाज जागरण**
**विश्वनाथ आनंद**

गया( बिहार) 12 जनवरी 2023-कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में स्थानीय चौक स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में स्वामी विवेकानंद की 160 वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई।सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद की चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात उनके व्यक्तित्व एवम् कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया 'कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू ने किया तथा संचालन कांग्रेस सेवादल के जिला संगठक टिंकू गिरी ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का कथन उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए आज भी युवाओं के लिए शत- प्रतिशत प्रासंगिक है।नेताओ ने आगे कहा कि



देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री रहे स्व0 राजीव गांधी ने सन 1984 में इनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मानने की घोषणा किए थे, तब से ही प्रतिवर्ष आज के दिन देशभर में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है।नेताओ ने आगे कहा कि आज देश की सत्ता में बैठे लोग चाटुकारिता की प्रकाष्ठा करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के बचपन का नाम नरेंद्र नाथ की तुलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से करने में मशगूल है, तो कुछ तो इनके साथ समय बिताने की भी कोरा झूठ बोल रहे है।नेताओ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आज हम कांग्रेसजन इनके चरणों को नमन कर इनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प दोहराते हैं।कार्यक्रम को गया जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, मो असरफ इमाम, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र मांझी, उदय शंकर पालित, बाल्मिकी प्रसाद, जितेंद्र यादव, विनोद उपाध्याय, सुजीत कुमार गुप्ता, राजेश अग्रवाल आदि ने संबोधित किया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर टेकारी के प्रबुद्ध जनों ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए किया प्रेरित- हिमांशु शेखर

**दैनिक समाज जागरण**
**विश्वनाथ आनंद**

गया ( बिहार )- 12 जनवरी 2023 -राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर टिकारी के प्रबुद्धजनों ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया है। टिकारी के साहित्यकार व आलेखकार हिमांशु शेखर ने कहा है कि, भारत ऋषि-मुनियों और विद्वानों का देश रहा है। भारत माता के असंख्य संतानों में स्वामी विवेकानंद एक ऐसे राष्ट्र रत्न रहे हैं, जिनके आदर्श देश-विदेश की वसुंधरा पर आज भी ख्याति के ध्वज फहरा रहे हैं।देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण और जनसेवा की दिशा में प्रोत्साहित करने, एकजुट करने, प्रेरित करने और सक्रिय रखने के लिए स्वामी विवेकानंद की जयंती (12 जनवरी ) को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद युवाओं में शारीरिक शक्ति और समाज सेवा का भाव होने के साथ-साथ बौद्धिक संसाधन पर भी बल दिया ताकि युवा



वर्ग दुनिया को भलीभांति समझ सके। अमेरिका के शिकागों में धर्म सभा मे अपने संबोधन से पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया एवं भारतीय संस्कृति से परिचय कराया। उन्होंने आगे कहा कि जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था, उस दौर में भी स्वामी विवेकानंद ने देश वासियों को विश्वगुरु बनने का सपना दिखलाया था,जो आज भी अधूरा है। उन्होंने गुलामी को सबसे बड़ा अभिशाप बतलाया था। उनका यह संकल्प था कि, भगवान की सेवा से पहले पीड़ित मनुष्यों की सेवा करनी चाहिए। युवाओं में असीम ऊर्जा होती है। परिवार, समाज और सरकार का दायित्व है कि, युवाओं का सही मार्गदर्शन करें एवं उनकी ऊर्जा का सदुपयोग करें। उन्होंने सभी युवाओं को एक लक्ष्य निर्धारित करने का सलाह दिया। लक्ष्य के बिना जीवन शिथिल पड़ जाता है। लक्ष्य हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।स्वामी जी का मात्र 39 वर्ष का जीवन समस्त युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा स्त्रोत बना रहेगा।

# प्रचंड ठंढ़ व घने कोहरे से एनएच पर वाहनों की रफ्तार थमी।

## मकर राशि में सूर्य 14 एवं 15 जनवरी की रात 3 बजकर 2 मिनट पर प्रवेश करेंगे ,15 जनवरी को मनाई जाएगी मकर संक्रांति।

**समाज जागरण ,सत्य प्रकाश नारायण /जिला संवाददाता**
**धनंजय कुमार विधि संवाददाता।**

औरंगाबाद (बिहार )12 जनवरी 2023 :- दिन में थोड़ी धूप निकलने से ठंड से राहत का अहसास किया गया था। मौसम साफ होते देख जिला प्रशासन द्वारा स्कूल व शिक्षण संस्थाएं भी खोल दिए गए। लेकिन मंगलवार को एकाएक ठंड बढ़ने से लोगों की परेशानियां बढ़ गई । कुहासा गिरने के कारण सड़क दिखाई नहीं पड़ने लगा ,दुर्घटना की प्रबल संभावना बनी रही। शाम होते ही सड़क पर सन्नाटा छा गया । वही घने कोहरे से एनएच पर वाहनों की रफ्तार बहुत ही कम रही है। वाहनों के परिचालन में कोहरे के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वातावरण का तापमान ही गिरा है जिसके चलते कपकपी का आलम पूरे दिन रहा।

हसपुरा प्रखंड के मल्हारा पंचायत के बेला गांव वार्ड संख्या 11 के वार्ड सदस्य 45 वर्षीय रामकेवल पासवान की ठंड लगने से इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी रेणु देवी दहाड़ मार कर रोने लगी और चिल्लाने लगी। घर में शोर सुनकर सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हो गए।

**ठंड के कारण शहर में रिक्शा टेंपो का परिचालन ना के बराबर रहा।**

मौसम विभाग के द्वारा एलो अलर्ट जारी किया गया है और लोगों को जरुरत पर घर से निकलने की सलाह दी.गई है । 14 एवं 15 की रात





3बजकर 2 मिनट पर मकर राशि में सूर्य प्रवेश करगे. इसके 20 से 40 घड़ी आगे मध्यकाल होगा अधिकांश लोगों के द्वारा 15 को अपराहन तक मकर संक्रांति मनाया जाएगा। खरमास की समाप्ति होगी और मांगलिक कार्य.15 का शुभारंभ होगा।

**त्यौहार केआवागमन को ले सनातन धर्मावलंबियों ने खासा उत्साह देखने को मिला।**

पुरान व ग्रंथों के अनुसार भागीरथ मुनि ने आपने तप से गंगा जी को धरती पर लाया था यही कारण है कि गंगा जी, तीर्थ नदियां एवं पवित्र जलाशयों में आज के दिन स्नान की महिमा बताई जाती है ।

महाभारत काल में भीष्म पितामह ने सूर्य को उत्तरायण की प्रतीक्षा में सरसैया (बाणों को शय्या) पर पड़े रहे और सूर्य के उत्तरायण होने पर शरीर का त्याग किया था।

मकर संक्रांति पूरे भारत वर्ष के अतिरिक्त नेपाल में भी मनाई जाती है । इस त्यौहार को असम में बिहू, गुजरात में उतरायन , तमिलनाडु पोंगल में पंजाब एवं जम्मू में लोहड़ी और बिहार उत्तर प्रदेश में खिचड़ी व मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है। इस दिन खरमास की समाप्ति होती है जिसके पश्चात विवाह ,गृह प्रवेश, भवन क्रय-विक्रय ,मुन्नादी जैसे मांगलिक कार्य का शुभारंभ हो जाता है।

बाजारों में चूड़ा तिलकुट के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। शास्त्रों में भी बताया गया है कि इस दिन शनि के प्रिय वस्तुओं को दान से सूर्य देव की असीम कृपा प्राप्त होती है ।.वैदिक दृष्टिकोण से इस त्यौहार के अवसर पर तिल चूड़ा गुड़ खाने और.दान देनै का विशेष महत्व है।

# आवासीय विवेकानंद पब्लिक स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण , विजय कुमार सिंह , संवाददाता कुटुंबा प्रखंड औरंगाबाद ( बिहार )**

आवासीय विवेकानंद पब्लिक स्कूल नबीनगर रोड़ चिल्हकी मोड़ अंबा में गुरुवार को वेदांत के प्रख्यात अध्यात्मिक गुरु विवेकानंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक अशोक कुमार तथा संचालन लालचंद गुप्ता के द्वारा की गई। अशोक कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का वास्तविक नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। उनका जन्म कलकत्ता के बंगाली कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस थे। वे अपने गुरु के विचारों से काफी प्रभावित थें। उनका मानना था कि सारे जीवों में परमात्मा का ही अस्तित्व है। इसलिए जरूरतमंदों की सेवा कर परमात्मा की भी सेवा की जा सकती है। अपने गुरु की मृत्यु के बाद स्वामी विवेकानंद ने भारतीय उपमहाद्वीप की यात्रा की और तत्कालीन स्थितियों के प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त किया। संयुक्त राज्य अमेरिका



में आयोजित विश्व धर्म संसद में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अमेरिका यूरोप इंग्लैंड में हिंदू दर्शन के सिद्धांतों का प्रसार किया। भारत में विवेकानंद को देशभक्त सन्यासी के रूप में माना जाता है और उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान विद्यालय में विवेकानंद के जीवनी पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें हर वर्ग के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्याथीर्यों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें वर्ग नौ की सन्नू प्रिया वर्ग आठ की सुमन कुमारी वर्ग सात से अंबुज अनमोल वर्ग छः से विवेक कुमार वर्ग पांच से सूरज कुमार वर्ग चतुर्थी से अमित कुमार वर्ग तृतीय से सचिन कुमार वर्ग द्वितीय से अंकुश कुमार वर्ग प्रथम से आदर्श कुमार को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इस दौरान राकेश सिंह, जयबिंद प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, अजय कुमार, सिकंदर कुमार, रानी कुमारी, सुधा कुमारी, प्रीति कुमारी, इंदु देवी इत्यादि उपस्थित थे।

# सीएचसी में दस महिलाओं का ऑपरेशन

**समाज जागरण संवाददाता**

पकरीबरावां( नवादा)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में गुरुवार को परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत दस महिलाओं का ऑपरेशन किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दस महिलाओं का ऑपरेशन किया गया। उन्होंने कहा कि आशा एवं एएनएम को परिवार कल्याण कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए निर्देश दिए गये हैं।

# 7 सूत्री मांगो को लेकर किसान नेताओं ने गया के गांधी मैदान में पंचायत लगाया।

**समाज जागरण, नवीन कुमार उपाध्याय जिला संवाददाता,**

गया (बिहार) 12 जनवरी 2023:- गया जिले के गांधी मैदान में किसान संघर्ष समिती गया के तत्वावधान में धारणा व प्रदर्शन को किया गया और वक्सर के चौसा मे पुलिस द्वारा किसान परिवार के साथ मारपीट की घटनाओं पर निदा प्रस्ताव को पारित करते हुए प्रदर्शन के माध्यम से रोष व्यक्त किया है। प्रदर्शनकारी किसान नेताओं एवं किसानों ने कहां,कल हमलोग सरकार का पुतला दहन पटना मे करेगे। किसानो के साथ ऐसी घटना अभद्रता पुर्ण रैवया है जिसे किसान बर्दाशत नहीं करेगे करेंगे। निन्दा व्यक्त करने के साथ ही आज का एक दिवसीय पंचायत का कार्यक्रम की शुरुआत किया गया , किसानो की समस्या प्रशासनिक स्तर पर दिन प्रतिदिन जटिल बनते जा रहा है और राजस्व कर्मचारी द्वारा दाखिल खारिज ,डिमांड अलग करने तथा ऑनलाइन आवेदन करने के नाम पर मनमानी ढंग से किसानों से रूपयो का मांग किया जाताहै। जिसे किसान देने मे असमर्थ है ।

मुंह मांगी रिश्वत राशि नहीं देने के कारण किसानो को सरकारी योजना का लाभ से वंचित रखा जाता है और न के बराबर सरकार प्रायोजित योजनाओं का लाभ दिया जाता है। प्रदर्शनकारियों ने समाचार पत्रों के माध्यम से गया जिले के जिलाधिकारी एवं बिहार सरकार से माँग किया है कि कर्मचारियों की मनमानी पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए तथा नजायज रिश्वत की वसूली में जुड़े कर्मचारियों को बर्खास्त करते हुए दूसरे लोगों को जनता की सेवा का मौका दिया जाए, ताकि राजस्व कर्मचारी रूपया वसुलना वंद करें। धरनार्थियों नें जिलाधिकारी गया से मांग किया



है बैंक के अधिकारियों को सरकार के आदेश व दिशा निर्देश को अनुपालन करने का निर्देश दिया जाए और बैंक कर्मियों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिया जाए बैंक द्वारा किसानो को कर्ज जमा करने के नाम पर बैंक कर्मी किसानों को परेशान करना बंद करें।

संगठन अध्यक्ष मन्जय कुमार ने कहा है कि अगर एक भी किसान वैक के परेशानी के वजह से आत्म हत्या करेगे तो संगठन उनके परिवार से वैक मैनेजर पर 302 की मुकदमा करवाएंगे। संगठन के लोग लगातार सरकार से किसानों का कर्ज माफी का मांग कर रहे हैं और संघर्ष करते आ रहे है ।

किसान संघर्ष समिति 2016 से किसानों की मुद्दों एव मांगों के समर्थन में संघर्ष कर रहा है फिर भी लाचार किसानों का बैंक की कर्जा आज तक माफ नही हुआ और उल्टी वैंक वाले कर्मचारी किसान को कर्ज वसुली का दबाव वना रहे है ।जिससे कई किसान आत्म हत्या भी कर चुके है ।

किसान मजदूर को केन्द्र और राज्य सरकार मुर्ख वनाने का काम करते आ रहे है और बिहार -सरकार तो सब से ज्यादा किसानो मजदूरो को मूर्ख बनाने का काम क्या है।

शोशील मोदी जव विपक्ष मे था तो उसने कहा की सरकार मे आयेगे तो ,किसानो का कर्ज माफ कर देगे आकर चला भी गया ,लेकिन किसानों का कर्ज माफ नही किया, उसी प्रकार विपक्ष मे तेजस्वी यादव ने चुनाव मे घोषणा किया कि हमारी सरकार आयेगा तो किसानो का कर्ज माफ कर देगे, लेकीन तीन माह से अधिक होने के वाबजूद किसानो के कर्ज पर एक शब्द भी नही वोला है। वही नीतीश कुमार जी आये है तब से यानी 2006से किसानो की सरकारी अनाज मंडी समाप्त कर दिया गया है।सभी सरकारो ने किसानो को 75 वर्षो मे निचोड़ने का काम किया है। कहने का मतलब है कि किसानो का अर्थव्यवस्था को समाप्त करने का पुरा साजिश है,यह साजिश सभी सरकारो ने रचा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सरकार ने कहा था कि किसानो का 2022 मे आय दुगना कर देगे ।लेकिन किसी भी किसान कि आय दुगना नही हुआ।और किसानो के मजाक उड़ाते हुए किसानों को चिढ़ाने के लिए 11लाख करोड रूपया करोवारीयो को माफ कर दिया ।लेकिन किसान की एक फूटी कौडी ऋण माफ नहीं हुआ नहीं किया , किसानो के फसल का समर्थन मूल्य अन्य राज्यो मे दिया जाता लेकिन बिहार मे फैक्स के माध्यम से अनाज की खरीदारी के कारण विचैलिये की चांदी कट रही है।

किसान नेताओं ने राज्य व केंद्र सरकार से मांग किया है कि किसानो के फसल का लागत मूल्य देने के लिए कानून बनाए । सरकारी मंडी को फिर से चालू करे ।

जिले मे कृषी विधालय की जल्द स्थापना करे ताकि यहा के किसान के बच्चे तकनीकी तरिके से खेती कर सके ।

किसानों ने सरकार से कोयल नहर को जल्द चालु कराने की मांग किया है और सरकार का ध्यान कोयल नहर की ओर आकृष्ट कराते हुए कहा है कि कानों की खेतों में पानी देने के लिए सरकार 1980 से बात बनाते आ रही है । 43 वर्षों में भी कोयल नहर के कार्य पूरा नहीं हो सका बल्कि इसकी हालात और दयनीय हो गए हैं।

मोदी ने कहा था की 2019 तक कोयल नहर काम करने लगेगा लेकिन अभी तक नहर नहीं चालू हुआ है, किसान लगातार संघर्ष कर रहे है और जवतक कोयल नाहर के पानी किसानो के खेतों तक नहीं पहुंचना चालू हो जाता है तब तक किसान संघर्ष जारी रहेगा।

उपरोक्त सभी मुद्दों पर बात रखने के लिए पंचायत रखा गया है ।वैठक मे जिलाध्यक्ष महेश कुमार दिपु , सिद्धार्थ कुमार सहित संगठन अध्यक्ष मन्जय कुमार उपाध्यक्ष जयन्त कुमार पप्पू, रणधीर कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित हैं।

# भाजपा नगर इकाई टेकारी के तत्वधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर निर्धन, विधवा, गरीब एवं असहायो बीच किया गया कंबल वितरण- श्रीमती सिंधु जैन

**दैनिक समाज जागरण**
**विश्वनाथ आनंद**

गया( बिहार)- 12 जनवरी 2023 -भाजपा नगर इकाई टेकारी के कार्यकताओं एवं समर्थकों ने स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर ठंड के प्रकोप से बचने के लिए गरीबों ,असहायो, एवं दिव्यांग जनों के बीच कंबल वितरण किया ' उक्त बातों की जानकारी टेकारी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सिंधु जैन प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहीं ' उन्होंने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा है कि भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई के समर्पित कार्यकताओं द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती के अवसर पर इस कड़कड़ाती ठंड के देखते हुए भाजपा के सम्मानित कार्यकर्त्ता, बूथ अध्यक्ष द्वारा गरीब, निर्धन, विधवा, असहाय, दिब्यांग जनों के बीच बूथ वार कंबल का वितरण किया गया।कार्यक्रम की आगाज देश राष्ट्र गान से किया गया। वही मां भारती, स्वामी विवेकानन्द जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की तैलीय चित्र पर माल्यार्पण सहित दीप प्रज्वलित वरीय भाजपा कार्यकर्त्ता द्वारा संयुक्त रूप से की गई। उन्होंने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि भाजपा के वरीय पदाधिकारी द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी के व्यक्तित्व



व कृतित्व पर बारीकी रूप से चर्चा किया गया। इस दौरान भाजपा संगठन की मजबूती व आगामी एमएलसी चुनाव, 2024में संसदीय चुनाव, 2025में विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने को लेकर पर चर्चा करते हुए बल दिया गया।नवनिर्वाचित नगर परिषद उपसभापति सागर दीवान सहित प्रेस को अंग वस्त्र से सम्मानित मंच द्वारा किया गया।इस बीच कार्यकर्ता में वरीय कार्यकर्ता महावीर प्रसाद जैन, पूर्व नगर भाजपा अध्यक्ष गणेश प्रसाद, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय गुप्ता, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष सिंधु जैन, प्रभात चंद्र गुप्ता, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री शशि प्रियदर्शी, जिला मंत्री किसान मोर्चा शिवबल्लभ मिश्र, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष माया सिंह, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष गणेश कुमार, मंडल उपाध्यक्ष उतरी आशुतोष मिश्र,युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सह पार्षद रंजीत कुमार, किसान मोर्चा अध्यक्ष दक्षिणी कृष्णा सिंह, नगर उपाध्यक्ष मुकेश जैन, पवन कुमार, अर्जून सिंह, राजकुमार पासवान , किशोर रावत, रामाशंकर रावत, शोभा देवी सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता महावीर प्रसाद जैन संचालन जिला मंत्री किसान मोर्चा शिवबल्लभ मिश्र ने किया वही धन्यवाद ज्ञापन नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सिंधु जैन ने किया।

# एक साथ तीन घरों में लाखों की हुई चोरी, गांव में दहशत

**समाज जागरण, सुखेन्द्र कुमार संवाददाता गोह प्रखंड**

औरंगाबाद(बिहार) उपहारा थाना क्षेत्र के सहदानी गांव में बुधवार की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा एक साथ तीन घरों पर धावा बोलकर लाखों रुपए के जेवरात सहित नगदी चुरा ले गया।पीड़ित गृह स्वामी द्वारा थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित का पुत्र सुड्डू कुमार ने बताया कि सबसे प्रथम शिवकुमार ठाकुर के घर मे प्रवेश कर दो हजार रुपये की चोरी की, इसके बाद उसी की छत के सहारे बैजू यादव



के घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने कमरे में रखा बड़ा गोदरेज से सोने, चांदी के जेवरात सहित कुछ नगदी रुपये चुराकर। उसी समय मात्र 100 मीटर की दूरी पर रामजीवन यादव के घर के बाहरी खिड़की का सहारा लेकर घर के अंदर प्रवेश कर गया और घर के एक कमरा के बक्से से 2 हजार नगदी रुपये चुरा कर फरार गया। चोरों ने तीनों घरों में सफलतापूर्वक घटना को अंजाम देकर फरार हो गया. पीड़ित ने कहा कि सुबह जागने के बाद देखा कि घर में सामान जहां-तहां बिखरा पड़ा है और सभी कीमती सामान कि चोरी कर ली गई। तीन घरों में एक साथ चोरी की घटना होने की खबर सुन गांव के लोगो का घटनास्थल पर जमावड़ा लग गया। वहीं सूचना पर पहुँची उपहारा पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है।

# सिलाड खुर्द गांव में ग्रामीणों के चंदा से गोवर्धन पहाड़ का भव्य निर्माण कार्य पुनः हुआ शुरू

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता**

औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड के सरगांवा पंचायत के सिलाड़ खुर्द गांव में ग्रामीणों के चंदा से गोवर्धन पर्वत का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बीते वर्ष गोवर्धन पर्वत का अर्ध निर्माण कर छोड़ दिया थ। पुनः इस वर्ष गोवर्धन पर्वत को पूरा करने के लिए ग्रामीणों ने हर्षोल्लास के साथ कार्य प्रारंभ कर दिया है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि



गोवर्धन पर्वत ग्रामीणों के सहयोग से सात लाख की लागत से तैयार किया जा रहा है।बताया जाता है की जब यह गोवर्धन पर्वत बनकर तैयार होगा तो औरंगाबाद जिले में इस पर्वत की एक अलग पहचान होगी। इस पर्वत पर कृष्ण भगवान की विशेष कलाकृति की आकर्षक मूर्ति को लगाया जाएगा। पिछले वर्ष गोवर्द्धन पर्वत को बनाने के लिए ग्रामीणों ने निर्णय लिया था और चंदा इकट्ठा कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया था। बारिश के मौसम में निर्माण कार्य बंद कर दिया गया था लेकिन अब पुनः ग्रामीणों ने कार्य को प्रारंभ कर दिया है। निर्माण कार्य प्रारंभ होने से गांव के ग्रामीणों में अब अलग प्रकार की खुशी देखी जा रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों के साथ विधि सेवा प्राधिकार के सचिव की बैठक।

**समाज जागरण ,अनिल कुमार मिश्र, प्रभारी मगध प्रमंडल.सह ब्यूरो चीफ औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद (बिहार ) 12 जनवरी 2023 :- जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, प्रणव शंकर द्वारा अपने प्रकोष्ठ में आगामी 11 फरवरी 2023 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों के साथ आज.एक बैठक किया गया, जिसमें अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री सौरभ सिंह न्यायिक दण्डाधिकारी अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी , प्रथम श्रेणी नेहा दयाल, श्री सुदीप पाण्डेय, शाद रज्जाक, सुश्री नेहा, तथा कणिका शर्मा उपस्थित थे। सचिव द्वारा न्यायिक पदाधिकारियों से अपने न्यायालय से सम्बन्धित सुलहनीय चिन्हित वादों की अद्यतन स्थिति तथा उसके पक्षकारों के नोटिस प्रकिया की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई



तथा चिन्हित वादों की अद्यतन सूची को यथाशीघ्र प्राधिकार को उपलब्ध करवाने तथा लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन हेतु कई दिशा निर्देश दिया गया। सचिव ने बैठक में सभी न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जितने भी वाद चिन्हित किये जायें, उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रेषित करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि उक्त वाद को ऑनलाइन पोर्टल उक्त पर अपलोड हो जाये। ताकि समयानुसार सम्बन्धित पक्षकारों से प्रि-काउन्सलिंग कर ज्यादा-से ज्यादा वादों का निष्पादन कराया जा सके। और चिन्हित वादों की अद्यतन स्थिति से सभी अवगत रहें। साथ ही सचिव ने सभी चिन्हित वादों के पक्षकारों के साथ प्रि कॉउंसलिंग प्रक्रिया करने हेतु निर्देश दिया गया ताकि लोक अदालत के लाभ से अधिक से अधिक लोग जागरूक हो कर अपने वादों का निस्तारण करवायें।

# अतिरिक्त उपस्वास्थ केन्द्र में भवन निर्माण करवाने की मांग , डीएम को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता**

औरंगाबाद। देव प्रखंड के दुलारे पंचायत में अतिरिक्त उप स्वास्थ केन्द्र के लिए भवन निर्माण की मांग की गई है। इस संबध में उक्त पंचायत के मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष विजेंद्र कुमार सिंह ने डीएम सौरभ जोरवाल को ज्ञापन सौंपा है जिसमें मुखिया ने बताया कि पूर्व में निर्मित अतिरिक्त उप स्वास्थ केन्द्र का सुविधा जनक भवन नहीं होने के कारण मरीजों को समस्या उठानी पड़ती हैं, यह काफी सघन ग्रामीण इलाका है। हालांकि यहां स्वास्थ्य कर्मियों



की भी अक्सर लापरवाही देखी जाती हैं, स्वास्थ्य कर्मि केंद्र कभी आते हैं, तो कभी गायब रहते हैं।

लिहाजा इलाके के ग्रामीणों को 25 से 30 किलोमीटर दूरी तय कर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय जाने को विवश होना पड़ता हैं, जिसमें आर्थिकता की अभाव में कई ऐसे लोग हैं, जो जिला चिकित्सालय नहीं पहुंच पाते हैं। हालांकि यदि यहां भवन निर्माण और चिकित्सकों की नियमितता हो तो उनकी इलाज में सहूलियत होगी। वहीं कई बीमारियों का स्थानीय स्तर पर समुचित इलाज हो पाएगा। इधर मामले में ज़िला पदाधिकारी ने मुखिया को भवन निर्माण एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए आश्वसन दिया है,

# स्वामी विवेकानंद की 160 वी जयंती के उपलक्ष पर शहर के राज नारायण सिंह पार्क में संगोष्ठी सभा एवं दीप उत्सव कार्यक्रम का आयोजन नेशनल एंटी करप्शन ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया के.तत्वावधान में किया गया।

**दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र प्रभारी मगध प्रमंडल सह ब्यूरो चीफ औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद (बिहार) 12जनवरी 2023:- नेशनल एंटी करप्शन ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद की 160 वी जयंती के उपलक्ष पर शहर के राज नारायण सिंह पार्क में संगोष्ठी सभा एवं दीप उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी लोगों ने विवेकानंद के तैल चित्र के ऊपर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनकी कृतियों को स्मरण किया, महान विभूति के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नेशनल एंटी करप्शन के





बिहार प्रदेश प्रभारी आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कार, संस्कृति को भारत के गुलामी काल में भी शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में अपने प्रखर व ओजस्वी वचनों से भारत की पहचान स्थापित की थी। आज हर युवा वर्ग को विवेकानंद के कृत्यों को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है ,तभी एक अच्छे राष्ट्र की निर्माण का कल्पना की जा सकती है, ऐसे महान विभूतियों के बारे में हर युवा वर्ग को उनके इतिहास को जानने की जरूरत है।

अधिवक्ता सतीश स्नेही ने कहा हमें अगर जीवन में उच्च लक्ष्यों पर पहुंचना है, तो विवेकानंद के बताए कठिन मार्गों पर चलना होगा, एवं उनकी जीवनशैली को अपने जीवन में उतारने होगा। महाराणा प्रताप सेवा समिति के पूर्व सचिव अनिल कुमार ने कहा कि छोटी उम्र से ही स्वामी विवेकानंद को अध्यात्म में रुचि हो गई थी। पढ़ाई में अच्छे होने के बावजूद भी 25 साल की उम्र में उन्होंने अपने गुरु से प्रभावित होकर सांसारिक मोह माया त्याग दी और संन्यासी बन गए। संन्यास लेने के बाद उनका नाम विवेकानंद पड़ा।

स्वामी विवेकानंद ने 1897 में कोलकाता में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी। वहीं 1898 में गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना भी की थी। इस मौके पर ओम प्रकाश ,निखिल सिंह रणबीर सिंह ,विक्रांत मुखिया राहुल सिंह ,अमन कुमार ,संतोष राणा अन्य कई लोग मौजूद थे।

# सीएचसी में दस महिलाओं का ऑपरेशन

**समाज जागरण संवाददाता पकरीबरावां( नवादा)।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में गुरुवार को परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत दस महिलाओं का ऑपरेशन किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दस महिलाओं का ऑपरेशन किया गया। उन्होंने कहा कि आशा एवं एएनएम को परिवार कल्याण कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

## प्रदेशस्तरीय सब-जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता हेतु जिला / मण्डल स्तर पर चयन

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : धीरेन्द्र कुमार पुरुषोत्तम, क्रीडा अधिकारी, बलिया ने बताया है कि खेल निदेशालय उ०प्र० लखनऊ के तत्वावधान में यू० पी० फुटबाल एसोसिएशन के समन्वय से प्रदेशस्तरीय सब-जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 19 से 26 जनवरी, 2023 तक डा० भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आजमगढ़ मण्डल की टीम का चयन किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत जनपदीय चयन / ट्रायल्स दिनांक 17 जनवरी, 2023 को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम, बलिया में प्रातः 10:00 बजे से किया जायेगा। एवं मण्डलीय चयन / ट्रायल्स दिनांक 18 जनवरी, 2023 को डा० भीम राव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में प्रातः 10:00 बजे से किया जायेगा। जिसमें खिलाड़ियों को पात्रता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र एवं पासपोर्ट फोटो लाना अनिवार्य है। उक्त चयन / ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले सब-जूनियर बालक फुटबाल खिलाड़ियों की आयु दिनांक 01.01.2008 से 31.12.2009 के मध्य होनी चाहिए। जिले के इच्छुक फुटबाल बालक वर्ग के खिलाड़ी इस चयन / ट्रायल में भाग ले सकते हैं। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी दिनांक 19 से 26 जनवरी, 2023 तक डा0 भीमराव स्पोर्टस स्टेडियम, मऊ में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्यालय दिवस में जिला खेल कार्यालय बलिया में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

## जनपद में 11 फरवरी को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी लोक अदालत की अध्यक्षता में व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, नरेन्द्र पाल राणा के संचालन में वृहस्पतिवार को बैठक हुई।

अपर जिलाधिकारी/नोडल अधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी बलिया की प्री-ट्रायल बैठक, राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 11.02.2023 को व्यापक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से की गयी। उक्त बैठक में दिनांक 11 फरवरी को आयोजित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु विचार विमर्श किया गया। हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी लोक अदालत, बलिया एवं अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, नरेन्द्र पाल राणा द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि उनके क्षेत्राधिकार से



सम्बन्धित राजस्व आदि वादों का सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक निस्तारण करा कर, राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने का सुझाव दिया गया तथा राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु न्यायालयों एवं जनपद बलिया के समस्त बैंको द्वारा अधिक-से-अधिक संख्या में नोटिस/सम्मनों को जारी किये गये है, जिसे अधिक से अधिक संख्या में तामिल कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण हो सके। तथा इसी क्रम में यह निर्देशित किया गया कि लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार, स्थानीय स्तर पर सहयोग प्राप्त करते हुये करें, तथा आम जनता को लोक अदालत के प्रति जागरूक करें। साथ-ही मामलें को यथासम्भव विधिक प्रावधानों के अधीन रहते हुये सुलह-समझौते एवं लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराने हेतु जनता को प्रेरित करें। बैठक में हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश सचिव, नरेन्द्र पाल राणा, एआर फारूकी डिप्टी कलेक्टर, एवं अशोक कुमार मिश्र सीओ सदर, उपस्थित रहे।

## अमरनाथ मिश्र पीजी कॉलेज में याद किए गए स्वामी विवेकानंद

अमित सिंह, समाज जागरण

रामगढ़ (बलिया) : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूबे छपरा, बलिया में स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई।

सर्वप्रथम सभी स्वयंसेवियों, छात्र और छात्राओं द्वारा ज्ञान देवी मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण किया इसके बाद स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तदुपरांत स्वतंत्रता सेनानी पंडित अमरनाथ मिश्र जी आदम कद प्रतिमा की सफाई कर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद एक गोष्ठी का आयोजन किया गया,जिसका शीर्षक था " स्वामी विवेकानंद जी का व्यक्तित्व और कृतित्व" । गोष्ठी में विषय प्रवर्तन और संचालन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय मिश्र ने स्वामी जी व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इन्होंने कहा कि कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। स्वामी जी पूर्व तथा पश्चिम वा विज्ञान तथा धर्म में अनुपम समन्वय करते हुए वेदांत के आदर्शों को विश्व फलक पर स्थापित किया। स्वामी जी का संबोधन पूरी मानव जाति के लिए था।भूगोल विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ भगवान जी चौबे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं के लिए आत्मनियंत्रण की बात की है। भूगोल विषय के ही डॉक्टर अजीत यादव ने कहा कि स्वामी जी युवाओं में विचलन रोककर



युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण में लगाना चाहते थे। समाज शास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सिद्धार्थ कुमार ने विद्यार्थियों को विनम्र रहते हुए ज्ञानार्जन करने की अपील की। हिंदी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अमित कुमार राय ने कहा की स्वामी विवेकानंद जी ने तीस वर्ष की आयु में ही शिकांगो में हिंदू धर्म और संस्कृति का परचम फहरा दिया। स्वयंसेवियों आर्यन मिश्र,राहुल पांडे, रविशंकर,विवेक सिंह,शक्ति सिंह तथा प्रियांशु यादव ने भी अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉक्टर गीता जी,डॉक्टर ऋषि विवेक धर ,डॉक्टर उमेश यादव, डा. इंद्रजीत चौधरी डॉक्टर परमानंद पांडेय, विजय यादव,रविंद्र ठाकुर तथा योगेंद्र शाह इत्यादि उपस्थित रहे।

## विद्युत पोल से टकराकर ई-रिक्शा से भिड़ी डीसीएम ट्रक, चालक घायल

नित्यानंद सिंह, समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राज मार्ग 31 पर स्थित सोनबरसा गांव से उत्तर तरफ तेज रफ्तार डीसीएम सड़क किनारे लगे बिजली खम्भे को तोड़ते हुए ई-रिक्शा को घसीट कर कुचल दिया। हादसे में ई-रिक्शा चालक सोनबरसा निवासी हरेन्द्र यादव (32) गम्भीर रूप से घायल हो गया।

ग्रामीणो ने बड़ी मशक्कत से ई रिक्शा काट कर हरेन्द्र यादव को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबरसा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहीं डीसीएम चालक डीसीएम छोड़कर फरार हो गया।

बृहस्पतिवार को तड़के एक दूध कम्पनी का दूध लादने के लिए डीसीएम चालक छपरा से बैरिया की तरफ आ रहा था। वहीं ई-रिक्शा चालक सोनबरसा से मिर्च लेकर



सरेमनपुर रेलवे स्टेशन जा रहा था। घने कोहरे के कारण डीसीएम सड़क किनारे लगाए गए खम्भे से टकराते हुए ई-रिक्शाको चपेट में लिया। इससे ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। वहीं चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। बिजली खम्भे से पहले टक्कर होने के कारण डीसीएम ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पर भारी भीड़ जमा हो गयी। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया है।

## तमंचा-कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

समाज जागरण

बलिया : सुनियोजित तरीके से क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहे दो बदमाशों को पुलिस ने बुधवार की देर रात राष्ट्रीय राज मार्ग 31 पर स्थित नौका टोला से पूरब जीन बाबा के मन्दिर के पास गिरफ्तार कर लिया। दोनों युवकों के पास 315 बोर के दो तमंचे तथा तीन जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पकड़े गए युवकों को पुलिस ने सुसंगत धाराओं में चालान न्यायालय कर दिया। जानकारी देते हुए एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने बताया कि बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के शीतलदवनी गांव निवासी गोलू यादव तथा मृत्युंजय उर्फ रोहित यादव को गिरफ्तार किया गया है। दोनों लोग बिहार से बैरिया के तरफ किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए बाइक से आ रहे थे, जिसकी सूचना मुखबिर ने दी। बिना समय गवाएं चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल कुमार मिश्र को हमराहों के साथ मौके पर भेजा गया। जांच और तलाशी में गोलू यादव के पास 315 बोर का तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस एवं मृत्युंजय उर्फ रोहित के पास 315 बोर का तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

## सेवानिवृत्त कैप्टन के निधन पर लोगों ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन

आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

मऊ : विकास खंड रतनपुरा के चकरा बाजार निवासी सेवानिवृत्त कैप्टन 77 वर्षीय रामचंद्र यादव का बुधवार की शाम दिल्ली स्थित आर्मी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। गुरुवार को वाराणसी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर है। रामचंद्र 1964 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। उन्होंने भारत-चीन युद्ध एवं बांग्लादेश मुक्ति युद्ध 1971 में भाग लिया था। उनके दो बेटे कमलेश एवं संतोष है। विगत दिनों उनकी तबीयत खराब होने पर परिजनों ने दिल्ली स्थित आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान बुधवार की शाम उनका देहांत हो गया। गुरुवार की सुबह उनका शव घर पर पहुंचते ही उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले लोगों की भीड़ जुट गई। बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने उन्हें भारत मां का सच्चा सपूत बताया।

## परिवहन मंत्री ने दिया रोजगार मेले में चयनितों को ऑफर लेटर

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : जिला सेवायोजन कार्यालय बलिया द्वारा जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्ड में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में 12 फरवरी को आकांक्षात्मक विकास खण्ड हनुमानगंज में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि द्वारा चयनित युवाओं को आफर लेटर प्रदान किया गया।

जिला सेवायोजन अधिकारी आशुतोष प्रसाद ने बताया कि इस रोजगार मेले में तीन कंपनियों ने प्रतिभाग किया। तीनों कंपनियों द्वारा 132अभ्यार्थियों का चयन किया गया। पूर्व में आयोजित आकांक्षात्मक विकास-खण्डों में रोजगार मेला के



माध्यम से लगभग 400 अभ्यार्थियों का चयन किया जा चुका है। परमानन्द सिंह यादव अनुदेशक सेवायोजन द्वारा कार्यालय की कार्यपद्धति से अभ्यार्थियों को अवगत कराया गया। इस रोजगार मेला को संपन्न कराने में खण्ड विकास अधिकारी, गजेन्द्र प्रताप सिंह तथा कौशल विकास मिशन के अरुण यादव तथा सेवायोजन कार्यालय के रोजगार मेला प्रभारी, अशोक यादव, मनोज सिंह, मुकेश सिंह,रामु रावत का विशेष सहयोग रहा। अगला रोजगार मेला आकाक्षात्मक विकास -खण्ड सोहाव में 13 फरवरी को आयोजित होगा। इस रोजगार मेले में याजकीय कंस्ट्रक्शन कंपनी अहमदाबाद, जीफोरएस कंपनी आदि ने प्रतिभाग किया।

## देश की प्रगति एवं सद्भाव युवाओ के प्रगति एवं उनके शिक्षा पर निर्भर हैं : रामगोविन्द

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : स्वामी विवेकानंद जी के 160 में जयंती पर उत्तर प्रदेश विधानसभा में पूर्व प्रतिपक्ष के नेता रामगोविंद चौधरी के जगदीशपुर पानी टंकी स्थित आवास पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया एवं स्वामी विवेकानंद जी के स्मृतियों को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा की किसी भी देश की प्रगति एवं देश में सद्भाव वहां के युवाओं के प्रगति एवं शिक्षा पर निर्भर करता है देश के युवा ही देश को प्रगति के पथ पर लेकर जा सकता है और यह तभी संभव है जब देश का युवा अपने शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगा तथा उसे सही शिक्षा मिलेगी। विवेकानंद जी जैसे महापुरुषों के जयंती पर हमें आज देश और समाज में भाईचारा और एकता को बढ़ाते हुए देश के विकास में अपने योगदान हेतु संकल्पित होना होगा। श्री चौधरी ने कहा कि सरकार



को भी देश के शिक्षा व्यवस्था को सस्ती एवं सर्वसुलभ बनाने की सोच रखनी चाहिए साथ ही युवा वर्ग को योग्यता के अनुरूप कार्य मिले इसका इंतजाम सरकार को करना चाहिए। इस अवसर पर सुशील पाण्डेय "कान्हजी", उपेन्द्र सिंह, अभिषेक पाण्डेय, संटू सिंह, विनोद पासवान, बृजभान यादव, पल्लू जायसवाल, लल्लन वैशाखी आदि ने अपना विचार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया गया स्वामी विवेकानंद की जयंती

विवेक राय, समाज जागरण

नरहीं (बलिया) : संत ग्राम्यांचल महाविद्यालय सुरही में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम कका शुभारंभ मां सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर डॉ परशुराम राय हिंदी प्रवक्ता ने पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम की शुरूआत में एक संगोष्ठी तथा पोस्टर प्रतियोगिता का कार्यक्रम किया गया जिसमें स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने भाग लिया कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए डॉ परशुराम राय ने कहा कि विवेकानंद जी ने शिकागो सम्मेलन में सनातन धर्म के बारे में विचार प्रस्तुत किए तथा सभी धर्मों को समान बताया भूगोल के प्रवक्ता इंदु शेखर राय ने विवेकानंद के शिक्षा के सिद्धांत के बारे में बताते हुए कहा कि शिक्षा छात्रों को सामाजिक मानसिक तथा आत्मनिर्भर बनाने वाली होनी चाहिए इसके बाद छात्रों ने अंकिता राय, लल्लू ,अभिषेक ,आशा, शालिनी ,छोटी



आदि ने भाग लिया कार्यक्रम का संचालन आजाद राय ने किया के अंत में परशुराम प्रसाद ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया इस मौके पर राजेश राय ,कमलेश यादव, शिवजी यादव, शैलेंद्र कुमार, जूही ,शुभी राय आदि उपस्थिति रहे।

## प्रेरणा दिवस के रूप में मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती

संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण

नगरा (बलिया) : स्वामी विवेकानंद जयंती गुरुवार को कैलाश धाम मंदिर पर प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर आयोजित कवि सम्मेलन में हिंदी व भोजपुरी के कवियों ने अपने रचनाओं के माध्यम से देश में व्याप्त भ्रष्टाचार, भ्रूण हत्या आदि पर करारा प्रहार किया।

सम्मेलन का शुभारंभ अमेरिका के अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ विनय कुमार सिंह ने किया। कविता का शुभारम्भ कवि श्रीराम सरगम ने सरस्वती वंदना से किया। इसके बाद उन्होंने कविता के माध्यम से स्वामी विवेकानंद पर बोलते हुए कहा कि गीता के अइसन किताब कवनो नईखे, ज्ञान के भंडार के हिसाब कवनो नईखे, दुनिया में स्वामी त बहूतेरे भईले, विवेकानंद के जवाब कवनो नईखे। इसके बाद उन्होंने दुश्मन के मारे बिना घरे जदि अईब, मुखवो से बात ना ही करब ए सिपहिया सुनाकर वाहवाही लूटी। इसके बाद मंच पर पहुंचे कवि राम सोच यादव ने देश की व्यवस्था पर करारा प्रहार करते हुए सुनाया ए आजादी से बोल हमें का मिलल, कुम्हि तहियो रहे, फूल आजो ना खिलल, अब त मुश्किल बा भाई के भाई कहल, ए आजादी से बोल हमें का मिलल। फतेहचन्द बेचैन ने अपनी कविता नया साल में हे मालिक सबका झोली भर दो, राष्ट्र सेवा करू मैं प्रतिदिन, मुझको ऐसा वर दो सुनाकर सबको नए वर्ष की बधाई दी। इसके बाद उन्होंने बलिया जिले की विशेषता बताते हुए आन, बान पर मर मिटना बलिया के परिपाटी ह सुनाकर तालियां बटोरी। इसके बाद मंच सम्हालते हुए कवि नंद जी नंदा ने अपनी




हास्य रचना स्त्री के रहते पुरुष को पुरुष यदि माला पहनाएंगे, परिवार नियोजन के सारे मसले चुटकी में हल हो जाएंगे सुनाकर सबको गुदगुदाया। भ्रूण हत्या पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए सुरेश यादव ने अपनी कविता देब जो बेटी के गरभवे में मारी, त कइसे पैदा होइहै राणा शिवा के महतारी, अरे भारत हमार ह शकुन्तला के रचना, देख ना खोलि नैना के खेले अंगना सुनाकर उपस्थित दर्शकों को झकझोर दिया। कार्यक्रम में जितेंद्र त्यागी, शिक्षिका गुड़िया सहित अन्य कवियों ने भी अपनी कविता प्रस्तुत की।कार्यक्रम में सीएसआईएल के एमडी रमेश सिंह, संतोष कुमार पाण्डेय,राजीव कुमार सिंह चंदेल, डॉ शशि प्रकाश कुशवाहा, छत्रनेता अश्विनी वर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन राम कृष्ण मौर्य तथा अयोजक दिनेश्वर सिंह कुशवाहा ने अतिथियों एवं कवियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों ने किया युग पुरुष विवेकानंद को याद

संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण

नगरा (बलिया) : क्षेत्र के श्री नरहेजी पीजी कालेज नरही में राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनो इकाइयों द्वारा विश्व पटल पर भारतीय संस्कृतिक को स्थापित करने वाले महान दार्शनिक, ओजस्वी वक्ता एवं युवाओं के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनायी गई।

कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजली अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महान संत बताया और कहा कि1893 में शिकागो में आयोजित धर्म सम्मेलन में विवेकानंद ने पूरे विश्व को भारतीय संस्कृति एवं वेदों से परिचित कराया। कहा कि स्वामी जी ने आजीवन राष्ट्र की सेवा की। वे कहा करते थे कि राष्ट्र सर्वोपरि है। इसके पश्चात महाविद्यालय प्रांगण में साफ सफाई कार्य स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा किया गया। जयंती समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्वेता सिंह, डॉ प्रभा



सिंह, डॉ बलिराम राय, डॉ पंकज राय, शोभा मिश्रा, कार्यालय अधीक्षक राजेश सिंह, प्रदीप मिश्र मौजूद रहे। संचालन डॉ कृष्ण मोहन सिंह ने किया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोरक्ष प्रांत ने मनाया स्वामी विवेकानंद की जयंती

नित्यानंद सिंह, समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : प्रतिवर्ष 12 जनवरी को देशभर में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। देश के युवाओं को समर्पित इस दिन को मनाने का एक खास मकसद होता है। दरअसल, इस दिन स्वामी विवेकानंद की जयंती है। स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। इस उपलक्ष में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोरक्ष प्रांत के बलिया जिले के बैरिया नगर इकाई द्वारा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी के जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बैरिया तहसील के शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष , डा. त्रिपुरारी ठाकुर जी,जिला प्रमुख डां संजय मिश्रा जी,प्रांत कार्यकारणी सदस्य रोहित सिंह, पंकज यादव,विव्यांश सिंह,संजु बाबा,मनीष वर्मा,राहुल सिंह सत्यम गुप्ता, रुद्र प्रताप सिंह आदि सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के हजारी प्रसाद द्विवेदी अकादमीक भवन में कुलपति प्रोफेसर कल्पलता पाण्डेय के संरक्षण में स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनायी गयी। स्वामी विवेकानंद, माता सरस्वती, जननायक चंद्रशेखर जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन द्वारा कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं निदेशक शैक्षणिक डॉ० पुष्पा मिश्रा ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विवेकानंद जी के शिकागो व्यक्तव्य का जिक्र करते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता को पूरे विश्व में स्थापित किया। स्वामी जी ने अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस की आध्यात्मिक अनुभूतियों को आत्मसात करके अद्वैत वेदांत के दर्शन का पूरे विश्व में प्रचार- प्रसार किया। इस अवसर पर डॉ० प्रियंका सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को याद करते हुए उनके पद चिह्नों पर चलने की बात कही ।



डॉ० प्रमोद शंकर पाण्डेय ने भारतीय संस्कृति की सनातनता की बात करते हुए कहा कि विवेकानंद जी ने उसे आधुनिक संदर्भों के अनुरूप व्यख्यायित किया। स्वामी जी ने कहा कि एक भूखे आदमी को भोजन कराना मंदिर में पूजा करने से बड़ा कार्य होता है । विश्व की तमाम संस्कृतियां भारत की ऋणी हैं। सनातन संस्कृति सबसे पुरानी और सभी संस्कृतियों की जननी है।युवाओं का आह्वान करते हुए आपने कहा कि स्वामी जी के 'उठो जागो और लक्ष्य से पहले रुको मत' के विचार पर चलकर ही सफलता अर्जित की जा सकती है । डॉ० रामशरण ने स्वामी विवेकानंद के शिक्षा -दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति के अंतर्निहित गुणों का पूर्ण विकास करना ही शिक्षा है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ० विनीत सिंह और संचालन डॉ० अजय चौबे ने किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिसर के प्राध्यापक गण डॉ० विजयशंकर पाण्डेय, डॉ० संदीप यादव, डॉ० अभिषेक मिश्र, डॉ० प्रेमभूषण आदि एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नेहरू युवा केन्द्र और एनएसएस के तत्वावधान में आयोजित हुआ राष्ट्रीय युवा दिवस

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : नेहरू युवा केंद्र बलिया व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजेंद्र प्रसाद सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह तथा टाउन डिग्री कॉलेज के प्राचार्य रविंद्र नाथ मिश्र ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर किया।



उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए दयाशंकर सिंह ने कहा कि विवेकानंद जी को देशभक्त संत के रूप में माना जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र वादी पथ पर अग्रसर हो रहे प्रत्येक युवा के लिए स्वामी जी के विचार प्रेरणा के पुंज है। ये आधुनिक भारत के महान विचारक और प्रचारक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे टाउन डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ रविंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करके ही हम वैभवशाली भारत का निर्माण कर सकते हैं। स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रविंद्र मोहन ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉक्टर साहब दुबे, डॉक्टर अनिल सिंह ,डॉक्टर ओम प्रकाश सिंह, डॉक्टर निशा राघव, नवीन सिंह नमामि गंगे के परियोजना अधिकारी शलभ उपाध्याय गुप्तेश्वर प्रसाद, कुमार अभिषेक, नंदिनी सिंह, वर्धन पाठक ,ओंकार नाथ सिंह, मंटू साहनी, निशा रंजीत आदि लोग मौजूद रहे। संचालन जिला प्रशिक्षक नितेश पाठक ने किया।

## यंग इंडिया रन क्रास कंट्री प्रतियोगिता का विजेता बने पवन, टॉप-11 को मंत्री ने किया सम्मानित

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा युवा दिवस पर आयोजित यंग इंडिया रन क्रास कंट्री प्रतियोगिता का विजेता पवन राजभर बनें, जिन्हें बतौर मुख्य अतिथि मंत्री दयाशंकर सिंह ने ट्राफी व 5100/ नकद पुरस्कार प्रदान किया। दूसरे स्थान पर राजपाल यादव को 2100/-नकद तथा तृतीय स्थान पर रहे जयप्रकाश राजभर को 1100/- नकद पुरस्कार मिला।

वहीं, चौथे से 11वें स्थान पर रहे क्रमशः अवनीश यादव, सोनू राजभर, शुलभचन्द्र, बृजेश साहनी, साहब सिंह, प्रशांत साहनी, अनुभव यादव व सोनू चौहान को सात्वना पुरस्कार के रूप में ट्रैकसूट प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मंत्री दयाशंकर सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही देश के भविष्य हैं। आज युवा दिवस पर यह कार्यक्रम युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से पूरे भारत में किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के आदर्श के रूप में स्थापित हैं। आज उनकी जयंती पर यंग इंडिया रन कार्यक्रम के माध्यम से पूरे देश में भारतीय जनता युवा मोर्चा युवा दिवस मना रहा है, जो काबिले तारीफ है। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने स्वामी विवेकानंद जी को युवाओं का आदर्श बताया तथा उपस्थित युवा तरुणाई को उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। भाजयुमो के प्रदेश मंत्री पटेल दीपक मल्ल ने कहा कि युवा मोर्चा बड़े जोश के साथ स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाता आया है। आज देश का प्रत्येक युवा भारत को अग्रणी देश बनाने को कृत संकल्पित है। भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप सिंह, संजय मिश्रा आदि ने भी युवाओं को संबोधित किया। वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम गेट से लगभग 200 धावकों को मंत्री दयाशंकर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर क्रासं कंट्री यंग इंडिया रन का प्रारंभ किया। यह दौड़ जीराबस्ती पराग डेयरी होते हुए वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में समाप्त हुई। निर्णायक की भूमिका में स्टेडियम प्रशिक्षक अजय साहू, अजयराज सिंह, मारुति नंदन राय, रोहित भारद्वाज व उपेन्द्र सिंह रहे। अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष अश्विनी सिंह लिटिल व उपेंद्र सिंह तथा प्रशांत श्रीवास्तव जिला महामंत्री भाजयुमो ने संयुक्त रूप से संचालन किया। कार्यक्रम में गुड्डू राय, अरुण सिंह बंटू, राजेश गुप्ता, अभिषेक सोनी, धिरेन्द्र पुरुषोत्तम क्रीड़ाधिकारी बलिया, मयंक शेखर तिवारी, अविनाश सिंह, आदित्य तिवारी, यशजीत सिंह, कुंवर पुर्णेन्दू सिंह, सुधीर मौर्य, अविनाश चंचल, सेतु नाथ सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, मनोज शर्मा, वेदप्रकाश, विश्वजीत तिवारी, आशुतोष तिवारी, मोहित मौर्य, निखिल पांडे, विकेश राठौर, प्रदीप रस्तोगी, अनुज श्रीवास्तव, सूरज यादव, हिमांशु सिंह, अमित सिंह सोलंकी, अनुराग पटेल, सर्वेद्र सिंह साहिल, जय यादव, आलोक सिंह, सचिन गुप्ता, सुधीर सिंह, आशीष तिवारी, अभिषेक राय आदि उपस्थित रहे।



# अगर संतोषजनक कानूनी कार्यवाही नहीं हुई तो होगा आन्दोलन : रमाकांत सिंह

**ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण**

रसड़ा(बलिया) : स्थानीय पत्रकारों की एक संयुक्त बैठक गुरुवार की अपराह्न स्थानीय गांधीपार्क में हुई। जिसमें मंगलवार की रात कुछ भू माफियाओं द्वारा गुलाब चंद का हाता स्थित पत्रकार संजय शर्मा व उनके भाई अशोक शर्मा की पुश्तैनी दुकान को जेसीबी से ध्वस्त किए जाने पर काफी आक्रोश व्यक्त किया गया।
निर्णय लिया गया कि यदि प्रशासन इस मामले में संतोषजनक कार्रवाई नहीं करता है तो इसे लेकर बृहद रूप से आंदोलन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार रमाकांत सिंह ने क्षेत्राधिकारी एसएन वैस से हुई वार्ता को साझा करते हुए बताया कि उनके द्वारा मिले आश्वासन का हम इंतजार करेंगे। इसके बावजूद यदि कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई तो आंदोलन का रुख अख्तियार कर लिया जाएगा। उन्होंने पुलिस कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए कहा कि कोतवाली पुलिस चौकी से मात्र कुछ ही दूरी व सामने लगे पुलिस के सीसी कैमरे के बावजूद



इस तरह का दुस्साहस किया जाना पुलिस की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़ा कर रहा है। बावजूद हम पुलिस की कार्यवाही का इंतजार करेंगे। बैठक में इस्तियाक अहमद, अरविंद कुमार तिवारी, संतोष कुमार सिंह, पिंटू सिंह, रवि आर्य, सुमित कुमार गुप्ता,अखिलेश सैनी, शिवानन्द जायसवाल बागले, मतलूब अहमद, आरिफ अहमद अंसारी, संजय शर्मा, अख्तर जमील अंसारी, सुनील सरदासपुरी, कृष्णा शर्मा, हरिंदर वर्मा, विनोद शर्मा, गोपाल जी गुप्ता, सीताराम शर्मा आदि रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : स्थानीय जू.हा.स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर आयोजित विचारगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विचारगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार उ0प्र0 ने संबोधित किया।
मंत्री ने कहा कि भारत भ्रमण के दौरान यहाँ की गरीबी एवं दरिद्रता को देखकर स्वामी जी का ह्रदय द्रवित हो उठा था और उन्होंने "दरिद्र देवो भव" का नारा दिया। उन्होंने धर्म का प्रथम कर्तव्य दरिद्र एवं दुखीजन की सेवा करना बताया।



स्वामी जी ने देश की समस्या दूर करने के लिए जातिगत नहीं राष्ट्रगत परिश्रम करने का आवाहन किया। आज माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी उसी सोच के साथ सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के नारे के साथ समाज के अन्तिम व्यक्ति तक के जीवन में खुशहाली लाने का कार्य कर रहे हैं। विचारगोष्ठी सभा को प्रमुख रूप से वीरेंद्र सिंह मस्त, पूर्व मंत्री राजधारी सिंह, भगवान पाठक पूर्व विधायक, विद्यासागर उपाध्याय, सुरेश सिंह, रणजीत राय, मंजय राय, दयाशंकर भारती, बैजनाथ पाण्डेय, नसीम चिस्ती, गनेश शोनी, प्रयाग चौहान, राकेश गुप्ता, रामायण सिंह सुदामा राय, अशोक सिंह डायरेक्टर, विमलेश राय, संतोष यादव, मोहनरान्त राय,श्री भगवान चौबे,अजय सिंह,गुड्डू सिंह,सुनील सिंह आदि ने सम्बोधित किया सभा की अध्यक्षता हेमन्त मिश्रा एव संचालन भोला सिंह ने किया।

# आधार लिंक नहीं होने पर शासन द्वारा 7718 लाभार्थियों की रोकी गई पेंशन

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ: जिला प्रोवेशन अधिकारी समर बहादुर सरोज ने बताया कि निदेशालय महिला कल्याण द्वारा प्रथम किस्त 28 हजार 526 लाभार्थियों और द्वितीय किस्त 20 हजार 808 लाभार्थियों को ही भेजी गई। बताया कि शत-प्रतिशत आधार प्रमाणीकरण 15 जनवरी 2023 तक अवश्य करा ले अन्यथा विधवा पेंशन की तृतीय किस्त धनराशि नहीं दी जायेगी। लाभार्थियों का पासबुक, आधार नम्बर /मोबाइल नम्बर लिंक होने के उपरान्त आधार बेस्ड पेमेन्ट प्रणाली के माध्यम से आगामी किस्तों की धनराशि का भुगतान उनके बैंक खातों में किया जायेगा। उक्त के क्रम में जनपद के समस्त पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि स्वयं के माध्यम से या वे अपने नजदीकी जन सेवा केन्द्र पर जाकर एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय में अपने आधार कार्ड को अनिवार्य रूप से निराश्रित महिला पेंशन के ऑनलाइन पोर्टल पर प्रमाणीकरण / आधार सीडिंग करा लें। अन्यथा पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) की धनराशि नही दी जायेगी। आधार कार्ड प्रमाणीकरण के उपरान्त ही निदेशालय महिला कल्याण द्वारा पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से पेंशन की धनराशि आधार बेस खाते में भेजी जायेगी।

# भव्यतापूर्वक आयोजित होगी ब्रदीनाथ सिंह की पुण्यतिथि, आएंगे पूर्व सीएम अखिलेश यादव

**रितेश तिवारी, समाज जागरण**

सहतवार (बलिया) : प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय बद्रीनाथ सिंह की पुण्यतिथि



आयोजित होगी। 19 जनवरी को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव नीरज सिंह गुड्डू के द्वारा आयोजन चैनराम बाबा पोखरा मैदान पर होगा।
इस आशय की जानकारी देते हुए श्री सिंह ने बताया कि इस वर्ष पिताजी की पुण्यतिथि के उपलक्ष में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आना सुनिश्चित है। वहीं उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी जोरों शोर से चल रही है। कार्यक्रम की सुरक्षा को देखते हुए स्वर्गीय बद्रीनाथ सिंह सेवा संस्थान के सदस्यों द्वारा बैठक कर-ाकर सभी सदस्यों को सुनिश्चित कार्य के लिए निर्देशित दे दिया जाएगा। वही इस कार्यक्रम में आने वाले दूर दूर से लोगों को सारी सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा। वही इस कार्यक्रम में लगभग 5000 लोगों के बीच कंबल वितरण का भी कार्यक्रम होना सुनिश्चित है।

## लिया तैयारियों का जायजा

सहतवार (बलिया) : स्थानीय कस्बा स्थित बड़ा पोखरा पर 19 जनवरी को स्वर्गीय बद्रीनाथ सिंह की पुण्यतिथि मनाने के मद्देनजर तैयारियां प्रारंभ हैं। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव नीरज सिंह गुड्डू ने



कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया वही अपने कार्यकताओं को कार्यक्रम स्थल को सजाने के लिए निर्देशित किया।

**तैयारियों का जायजा लेते नीरज सिंह गुड्डू**

# मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बरतें सावधानी : सीएमओ

**राजीव चतुर्वेदी, समाज जागरण**

हल्दी (बलिया) : मानसिक स्वास्थ्य देश के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। किसी भी देश के समग्र विकास के लिए लोगों को क्वालिटी आफ लाइफ यानी की गुणवत्ता पूर्वक जीवन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उक्त बातें सीएमओ डा. जयंत कुमार ने सोनवानी में कहीं।
कहा इसका सीधा संबंध उत्पादकता से है जो आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण आयाम है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि स्कूली स्तर से बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किए जाने का हो सकता है मानसिक स्वास्थ्य शामिल करने अगली पीढ़ी इसको वैज्ञानिक पहलुओं के बारे में जागरूक करने की मदद मिल सकती है जनपद में ब्लॉक बेलहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनवानी के अधीक्षक डाक्टर मुकर्रम अहमद के अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित मानसिक शिविर में उपस्थित लोगों को मानसिक रोग से बचाव के लिए जागरूक किया गया। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम इकाई द्वारा आयोजित शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ जयंत कुमार ने कहा कि शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। उन्होंने चिंता की जगह चिंतन करने व रोग से बचाव के लिए किए जाने वाले उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। आयोजन के लिए संबंधित विभाग के लोगों की सराहना भी की। इस मौके पर मनो सामाजिक कार्यकर्ता मुहम्मद आजम एवं अनुष्का सिन्हा उपस्थित लोगों को बताया कि मानसिक रोग के प्रमुख लक्षणों में नकारात्मक विचार के साथ पर्याप्त नींद का नहीं आना, मिर्गी का दौरा पड़ना, अचानक बेहोश होना, हाथ व पैर में झिनझिनी होना, भीड़ में जाने से घबराना, आत्महत्या करने का विचार आना या कोशिश करना, बिना किसी कारण अचानक घबराहट होना, किसी के आसपास न होने के बाद भी किसी के होने की आशंका होना, अपने आप से बात करना आदि शामिल



है। इसमें से किसी भी लक्षण के महसूस करने पर जिला मुख्यालय स्थित मानसिक रोग के निवारण के लिए बने विभाग से संपर्क करें जहां इलाज के लिए दवा देने के साथ उचित परामर्श देने की व्यवस्था है।
इस अवसर पर जिला अस्पताल के सीएमएस दिवाकर सिंह, मानसिक स्वास्थ्य के नोडल अधिकारी
डाक्टर आर. बी. सिंह, डॉ प्रवीन कुमार , डाक्टर जगमोहन,आरबीएस के कन्हैया ओझा सर्वजीत यादव , चीफ फार्मासिस्ट पशुपति नाथ पांडेय,फार्मासिस्ट प्यारे शर्मा बीपीएम राकेश कुमार सिंह बीसीपीएम संजय यादव, बीएएम रबि शर्मा, बीएच डब्ल्यू अजीत ठाकुर विभाग के अधिकारी व कर्मचारी काफी संख्या में क्षेत्र लोग उपस्थित थे।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल नई दिल्ली में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 रोड शो में प्रतिभाग करेंगे

12 जनवरी 2023 लखनऊ।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल 13 जनवरी 2023 को नई दिल्ली में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में प्रतिभाग करेंगे। कौशल विकास मंत्री 13 जनवरी को पूर्वाह्न 10 बजे से शाम 7.30 बजे तक उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के रोड शो में रहेंगे।

# स्वामी विवेकानंद ने संपूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति एवं अध्यात्म को स्थापित करने का काम किया-डा0 विजेन्द्र सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्मपुरम ढोटारी गाजीपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति की पहचान दिलाने वाले महान आध्यात्मिक संत स्वामी विवेकानंद का जयंती समारोह मनाया गया।
सर्वप्रथम अध्यात्मिक गुरु के चित्र पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजेंद्र कुमार सिंह एवम् निदेशक प्रमोद कुमार सिंह द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया



गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत है। उनके दिखाए गए पथ का अनुसरण करके वे अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि उठो और जागो, तब तक रुको नहीं, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। उन्होंने संपूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति एवं अध्यात्म को स्थापित करने का काम किया। कार्यक्रम में डॉ यशपाल सिंह सत्येंद्र सिंह कमलेश यादव राजेश सिंह विश्वकर्मा प्रसाद अमित सिंह अनु सिंह माया चौहान आदि उपस्थित थे।

# इंजीनियर अवध बिहारी प्रधान की पुण्यतिथि मनाई गई

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी इंजीनियर अवध बिहारी प्रधान की पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई।स्व. एबी प्रधान प्रदेश के लोक निर्माण विभाग में सेवारत रहे।मिरजापुर, आजमगढ़ और मऊ जनपद में अपने सेवा काल में तैनात रहे।सेवानिवृत्त होने के बाद वह अपने परिवार के साथ आजमगढ़ में रहते थे। 12जनवरी को उनका आजमगढ़ में ही लंबी बिमारी के बाद निधन हो गया था।वह आजीवन गायत्री परिवार से जुड़े रहे।जनसेवा के कार्य वह



अत्यंत उत्साह के साथ करते रहे।लोगों को खिलाने के भी काफी शौकीन थे।कला प्रेमी होने के कारण कलाकारों का अत्यंत सम्मान करते थे। उनकी परंपरा को उनके पुत्र और भाई आगे बढ़ा रहे हैं। पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में इंटर कालेज मुहम्मदाबाद के प्रबंधक अवध किशोर राय, गिरिजा मस्ताना, प्रधान संघ भांवरकोल के अध्यक्ष व मलिकपुरा के प्रधान इंद्रासन राय,जोगा मुसाहिब के पूर्व प्रधान राजेंद्र राय,डा. एके राय,धनंजय राय, स्व.एबी प्रधान के भाई कैलाश बिहारी प्रधान, श्याम बिहारी प्रधान, विपिन बिहारी प्रधान, सुरेश प्रधान, अविनाश प्रधान आदि प्रमुख लोग रहे।अतिथि का स्वागत स्व.एबी प्रधान के पुत्र द्वय विन्ध्येश प्रधान,अरुणेंद्र प्रधान ने किया।

# स्वामी विवेकानंद ने अपने गुरु की इच्छा से अपना पूरा जीवन मानव मात्र की सेवा में लगा दिया-प्रो0आनंद सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

सत्यदेव डिग्री कालेज, गाजीपुर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह के रूप में मनाया गया।स्वामी विवेका नन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पान्जालि कालेज के सी एम डी प्रो ङ्ग आनंद सिंह ,और एम डी प्रो ङ्ग सानंद सिंह ,के द्वारा करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।छात्रों को संबोधित करते हुए सी एम डी प्रो ङ्ग आनंद सिंह ने कहा की स्वामी राम कृष्ण परमहंस जी के शिष्य स्वामी विवेकानंद ने अपने गुरु की इच्छा से मानव मात्र की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया।भारतीय संस्कृति के विश्व



पटल पर उत्थान हेतु स्वामी जी ने जो प्रयास शि-ाकागो धर्म सम्मेलन से शुरू किया उसे वह पूरे विश्व के दो बार चक्कर लगा कर पूरा करने का प्रयास किया।उन्होंने मानव मात्र की सेवा के लिए कोलकाता के साथ ही कई जगहों पर रामकृष्ण मिशन आश्रम की स्थापना कराई।जो आज भी भारत के विभिन्न हिस्सों में सेवा भाव से मानव सेवा में लगे हुए हैं।उन्होंने छात्रों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आदर्श जीवन जीने और मानव सेवा में लगने का आह्वान किया।सभा के अंत में उपास्थित छात्रों और प्राध्यापको ,कर्मचारियों ने भी स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। सभा में सत्यदेव ग्रुप ऑफ कालेजेज के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय,कालेज के निदेशक अमित सिंह रघुवंशी ,प्राचार्य डा ङ्ग राम चन्द्र दूबे ,और विद्वान प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

# उठो, जागो और अपने लक्ष्य के तरफ तब तक चलो जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए के मंत्र को अपनाये युवा-सपना सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। स्वामी विवेकानंद जी के 161 वीं जयंती अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिलाध्यक्ष विश्वप्रकाश अकेला के नेतृत्व मे कार्यक्रम आयोजित कर युवा दिवस के रूप मे मनाया। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष विश्वप्रकाश अकेला के नेतृत्व मे गाजीपुर लंका मैदान से सकलेनाबाद,विशेश्वरगंज के रास्ते आमघाट गांधी पार्क तक ह्ययंग इंडिया रन प्रतियोगिताह्न का आयोजन किया गया। जिसमे 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग के खिलाड़ीयों तथा युवा छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कहा कि उठो, जागो और अपने लक्ष्य के तरफ तब तक चलो जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। उन्होंने कहा कि अध्यात्मिक संत स्वामी विवेकानन्द, भारत की महान आत्मा थे जिनके प्रति वर्तमान पीढ़ी ऋणी है और भावी पीढी सदैव ऋणी रहेगी। विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि विवेकानंद ने नैतिकता को मन के नियंत्रण से जोड़ा, सत्य, पवित्रता और निःस्वार्थता को उन लक्षणों के रूप में देखा जो इसे मजबूत करते हैं। उन्होंने अपने अनुयायियों को पवित्र, निस्वार्थ और श्रद्धा रखने की सलाह दी। प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर विशाल राजभर,द्वितीय स्थान पर प्रद्युम्न यादव,तथा तृतीय स्थान पर अशोक यादवचतुर्थ स्थान पर शिन्नु यादव,पंचम स्थान पर अमित यादव,षष्ठम स्थान पर धनई बिंद रहे।सभी प्रथम से षष्ठम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ट्रैक सूट,ट्रॉफी,मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।तथा दौड़ मे शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल



देकर सम्मानित किया गया ।निर्णायक की भूमिका मे बृजेश सिंह, देशदीपक श्रीवास्तव, राजन प्रजापति रहें। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो महामंत्री अविनाश सिंह सोनू ने किया।इस अवसर पर युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं प्रवासी प्रियांशू तिवारी,महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्य रुद्रा पांडेय, जिला महामंत्री विवेकानंद राय, हर्षित सिंह,शुभम विश्वकर्मा गोलू, ऋषभ राय,अमरनाथ विश्वकर्मा,विशाल चौरसिया, गुड्डू राजभर, जिला मंत्री प्रीति गुप्ता,आशीष श्रीवास्तव,भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता,अर्जुन सेठ,गौरव श्रीवास्तव, शिवम राय,दुष्यंत अग्रहरि,आदित्य सिन्हा, हेमन्त त्रिपाठी,गिरधारी चौरसिया, आदि लोग उपस्थित रहे।

# गैर पंजीकृत चिकित्सकों को विवरण देंगे प्रभारी, होगी कार्रवाई

**- नीम हकीमों पर कार्रवाई के लिए विभागीय तैयारी तेज**
**- विभाग द्वारा सभी को भेजी जाएगी नोटिस, होगी कार्रवाई**
**-शिकायत पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने अपनाया कड़ा रुख**

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में गैर पंजीकृत चिकित्सकों पर कार्रवाई के लिए विभागीय तैयारियां तेज चल रही है। इसके लिए विभाग द्वारा सभी सीएचसी व पीएचसी प्रभारी से उनके क्षेत्र का विवरण लिया जा रहा है। विभाग द्वारा नोडल से इसकी जांच कराई जाएगी। दस्तावेज सही नहीं पाए जाने पर सभी ऐसे सभी नीम हकीमों को नोटिस भेजी जाएगी और सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
जनपद के विभिन्न दूरदराज क्षेत्रों में गैर पंजीकृत चिकित्सकों द्वारा खुले तौर पर मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। पिछले कई दिनों से विभाग को इसकी शिकायत मिल रही है। विभाग द्वारा इसकी जांच के लिए एक नोडल नियुक्त किया गया है। यह पूरे क्षेत्र में ऐसे चिकित्सकों की जांच करेंगे। नोडल द्वारा सभी सीएचसी और पीएचसी प्रभारी को संबंधित क्षेत्र में ऐसे गैर पंजीकृत चिकित्सकों को चिंहित करने का आदेश दिया गया है। वहीं जनपद को चार जोन में बाटा गया है। विभागीय सूत्रों को कहना है कि कुछ ऐसे मेडिकल स्टोर भी है जहां पर नीम हकीमों के प्रैक्टिस करने की बात सामने आई है। औषधि निरीक्षक के सहयोग से ऐसे मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जनपद में संचालित दस सीएचसी और 40 पीएचसी के प्रभारी द्वारा अपने क्षेत्र के ऐसे गैर पंजीकृत चिकित्सकों की सूची तैयार कर रहे है।
जनपद के सभी क्षेत्रों में गैर पंजीकृत चिकित्सकों की सभी प्रभारियों से



उनकी सूची तैयार कराया जा रहा है। निर्धारित अवधि में सभी दस्तावेज की जांच कर सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
- डा. नरेश अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी

# भाजपा नेता अखिलेश तिवारी के आश्वासन के बाद हटे प्रदर्शनकारी

**- कोपागंज के चेराराम का पूरा में अंडरपास बनाते समय बंद किया रास्ता**
**- गोरखपुर के क्षेत्रीय मंत्री ने रेलवे अधिकारी से बात कर समाप्त कराया**

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : कोपागंज के चेराराम का पूरा में रेलवे विभाग द्वारा अंडरपास बनाने के दौरान गांव में जाने वाले मार्ग को बंद करने पर गुरुवार को नाराज ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही मौके पर भाजपा गोरखपुर क्षेत्रीय मंत्री भी पहुंचे, उन्होंने रेलवे के अधिकारियों से वार्ता कर ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया। अधिकारियों के



आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए।
ग्रामीणों ने बताया कि गांव से निकलने वाली सड़क आस-पास के दर्जनों गांव को जोड़ती है। रेलवे का अंडरपास बनाते समय इसे बंद कर दिया गया। इसी मार्ग के किसान अपने खेत भी जाते है। गुरुवार को सुबह मार्ग को बंद कर दिया गया। जैसे ही इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को हुई, सभी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण बृजवासी, नसीर अहमद, जगदीश कुमार, खैरुल बसर, विक्की, पप्पू कुमार, जुबैर, बलवंत कुमार, सुधीर, नरेश आदि प्रदर्शन करते हुए रास्ता खोलने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री अखिलेश तिवारी भी वहां पहुंच गए। ग्रामीणों ने अपनी समस्या से अवगत करवाया कि अगर रास्ता बंद किया गया तो हम कार्य नहीं होने देंगे। क्षेत्रीय मंत्री ने गोरखपुर स्थित रेलवे अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया। रेलवे विभाग के अधिकारी द्वारा शाम तक मौके पर पहुंच उसका समाधान करने की बात कही। तब जाकर ग्रामीण शांत हुए।

# भरत भैया के नेतृतव में अंडरपास की मांग को लेकर महाप्रबंधक को सौपा ज्ञापन

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : दोहरीघाट के मुरादपुर स्थित लोहारपुरा गोंठा गांव में गुरुवार रेलवे लाइन की जांच करने पहुंचे गुरुवार को गोरखपुर पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक कृष्ण सिंह को ग्रामीणों ने भरत भैया के नेतृत्व में ज्ञापन सौपा। मांग किया कि लोगों को गांव के पास अंडरपास या रेल लेबिल क्रासिंग बनाया जाए। भरत भैया ने कहा कि अंडरपास नहीं होने के कारण यहां से गोठा बाजार जाने के लिए 12 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। क्षेत्र के दर्जनों गांव का संपर्क नेशनल हाईवे से टूट जाएगा,



इससे लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। महाप्रबंधक द्वारा ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि मांगों पर संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर निराकरण कराने का प्रयास किया जाएगा। बता दें कि अंडरपास की मांग को लेकर वहा पर पिछले एक सप्ताह से आस पास के दर्जनों गांव के लोग लगातार धरना दे रहे है। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान रामजन्म गुप्ता, जय प्रकाश राय, विनोद राय, अशोक कुमार, मनभावती देवी, प्रमिला, सुमित्रा कुमारी, अजय सहित अनेक लोग थे।

# भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी से कांग्रेस संगठन व राजनीति में ओबीसी व प्रजापति समाज की हिस्सेदारी की रखी बातसुरेश प्रजापति

हिसार (राजेश सलूजा) : युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव व हलका बरवाला कांग्रेस चीफ इनरोलर सुरेश प्रजापति बरवाला ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा से गुजर रही है हरियाणावासियों ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राहुल गांधी को यात्रा में भरपूर समर्थन दियो ऐसा समर्थन देश की आजादी के बाद पहली बार हुआ और पूरा देश बदलाव की दिशा में राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं सुरेश प्रजापति बरवाला ने कहा कि इस यात्रा के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राहुल गांधी से मिलकर बातचीत की और कहा कि देश में ओबीसी की संख्या 52 प्रतिशत के आसपास है जबकि राजनैतिक में और कांग्रेस पार्टी संगठन में कोई भी प्रदेश में हो या राष्ट्रीय संगठन में ओबीसी की हिस्सेदारी सिर्फ 2 प्रतिशत के आसपास है ओबीसी के साथ काफी अन्याय किया जा रहा है प्रजापति समाज भी पूरे देश में साढ़े 9 प्रतिशत के आसपास है इस समाज की भी हिस्सेदारी राजनैतिक व पार्टी संगठन में ना के बराबर है सुरेश प्रजापति बरवाला ने हवाला देते हुए कहा कि 14 जुलाई सन 1916 में लखनऊ कांग्रेस का अधिवेशन हुआ थो उसमें प्रस्ताव पास किया गया था और महात्मा गांधी ने इस अधिवेशन में कहा था जिनकी जितनी जनसंख्या है उस जाति व धर्म को कांग्रेस बराबर की हिस्सेदारी देने का काम करेगी चाहे पार्टी संगठनों या राजनैतिक हो उस समय महात्मा गांधी कांग्रेस के सभापति हुआ करते थे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राहुल गांधी ने इन सब बातों को ध्यान से सुना और भविष्य में इसे लागू हो जाने बारे कहो

# नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में मनाई गई युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : युवाओं के प्रेरणा स्रोत युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती गुरुवार को नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में सर्वोदय स्नातकोत्तर महाविद्यालय घोसी के सभागार में धूमधाम से मनाया गया । उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्य डा. वंदना पांडेय ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए तथा दीप प्रज्वलित कर 19 जनवरी तक आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय युवा सप्ताह का शुभारंभ किया। कहा कि रुचिनांवैचित्र्याद्दजुकुटिलनानापथजुषाम् । नृणामेको गम्यस्त्वमसिपयसामर्णव इव ।जैसे विभिन्न नदियाँ भिन्न भिन्न स्त्रोतों से निकलकर समुद्र में मिल जाती हैं उसी प्रकार हे प्रभो! भिन्न भिन्न रुचि के अनुसार विभिन्न टेढ़े-मेढ़े अथवा सीधे रास्ते से जानेवाले लोग अन्त में तुझमें ही आकर मिल जाते हैं। यह एक ऐसे व्यक्ति थे जो कभी भारत से बाहर नहीं गए। किन्तु उन्होंने गरीबों और रोग ग्रस्तों के सेवा के लिए कई साल बिताए थे और अपनी आत्मा के अन्तःकरण से पूरी तरह से प्रभावित होकर सम्मलेन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन आदर्श व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विभिन्न दृष्टिकोण से चर्चा किया स्वामी विवेकानंद के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर डॉ. धनंजय शर्मा, डॉ. विवेक कुमार यादव, डॉ. संजय राय, डॉ चंदन तिवारी, डॉ नवनीत उपाध्याय ने प्रकाश डाला कार्यक्रम के दौरान 21वीं सदी में स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान मोहम्मद मजहर तथा दूसरा स्थान देवेंद्र पांडेय तथा तीसरा स्थान अमृता पांडेय को प्राप्त हुआ । इस कार्यक्रम में युवा मंडल मझवारा के सचिव गुलाब कुमार तथा राष्ट्रीय युवा स्वयसेवक चन्दन गुप्ता का सहयोग रहा ।



# युवा मोर्चा द्वारा "यंग इंडिया रन प्रतियोगिता" का आयोजन

**दिलीप जायसवाल ब्यूरोचीफ,समाज जागरण**

जौनपुर।भारतीय जनता युवा मोर्चा मछली शहर जिला के जिला अध्यक्ष अखिल प्रताप सिंह के द्वारा आज 12 जनवरी को 5 किलोमीटर लंबी दौड़ का आयोजन किया गया इसमें सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया।

जानकारी के अनुसार आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के आवाहन पर "यंग इंडिया रन प्रतियोगिता" का आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अखिल प्रताप सिंह जिला मछली शहर ने 5 किलोमीटर लम्बे दौड़ का आयोजन किया जिसमें सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। धावकों में प्रथम स्थान पाने वाले को सांसद बीपी सरोज के कर कमलों से 32 इंच एलईडी टीवी प्रदान किया गया वही द्वितीय स्थान पाने वाले धावक को मड़ियाहूं के विधायक डॉक्टर आर के पटेल के हाथों द्वारा रेंजर साइकिल प्रदान किया गयाऔर तृतीय स्थान पाने वाले धावक को साइकिल उपहार देकर सम्मानित किया गया साथ ही सभी धावकों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मछली शहर लोक सभा क्षेत्र के सांसद बीपी सरोज मड़ियाहूं विधानसभा के लोकप्रिय विधायक डा. आर के पटेल सहित जिला अध्यक्ष रामविलास पाल, भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता, सुभाष सिंह,राहुल रॉक स्टेन डिस्टीब्यूटर, जुगनू मोदनवाल सोनू , भाजपा नेता विनोद सेठ साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी ओम नारायण सिंह भारी फोर्स के साथ



डटे रहे और भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण के बाद अंत में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अखिल प्रताप सिंह ने कार्यक्रम सफल बनाने के लिए सभी धावकों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी साथ ही उपस्थित सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष सहित सभी के प्रति अपना आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आयोजित किया मैराथन दौड़।

जौनपुर। शाहगंज स्थानीय नगर में राष्ट्रीय युवा दिवस पर गुरुवार को मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा किया गया। नगर के लवकुश यादव इस रेस के विजेता रहे। नगर के स्वामी विवेकानंद तिराहे से शुरू हुई मैराथन दौड़ से पहले उपस्थित लोगों ने स्वामी जी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। गुरुवार को सुबह संघ के पदाधिकारियों ने स्वामी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण, पूजन आदि किया। मैराथन दौड़ स्वामी विवेकानंद तिराहे से शुरू हुई जो जेसीज चौराहा, मेन रोड, घास मंडी चौक, पुरानी बाजार होते हुये वापस वहीं संपन्न हुई। रेस के विजेता लवकुश यादव रहे । शिवम यादव दूसरे और महेंद्र मौर्य तीसरे स्थान पर रहे। कमंडल राजभर को चौथा और पीयूष जायसवाल को पांचवां स्थान मिला। सभी विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक दिलीप अग्रहरि, नगर कार्यवाह हनुमान अग्रहरि, अजय अग्रहरी, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सूर्य नारायण पांडेय, रज्जू भैया सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य ज्ञानेश सिंह, नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, सभासद भुवनेश्वर मोदनवाल, संदीप जायसवाल, देवेश चंद्र, ओम चौरसिया, मुकेश, अवनीश, राहुल अग्रहरि, गोपाल बरनवाल, संदीप साहू सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा ले देश को आत्मनिर्भर बनाने को आतुर है युवा

- आरोग्य भारती एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन
- वक्ताओं ने युवाओं को विवेकानंद की जीवन से प्रेरणा लेने की किया अपील

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : आरोग्य भारती एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के संयुक्त तत्वाधान में रामकुमार गिरजा देवी मेमोरियल ट्रस्ट के सौजन्य से गाजीपुर तिराहा पर स्वामी विवेकानंद जी के160वीं जयंती समारोह एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व डीजीसी रामविलास चौबे आरोग्य भारती के जिला अध्यक्ष होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. अरविंद श्रीवास्तव, डॉ नम्रता श्रीवास्तव, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ वरुण आनंद जिला संयोजक योग प्रशिक्षक विश्वा गुप्ता अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उपाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव आदि अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि रामविलास चौबे ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने अमेरिका के शिकागो में 1893 में आयोजित विश्वधर्म सभा में सम्मिलित होने में आई विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए भारत के वैदिक ज्ञान एवं वसुदेव कुटुंबकम की सनातनी परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाई। होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉक्टर अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि 39 साल की अल्पायु में अमेरिका यूरोप सहित पूरे विश्व में प्रसिद्धि प्राप्त कर लाखों-करोड़ों अनुयायियों को खड़ा कर देश की आजादी में अभूतपूर्व योगदान दिया। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में भारत का युवा हम लंबा इंतजार नहीं चाहता है और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आतुर है। होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ नम्रता श्रीवास्तव ने "उठो जागो और तब तक न रुको जब तक मंजिल न मिल जाए" स्वामी जी के यह प्रेरक शब्द पूरे विश्व के युवाओं को प्रेरित करता है और युगो युगो तक करता रहेगा। इस अवसर पर हरि नारायण पांडेय, प्रदीप गोस्वामी, नेहा आर्या, हीरालाल गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।



# कुटीर पीजी कॉलेज में मनाया गया स्वामी विवेकानंद जयंती

**दिलीप जायसवाल ब्यूरोचीफ,समाज जागरण**

जौनपुर। पराऊगंज कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में विवेकानन्द जी की शिक्षा दर्शन की प्रासंगिकता पर गोष्ठी आयोजित की गईं। युगपुरूष स्वामी विवेकानंद जयंती पर कुटीर पीजी कॉलेज चक्के के शिक्षा संकाय में युवा भारत निर्माण में स्वामी विवेकानन्द के शिक्षा दर्शन की प्रासंगिकता पर वृहस्पतिवार को गोष्ठी हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। छात्राध्यापिका अंशिका, संध्या, तनु सिंह ने संयुक्त रूप से सरस्वती वंदना, सुधीर यादव ने भावांजलि तथा पूजा यादव, शिवांगी चौबे, अनुराधा पाल ने संयुक्त रूप से कुल गीत प्रस्तुत किया। डॉ रामेश्वर नाथ मिश्र ने अपने उद्बोधन में युवा भारत के निर्माण के लिए युवा शक्ति का आह्वान करते हुये चित्त की एकाग्रता पर जोर दिया।

इसी क्रम में डॉ नीता तिवारी ने अपने उद्बोधन में व्यक्तित्व के विकास के लिए स्वामी जी को समझने एवं अनुसरण करने पर बल दिया। उपेंद्र दूबे ने ज्ञान प्राप्ति के लिए तत्परता पर बल दिया तो छात्राध्यापक राजवीर सिंह ने स्वामी जी के जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला। सुधीर कुमार ने उठो, जागो और अपने लक्ष्य की प्राप्ति विचार को उत्तम बताते हुए कहा कि हमें स्वयं पर विश्वास तथा धर्म का आदर करना चाहिए। सर्वजीत मिश्र ने आधुनिक शिक्षा पर विवेकानंद के प्रभाव पर व्याख्यान दिया।

छात्राध्यापिका तनू सिंह, ज्योति चौरसिया, अनुराधा पाल, सरोज सालिका, अंशिका चतुर्वेदी ने स्वामी जी के शैक्षिक, सामाजिक, दार्शनिक विचारों,



उनके जन्म उत्सव विदेश यात्रा तथा प्रभाव पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ सीबी पाठक ने सबका धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि स्वामी जी के उत्तम आदर्शों के मार्ग पर चलकर हम युवा भारत का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रवक्ता सतीश गुप्ता, पुस्तकालय अध्यक्ष विद्या निवास मिश्र, हितेंद्र दुबे, राकेश कश्यप सहित शिक्षा संकाय के अन्य छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकों की उपस्थिति रही।

# मुर्दा को जिन्दा घोषित कर सरकारी धन का हो रहा बन्दरबांट खण्ड विकास अधिकारी ने बैठायी जांच तो मच गया हड़कम्प

जौनपुर। मुफ्तीगंज उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जहां सरकारी योजनाओं में निष्पक्षता और ईमानदारी की बात करती है, वहीं विभाग के अधिकारी सरकार को ही चूना लगाने पर तुले हैं। ताजा मामला धमार्पुर खण्ड के गोपालपुर ग्राम पंचायत का है जहां शिकायतकर्ता रविशंकर राय ने जिलाधिकारी मनीष वर्मा को दिए गए शिकायत पत्र में अपनी ग्राम पंचायत में गफ़्फ़ूर नामक व्यक्ति के 15 वर्ष पूर्व मृत होने के बावजूद उसके नाम पर खेत के समतलीकरण का पैसा ग्राम प्रधान और सम्बंधित अधिकारी के डकार जाने की बात कही है।



रविशंकर राय नामक शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि एक ही तालाब पर दो बार आईडी बनाकर ग्राम प्रधान और संजय श्रीवास्तव एडीओ आईएसबी ने भरपूर धन लूटा है। खेल मैदान की भी खानापूर्ति कर एक लाख इक्यासी हजार रुपये अवमुक्त करा लिये गये। मामले की शिथिलता के बाद जब प्रकरण मीडिया के संज्ञान में आया तो विभाग में हड़कंप मच गई। पूरे मामले पर खण्ड विकास अधिकारी धमार्पुर काशीनाथ सोनकर ने बताया कि हमने भौतिक सत्यापन कर जांच के लिए टीम बिठा दी है।

# नगर पंचायत गौराबादशाहपुर ने सफाईकर्मियों को बांटा सेफ्टी किट

जौनपुर ।गौराबादशाहपुर,स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्थानीय नगर पंचायत में प्रशासक सुश्री नेहा मिश्रा, अधिशासी अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह एवं डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर खुशबु यादव की उपस्थिति में नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों को सेफ्टी किट का वितरण किया गया। साथ ही डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर द्वारा समस्त कर्मचारियों को गीला-सूखा कूड़ा अलग–अलग किये जाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। अधिशासी अधिकारी द्वारा भी कर्मचारियों को सफाई हेतु निर्देशित किया गया। इसके बाद प्रशासक ने गौशाला, निमार्णाधीन नगर पंचायत ऑफिस, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पिंक शौचालय, सामुदायिक शौचालय एवं ड्रम0आर0एफ0 सेंटर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगर पंचायत के लिपिक हरेन्द्र बिन्द, नाहर यादव, रविन्द्र यादव, अमित यादव, विपिन सोनकर सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



# मुम्बई में अपने सुरों का जादू बिखेरेंगे जौनपुर के लाल आशीष

**दिलीप जायसवाल ब्यूरोचीफ,समाज जागरण**

जौनपुर। जिला मुख्यालय से सटे बाजार रामदयालगंज पचोखर हरखपुर (कुकुरी हावा) निवासी जिले के टी सीरीज के प्रख्यात भजन गायक आशीष पाठक अमृत इन दिनों राजस्थान राज्य में अपने कई कार्यक्रम करके अपने जिले जौनपुर का नाम रोशन किये।भोजपुरी गायक अभिनेता व सांसद मनोज तिवारी मृदुल, आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, कथा वाचक कन्हैया मित्तल के साथ एक मंच पर अपने सुरों का जादू बिखेरने के बाद वहां पर सम्मानित होने के साथ अब मुंबई में अपने सुरों का जादू बिखेरेंगे और सम्मानित भी होंगें। श्री पाठक मुंबई में 14 जनवरी को अप्पा पाड़ा कुरार गांव (मलाड) में अपनी प्रस्तुति देंगे जिसके आयोजक ज्ञान चंद राम आसरे चौहान व त्यागी महाराज हैं। दूसरा प्रोग्राम 15 जनवरी को होगा जहां श्री पाठक बागेश्वरी मंदिर गोरेगांव में प्रस्तुति देंगे जिसके आयोजक हरकेश सिंह, जितेंद्र पाठक व पप्पू पाठक हैं। श्री पाठक का तीसरा प्रोग्राम 17 जनवरी को हरे रामा हरे कृष्णा संस्था द्वारा टाकी रोड नाला सोपारा में होगा। यह कार्यक्रम संस्थाध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय द्वारा आयोजित है।



# जनपद गौतम बुद्ध नगर में शिविर/ सेप्टिक टैंक में मृतक संजय के आश्रितों का विवरण जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) कार्यालय में करायें उपलब्ध।

जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/जिला प्रबंधक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड गौतम बुद्ध नगर संजय कुमार व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित हाथ से मैला उठाने वाले कार्मिकों के नियोजन का प्रतिषेध और पुनर्वास अधिनियम 2013 के तहत मैन्युअल स्कैवेंजर्स, स्वच्छकार की श्रेणी में आने वाले मैन्युअल स्कैवेंजर्स शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले को जनपद में संबंधित औद्योगिक विकास प्राधिकरण एवं ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले स्कैवेंजर्स को पंचायत राज गौतम बुद्ध नगर द्वारा मृत्यु पर उनके आश्रितों को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है, जोकि मैनुअल स्कैवेंजर्स, स्वच्छकार की श्रेणी में आने वाले मैन्युअल स्कैवेंजर्स एवं उनके आश्रितों को नियमानुसार दी जाएगी। इसी के क्रम में उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर में सीवर/सेप्टिक टैंक में संजय की वर्ष 2014 में मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई है, जिन का निवास व पते का विवरण उपलब्ध न होने के कारण इनके आश्रितों को आर्थिक सहायता का भुगतान किया जाना संभव नहीं हो पा रहा। अतः यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त व्यक्ति के आश्रितों का विवरण या निवास, पते का विवरण मिले तो अधोहस्ताक्षरी कार्यालय कमरा नंबर 118 विकास भवन सूरजपुर ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर में संपर्क करें, ताकि उक्त व्यक्ति के आश्रितों को भुगतान परीक्षण उपरांत नियमानुसार किया जा सके। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# संयुक्त किसान मोर्चा सहारा इंडिया निवेशकों की धन वापसी के लिए मशाल जुलूस निकालेगा आज

**पुष्पेन्द्र सिंह रैकवार, दैनिक समाज जागरण**

सीतापुर। संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में सहारा इंडिया निवेशकों द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन के छठवें दिन भी जिला प्रशासन की मूक दर्शिता के चलते कल शाम चेतावनी के लिए चार बजे मशाल जुलूस निकालने का निर्णय संगठन द्वारा लिया गया।यह जुलूस धरना स्थल से लाल बाग चौराहा होकर लाल कपड़ा कोठी के पास पहले मोड़ से मुख्य बाजार में होकर शहीद पार्क से धरना स्थल पर वापस आएगा।जिला प्रशासन से बार बार निवेदन के बाद भी जिम्मेदार मुंह फेर रहें हैं।संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा मा० मुख्यमंत्री महोदय तक पीड़ित निवेशकों का दर्द पहुंचाने हेतु मुलाकात का समय सुनिश्चित कराने की मांग की जा रही है। सभी को पता है सहारा सेबी का जो विवाद न्यायालय में लंबित है वह रियल स्टेट और हाउसिंग योजना का है।फिर सहारा द्वारा शाप सहारा सोसायटियों का भुगतान किस कारण रोक रखा है जबकि सहारा में कार्यरत अधिकारियों व पूंजीपतियों का भुगतान हो रहा है। सिर्फ किसानों गरीबों और लघु एवं सीमांत व्यापारियों के धन को क्यों हड़पा जा रहा है।और सोंचनीय प्रश्न यह भी है कि इस मुद्दे पर पक्ष व विपक्ष में बैठे जन प्रतिनिधि सांसदों और विधायकों की चुप्पी का कारण क्या है।उपस्थित लोगों ने एकमत होकर कहा अब आर पार की लड़ाई होगी जिसकी शुरूआत सीतापुर से हो चुकी है।धरना स्थल पर संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू,शिव प्रकाश सिंह, गुरु पाल सिंह,नवल किशोर मिश्रा, शोभा लोधी,व्यापारी मंडल से भगवती गुप्ता,शिवम सिंह, रीतेश कुमार गुप्ता, अवधेश बघेल,विवेक मिश्रा, के डी निषाद,संदीप कुमार शुक्ला,राम नरेश वर्मा,विमल दिक्षित,प्रभाती मौर्य,लल्लू राम, के डी राठौर सहित साथी उपस्थित थे।



# आगामी 11 फरवरी को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से सम्मन सैंल प्रभारी के साथ आयोजित की गई बैठक।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए विगत दिवस सम्मन सैंल के प्रभारी के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थितगण को राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित किये गये वादों के नोटिस/सम्मन का अधिक से अधिक तामील कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक में श्री राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के साथ श्री बिजेन्द्र सिंह, प्रभारी सम्मन सेंल उपस्थित रहे।


# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से थाना पैरोकारों के साथ बैठक संपन्न।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में आगामी 11 फरवरी को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से आज थाना पैरोकार के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित थाना पैरोकार को राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित किये गये वादों में अधिक से अधिक नोटिस तामील कराने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में श्री राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के साथ श्री सतेन्द्र कुमार, मिन्टू, धर्मेन्द्र राना, कुंवरपाल, अमरपाल मलिक, राहुल, विनय, प्रशान्त आदि थाना पैरोकार उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर योग के छात्रों ने 21 हजार सूर्य नमस्कार का अभ्यास कर दिया योग का सन्देश

दैनिक समाज जागरण / गोरखपुर। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि घर में बैठ कर गीता पढ़ने से अच्छा है युवा मैदान में जाकर फुटबॉल खेलें। योगाचार्य धर्मेंद्र प्रजापति ने बताया कि आधुनिक दौर में जहां एक तरफ रोटी कपड़ा मकान की तरफ मनुष्य प्राणी भागते जा रहे हैं तो वहीं दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के दर्शन शास्त्र विभाग में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस पर योग से पीजी व डिप्लोमा कर रहे छात्र छात्राओं व अन्य सभी सदस्यों को 1 जनवरी से 12 जनवरी तक 21,000 (2,56,000 आसन ) सूर्य नमस्कार कराकर सभी देशवासियों को पूर्ण स्वास्थ्य के लिए योग को जीवन मे अपनाने का संदेश दिया। जिस तरह स्वामी जी शिकागों में जाकर भारतीय संस्कृती की परचम लहराए वैसे ही हम सभी युवाओ को योग से जुड़कर स्वयं में बदलाव लाकर एक दूसरे के अंदर स्वामी विवेकानंद के दिये विचारों को पहुंचायें।

दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. गोपाल प्रसाद जी ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के मार्ग पर चलना मानव जीवन का परम् लक्ष्य होना चाहिए। 39 वर्ष की अवस्था में उन्होंने जो भारत व विश्व को ज्ञान दिया वो आज भी अतुलनीय है। वही कॉलेज के कुलपति महोदय ने युवा दिवस पर सभी छात्र छात्राओं को बधाई प्रेसित किये। योग कक्षा में मुख्य रूप से ज्योति, श्रेया, पूजा, निधि, साधना, मधु, सीखा, सुनीता, सीमा, नीलू, सिमरन, सरोज देवी, शोभा, विनोद शुक्ला, कृष्ण कुमार, धनंजय मुकेश, निक्की मद्धेशिया,तारा दुबे, कंचन पांडेय, मंजू, किरण इत्यादि सभी सूर्य नमस्कार कर योग सन्देश को घर घर पहुंचाने का निर्णय लिया।



# महर्षि महेश योगी की 106वी जयंती के अवसर पर लखनऊ में संत समागम का आयोजन महर्षि

***लखनऊ रता तिवारी समाज जागरण***

महेश योगी की 106वीं जयंती के अवसर पर लखनऊ में संत समागम का आयोजन महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के तत्वधान में हुआ, जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित रहे, उनके साथ संत समाज की तमाम जानी मानी हस्तियां जैसे परम पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज, पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा, पूज्य श्री महंत रविन्द्र पुरी जी महाराज अध्यक्ष अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, परम पूज्य सुधांशु जी महाराज, डॉ रामविलास वेदांती जी महाराज पूर्व सांसद हिंदू धाम श्री अयोध्या जी, पूज्य महंत कमल नयनदास जी महाराज छोटी छावनी श्री अयोध्या जी, परम पूज्य स्वामी विद्या चैतन्य जी महाराज,श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद श्री चित्रगुप्त पीठाधीश्वर कैलाशपीठ नेपाल, पूज्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर शिव प्रेमानंद जी महाराज, हरिद्वार, परम पूज्य श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी जी महाराज आनंद पीठाधीश्वर श्री पंचायती आनंद अखाड़ा, पूज्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री रामेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज श्री, पूज्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री स्वामी विकास दास जी महाराज, पूज्य सुरेश दास जी दिगंबर अखाड़ा श्री अयोध्या जी, महंत राजकुमार दास जी राम वल्लभा कुंज श्री अयोध्या जी, पूज्य राजू दास जी हनुमानगढ़ी श्री अयोध्या जी, महंत रामदास जी नाका हनुमानगढ़ी, श्री अयोध्या जी, महंत धर्मदास जी हनुमानगढ़ी श्री अयोध्या जी, महंत पवनदास जी शत्रुघ्न निवास झुनकी घाट श्री अयोध्या जी, पूज्य मैथिली शरण दास जी लक्ष्मण किलाधीश श्री अयोध्या जी, महंत मिथलेश नाथ जी देवीपाटन, पूज्य स्वामी जितेंद्रानाथ सरस्वती जी राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय संत समिति गंगा महासभा, पूज्य स्वामी चिन्मयानंद बापू जी महाराज कथावाचक, परम पूज्य आचार्य सतीश सद्गुरु नाथ जी, स्वामी विश्वेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज सुग्रीव किला, श्री अयोध्या जी, भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कई राजनीतिक हस्तियां, जैसे प्रयागराज सांसद रीता बहुगुणा जोशी, योगी मंत्रिमंडल में मंत्री अजीत पाल सिंह, पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, राजेश्वर सिंह, विधायक , नीरज बोहरा - विधायक, योगेंद्र शुक्ला - विधायक, मेयर लखनऊ संयुक्ता भाटिया, मुकेश शर्मा - टछछउ, महानगर अध्यक्ष, लखनऊ जैसी कई जानी मानी हस्तियां मौजूद रहीं।

# गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना ।कृषि विज्ञान केंद्र, नगीना, बिजनौर द्वारा दिनांक 12 जनवरी 2023 को अगरी, हल्दौर मे गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया ।




इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान के नगीना के वैज्ञानिक डॉ. के के सिंह द्वारा गौ आधारित प्राकृतिक विधि से फसलो की उत्पादन तकनीकी की विस्तृत जानकारी दी ।

डा. शिवांगी ने मृदा की उर्वरता सुरक्षित बनाए रखने एवं जीवांश की मात्रा सुरक्षित हो इसके लिए घन जीवामृत, जीवामृत आदि बनाने के बारे में बताया।

डा. पिन्टू कुमार ने प्राकृतिक खेती में फसल सुरछा तकनीक हेतु प्राकृतिक रसायन बनाने की तकनीक बतायी।

डॉ. शकुनतला गुप्ता उपस्थित कृषको को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आधारित खेती का है। हमारी सरकार गौ आधारित खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषकों को दक्ष प्रशिक्षित करती रहेगी।

प्रगतिशील कृषक ब्रह्मपाल सिंह ने कहा कि अब समय गौ आधारित प्राकृतिक खेती का है, हम सभी किसानों को इसे अति शीघ्र अपनाने की आवश्यकता है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने किया अर्धवार्षिक निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना : अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज ने किया थाना नगीना का अर्धवार्षिक निरीक्षण निरीक्षण के दौरान जिसमें महिला हेल्प डेस्क अपराध रजिस्टर माल खाना असला कारतूस सभी शस्त्रों की साफ-सफाई, आमनेशन, अभिलेखों का रखरखाव एवं थाना कार्यालय की साफ-सफाई आदि चेक की गई इस दौरान आवश्यक को दिशा निर्देश दिए



निरीक्षण के दौरान छेत्र अधिकारी संग्राम सिंह थाना प्रभारी रविंदर कुमार वशिष्ठ उपनिरीक्षक कुलदीप राणा उपनिरीक्षक अशोक कुमार उपनिरीक्षक राजकुमार नैन उपनिरीक्षक गजेन्द्र उज्वल व समस्त थाना नगीना का स्टाफ मौजूद रहा

## सड़क हादसा:नीलगाय की चपेट में बाइक सवार दो लोगों घायल अस्पताल में भर्ती

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़ । के कालागढ़ मार्ग गांव मुरलीवाला के समीप बाइक के अनियंत्रित होकर गिरने से दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए ।जिन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया।जहां से उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है। गांव हिदायतपुर टांडा निवासी जहीर अहमद व पंकज कुमार एक ही बाइक से कालागढ़ दिशा से अफजलगढ की तरह जा रहे थे। जब वह गांव मुरलीवाला के समीप पहुंचे अचानक उनकी बाइक के सामने अचानक नीलगाय आ गयी जिससे बाइक सवार दोनो युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गये ओर गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को108 एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया जहां से उनकी गम्भीरवस्था के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।



## ठंड के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना ने पात्र व्यक्तियों को वितरित किए कंबल।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी**

अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देश पर अत्यधिक ठंड के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना सविता यादव ने ग्राम सूर्यपुर काशीपुर मजरे पूरे हंसा में अनुसूचित जाति के पात्र व्यक्तियों को कंबल वितरित किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि वर्तमान में बढ़ती ठंड को देखते हुए तहसील अंतर्गत सभी पात्र व्यक्तियों को कंबल वितरित किए जा रहे हैं साथ ही प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी, उपजिलाधिकारी आशुतोष, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) पी0के0 राय, तहसीलदार क्रमशः भिनगा रामप्यारे, इकौना संजय कुमार राय, जमुनहा मो0 अहमद फरीद खान, ए0आई0जी0 स्टाम्प पी0के0 अस्थाना, अग्रणी बैंक प्रबन्धक जितेन्द्रनाथ श्रीवास्तव, असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्यकर कृष्ण मुरारी यादव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकौना विनीत कुमार, जिला आबकारी अधिकारी के प्रतिनिधि/आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह, सहायक अभियंता विद्युत आशीष कुमार सरोज सहित कलेक्ट्रेट में विभिन्न पटलों पर कार्य देख रहे लिपिक विपिन चटर्जी, नाजिर अनूप तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित पटल सहायक एवं सम्बन्धित अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे



## भ्रष्टाचार पर वीडीओ सख्त- घटिया निर्माण गिराया

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

मुसाफिरखाना क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर गांव स्थित जूनियर हाईस्कूल विद्यालय की चाहरदीवारी निर्माण में पीली ईंटों व घटिया निर्माण सामाग्री के प्रयोग की शिकायत समाधान दिवस पर की गई थी।सीडीओ ने मामले की जांच विभागीय अधिशासी अभियंता से कराई थी।जांच में घटिया निर्माण सामाग्री मौके पर पाये जाने पर बीडीओ मुसाफिरखाना ने मौका मुआयना कर घटिया निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से ढहा दिया।

बताते चलें कि निजामुद्दीनपुर गांव स्थित विद्यालय की चाहरदीवारी निर्माण कार्य में प्रधान प्रतिनिधि व ठेकेदार की सांठगांठ से पीली ईंटों व घटिया किस्म की निर्माण सामाग्री का प्रयोग किया गया था जिसके चलते ग्रामीणों में रोष व्याप्त था। ग्रामीणों ने सीडीओ से शिकायत की थी बाउंड्रीवाल निर्माण की जांच में तकनीकी टीम ने घटिया किस्म की ईंटों व दोयम दर्जे की बालू का होना पाया था जो कि शासन के तय मानक के विपरीत है।दिलचस्प है कि बाउंड्रीवाल में घटिया निर्माण कार्य करने की शिकायत ग्रामीणों ने बीते 17 दिसंबर को डीएम से की थी।शिकायत पर बीडीओ अनीस अहमद ने मातहतों के साथ विकास कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण कार्य रोक दिया था।हालांकि बाद में षडयंत्रकारियों ने उच्चाधिकारियों को गुमराह करते हुए पुनः निर्माण कार्य शुरू किया था। इस बाबत बीडीओ अनीस अहमद ने बताया कि बाउंड्रीवाल की जांच कर घटिया निर्माण कार्य ध्वस्त कराया गया है।भविष्य में निर्माण कार्य में धांधली मिलने पर पुनः कार्यवाही की जायेगी।

# विद्युत व्यवस्था के खिलाफ भाकियू अराजनीतिक ने सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण मौ आलम**

बढ़ापुरः भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में गुरुवार को त्योपुर स्थित बिजली घर पर प्रदर्शन करते हुए जर्जर विद्युत लाइन बदलने,अघोषित कटौती,पांच हजार रुपए पर कनेक्शन न काटने व इलाके में लटकी हुई विद्युत लाइन को ऊपर उठाने व नये विद्युत कनेक्शन पर हो अवैध वसूली को तत्काल बन्द करने सहित आदि समस्याओं के निवारण के लिये मांग पत्र विद्युत विभाग के कर्मचारियों को सौंपा साथ ही भाकियू ने समस्याओं के निस्तारण न होने पर धरने की चेतावनी दी है। विद्युत विभाग के ढुलमुल रवैया को सुधारने के लिये भाकियू अराजनैतिक ने कमर कस ली है। गुरुवार को भाकियू अ के दर्जनों कार्यकताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष विजेंदर सिंह नेतृत्व में त्योपुर स्थित बिजली घर पर प्रदर्शन करते हुए पांच हजार रुपए के बिल पर काटे जा रहे कनेक्शन पर रोक लगाने,लटकी हुई विद्युत लाइनों को ऊपर उठाने,जर्जर लाइनों को बदलने,अघोषित कटौती पर रोक लगाने,दिन में विद्युत आपूर्ति सुचारू किये जाने जिससे किसानों की फसलों को पानी लग सके,नए कनेक्शनो पर हो रही अवैध वसूली को बंद करने,फीडर की पावर दोगुनी करने सहित अन्य मांगों का एक मांग पत्र विद्युत विभाग के कर्मचारी कमल सैनी को सौंपा। मांग पत्र में भाकियू अराजनेतिक द्वारा विद्युत विभाग को खुली चेतवानी भी दी गई है। जिसमे कहा गया है कि यदि विद्युत विभाग ने इन सभी समस्याओं का जल्द निस्तारण नही किया तो भाकियू अराजनैतिक बिजलीघर पर धरना देगी। त्योपुर स्थित बिजली घर पर प्रदर्शन में विजेंद्र सिंह,सुमन शर्मा,हेमचन्द भारती,इरफान,राजवीर सिंह,शीशराम सिंह,सुखराम सिंह,श्रीराम,कौशल कुमार,कासिम,लड्डन आदि किसान मौजूद रहे।

## अधिशासी अधिकारी कौशल कुमार ने स्वच्छ ढाबा अभियान के अंतर्गत नगर के कई ढाबों और रेस्टोरेंटों में जागरूकता अभियान चलाया।

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़।**

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी कौशल कुमार ने स्वच्छ ढाबा अभियान के अंतर्गत नगर के कई ढाबों और रेस्टोरेंटों में जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने स्वच्छ ढाबा अभियान को लेकर ढाबा प्रबंधकों नगरवासियों से प्रतिबंधित पॉलिथीन,थमाकोल गिलास आदि का उपयोग न करने को लेकर जागरूक किया। गुरूवार को काशीपुर अफजलगढ़ मार्ग पर स्थित बस स्टैंड के पास, ढाबों पर पालिका कर्मियों के साथ पहुंचे अधिशासी अधिकारी कौशल कुमार ने ढाबा संचालको को स्वच्छ ढाबा अभियान के बारे में जानकारी दी। उनको मानकों की जानकारी देते हुए। उसी के अनुसार काम करने को कहा। इसी प्रकार नगर के बस स्टैंड जसपुर तिराहे पर स्थित एक ढाबे पर भी उन्होंने प्रबंधकों सहित नगरवासियों से कहा कि सूखा व गीला कूड़ा अलग अलग करने, प्रतिबंधित पॉलिथीन,थमाकोल गिलास आदि का उपयोग न करने को लेकर अभियान की जानकारी दी। जागरूकता के दौरान रसोई,शौचालय,ढाबों पर साफ सफाई, कूड़ेदान सहित अन्य मानकों का निरीक्षण किया गया। अधिशासी अधिकारी कौशल कुमार ने सभी ढाबों व रेस्टोरेंट मालिको को शासन की मंशारूप मानकों का पालन करने का निर्देश दिया है। बताया कि नगर पालिका अफजलगढ़ की टीम द्वारा अभियान में शामिल ढाबों की सफाई और रखरखाव सहित प्रतिबंधित पॉलिथीन,थमाकोल गिलास आदि का उपयोग न करने का औचक निरीक्षण भी किया जाएगा। इसके बाद टीम स्वच्छता संबंधी मानकों पर खरा उतरने वाले ढाबों की रैंकिंग के आधार पर उन्हें नगर पालिका अफजलगढ़ की ओर से प्रमाणपत्र देकर उन्हें सम्मनित किया जाएगा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी कौशल कुमार के आलावा संजीव अग्रवाल,बृजमोहन, रोबिन अग्रवाल, सफाई नायक रोहिताश पंवार,राजबीर पंवार,साबिर हुसैन,शादाब अंसारी,फराहीम तथा इस्माइल आदि उपस्थित रहे।



## अमेठी में रन फॉर यूनिटी का आयोजन : सैंकड़ों युवाओं ने किया प्रतिभाग विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी**

अमेठी में राष्ट्रीय युवा दिवस पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा दिवस पर आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों के प्रतिभागियों ने भाजपा कार्यालय से लोदी बाबा मन्दिर तक सामूहिक दौड़ में भाग लिया । विभिन्न स्थानों के प्रतिभागियों ने पहला , दूसरा और तीसरे स्थान प्राप्त किया और मेधावी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

भाजपा संगठन युवा मोर्चा विषुव मिश्रा और भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश तिवारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने प्रतिभाग किया । करीब तीन किलोमीटर की दौड़ प्रतिभागियों ने आधे घण्टे में पूरा किया । जिला मुख्यालय गौरीगंज के सुल्तानपुर रोड स्थित भाजपा कार्यालय से रायबरेली रोड स्थित लोदी बाबा मन्दिर तक इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवाओं ने रन फॉर यूनिटी को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इन्तजाम किए गए थे और जगह - जगह हादसे से बचाव के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। सामूहिक दौड़ का किया गया आयोजन



भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि आज स्वामी विवेदानंद जी की जंयती है। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने आज सामूहिक दौड़ का कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से शामिल हुए प्रतिभागियों में से कुछ उत्कृष्ट प्रतिभागियों ने प्रथम, द्वितीय , तृतीय स्थान प्राप्त किए । उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हम सब आज स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प ले रहे है।

## बाल श्रम और बाल विवाह की कानूनी जानकारी चंद्रेश यादव टीआरपी नया सवेरा ने दी

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बहराइच श्रम विभाग द्वारा यूनिसेफ और उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश के तकनीकी सहयोग से संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत बाल संरक्षण जनजागरण कार्यक्रम ब्लॉक चित्तौरा के ग्राम पंचायत में रसूलपुर अयोजित किया गया। ग्राम पंचायत रसूलपुर के 2 मजरे बाबा रसूलपुर और रसूलपुर सरैया में कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्य और किशोरी सखी ने द्वारा डोर टू डोर ग्राम वासियों को बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी पर रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्य महेश वर्मा, विष्णु, अलका और वैशाली द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रम और बाल विवाह के प्रति लोगो के जागरूक किया और अपने ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया।

चंद्रेश यादव टीआरपी नया सवेरा ने बाल श्रम करवाने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी और श्रम विभाग की बाल श्रमिक विद्या योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना और अटल आवासीय विद्यालय की जानकारी दी।



राकेश चौबे प्रथम संस्था ने बच्चों को बच्चों की हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया, प्रथम संस्था की पारिवारिक आर्थिक सहायता योजना और प्रथम संस्था द्वारा बाल श्रम रोकने के लिए बस स्टेशन पर चलाए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी।

मुकेश श्रीवास्तव प्रबंधक संस्कार संस्था ने गीतों के माध्यम से बाल श्रम और बाल विवाह पर ग्राम वासियों को जागरूक किया।

कार्यक्रम में संस्कार संस्था द्वारा बच्चों ने पूछे गए सवाल के विजेता 3 बच्चों अनूप, विश्वास और विक्रम को मेडल दिया गया और अंत में चंद्रेश यादव टीआरपी नया सवेरा ने ग्राम वासियों को अपनी ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखने की शपथ दिलाई

## मुसाफिरखाना( अमेठी):उत्तर प्रदेश प्रभारी व कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का 51 वां जन्मदिन कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजू ओझा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने बरना गांव में केक काटकर धूमधाम से मनाया। और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

गुरुवार को क्षेत्र के बरना गांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओ के संग जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल व ब्लॉक अध्यक्ष राजू ओझा ने केक काटकर प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया इस दौरान उपस्थित लोगों ने प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर उन्हें मुबारकबाद देते हुए शुभकामनाएं दी और उनके दीघार्यु होने की ईश्वर से प्रार्थना की।इसके बाद कम्बल वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें लगभग 500 कम्बल क्षेत्र के दूर दराज से आये जरूरत मन्द लोगो एवम कार्यकर्ताओ को प्रदीप सिंघल ने अपने हाथों से वितरित किया कम्बल वितरण के दौरान कांग्रेसी कार्यकताओं ने प्रियंका गांधी जिंदाबाद के नारे लगाये इस मौके पर प्रदीप सिंघल ने कहा कि प्रियंका गांधी ना केवल साहसी निडर और प्रतिभाशाली राजनीतिज्ञ है बल्कि वह अपनी दादी श्रीमती इंदिरा गांधी का दूसरा स्वरूप है वही राजू ओझा ने कहा कि कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो दलितों और वंचितों के दर्द को समझते हुए देश हित में काम कर रही है और आगे आने वाला समय भी कांग्रेस का ही होगा



उक्त अवसर पर शत्रुघ्न सिंह प्रशांत त्रिपाठी सुनील सिंह गोविंद लाल ओझा हनुमन्त विश्वकर्मा हुसैन हैदर विकास यादव सर्वेश सिंह आशीष मो जफर जहीर अहमद राजेंद्र शर्मा सत्यम शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।वहीं दूसरी तरफ मेजर सतनाम सिंह के आवास पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के जन्मदिवस पर एक गोष्ठी आयोजित हुई जिसमें उनके दीघार्यु होने की ईश्वर से प्रार्थना की की गई इस दौरान मेजर सतनाम सिंह ने कहा कि प्रियंका गांधी साहसी एवं निर्भीक प्रतिभाशाली राजनीतिज्ञ है इन्होंने श्रीमती गांधी के उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर मुकेश चौरसिया वीरेंद्र बहादुर सिंह जय हिंद शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्वामी जी की जयंती युवा महोत्सव के रूप में बनाई गई

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष में युवा पखवाड़ा कोचिंग सेंटर नजीबाबाद पर उत्सव देशवाल के नेतृत्व में मनाया गया कार्यकर्म की अध्यक्षता योगेंद्र निर्वाल जी ने की जिसमे मुख्य अतिथि ऐश्वर्य ऐरन रहे। नगर मंत्री विनायक गुप्ता ने अपने विचार रखते हुए स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया भारतीय संस्कृति सभ्यता संस्कार एवम राष्ट्र सूर्यवंश हिंदू विचारधारा के स्तंभ एवं वैदिक एवं आध्यात्मिक अमृतसर से संपूर्ण ब्रह्मांड को आलोकित करने वाले युवा वर्ग के हरदिया की गति आध्यात्मिक प्रकाश रवि युवा शक्ति विस्तारक समाज सुधारक एवं ब्राह्मण दार्शनिक परम पूज्य स्वामी विवेकानंद जी के प्रत्येक युवा की आत्मा में समाहित हैं परंतु स्वामी जी के साक्षात दर्शन एवं युवाओं को होते हुए अनेक बाधाओं के बाद भी उनके मार्ग पर अग्रसर है। ऐश्वर्य ऐरन ने स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति की सुगंधि करने वाले आध्यात्मिक योद्धा स्वामी विवेकानंद जी की इतिहास के प्रकांड विद्वान थे बेटे से आध्यात्मिक गुरु जिन्होंने बनाया है। अभिषेक त्यागी प्रांत सह संयोजक फार्मा विजन ने स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाला स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी सन 1963 को हुआ था उनका घर का नाम नरेंद्र दादा विश्वनाथ दत्त और चाचा जी विश्वास करके अपने पुत्र नरेंद्र मोदी अंग्रेजी पढ़ा कर सभ्यता के ढंग से चलाना सिखाते हैं परमात्मा को पाने की लालसा भी परवल थी। पहले ब्रह्मांड समाज में गए किंतु वहा उनके चित को संतोष नहीं हुआ सन सन अट्ठारह सौ चौरासी में विश्वनाथ दत्त की मृत्यु हो गई घर का बाहर नरेंद्र पर पड़ा घर की दशा बहुत खराब थी कुशल यही थी कि नरेंद्र का विवाह नहीं हुआ था अत्यंत गरीबी में भी नरेंद्र बड़े अतिथि से बीते शिवम भूखे रहकर अतिथि को भोजन कराते सोमवार बरसा में रात भर बिस्तर छोड़ते पड़े रहते और अतिथि को अपने बिस्तर पर सुला देते थे। योगेंद्र निर्वाल जी ने विवकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रामकृष्ण परमहंस की प्रशंसा सुनकर नरेंद्र उनके पास पहले तो सर्व करने के विचार से ही गए थे क्या तू परमहंस जी ने देखते ही पहचान लिया कि यह तो वही शिष्य है जिसका उन्हें कोई दिनों से इंतजार है परमहंस जी की कृपा से नमस्कार हुआ है कल सब लोग नरेंद्र परमहंस के शिष्य में प्रमुख हो गया सन्यास लेने के बाद इनका नाम विवेकानंद स्वामी विवेकानंद अपना जीवन अपने गुरुदेव स्वामी रामकृष्ण परमहंस को समर्पित कर चुके थे गुरुदेव के हाल के दिनों में अपने घर और कुटुंब की नाजुक हालत की परवाह किए बिना किए बिना गुरु सेवा में हाजिर रहे। कार्यकर्म में मुख्य रूप से अभिनव देशवाल, योगेंद्र निर्वाल, विनायक गुप्ता, उत्सव कुमार,अभिषेक त्यागी,संदीप सैनी, कार्तिक निर्वाल, विनीत, अंजली, रेणु, सोना, स्वाति व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे




## राम बनवास व सीता हरण के बारे में विस्तार से बताया गया।

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़**

क्षेत्र के गांव भिक्कावाला के शिव मंदिर परिसर में पर्वतीय जन विकास समिति द्वारा एक सप्ताह से चल रही राम कथा में आज आठवें दिन कथावाचक आचार्य अनूप उनियाल जी द्वारा राम बनवास व सीता हरण की लीला का वर्णन किया गया। इस दौरान राम कथा में कोटद्वार से आए आचार्य अनूप उनियाल द्वारा आज आठवें दिन राम बनवास व सीता हरण के बारे में विस्तार से बताया गया। वही मन्दिर परिसर में आसपास के गांव से आए हजारों श्रद्धालुओं ने राम कथा मे पहुंचकर धर्म लाभ कमाया उनके द्वारा गाये गए भजनों से राम कथा में आए भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी ने आचार्य द्वारा गाये गए भजनो व कथा का सभी ने आनंद लिया। मां दखन काली समिति उत्तराखंड से आए संगीत गायक कलाकारों धर्मेंद्र सिंह रावत व दीपक ने अपनी धुन व भजनों से सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर उपेंद्र डोबरियाल के आलावा धर्मेंद्र सिंह रावत,दीपक, अंकित,रोशन लाल,मास्टर बलवंत सिंह,महिमानंद बड़थ्वाल,भूपेंद्र नेगी,विनय काला,वीरेंद्र सिंह नेगी,मनदीप रौतेला,गोवर्धन, बरमोला,मोहित सागर,रितिक, सावित्री देवी,अनीता धस्माना, ज्योति,बुडाकोटी,मीना देवी, रोशनी देवी,शकुंतला देवी,रेनू, बिष्ट रमा गौड़,विमला देवी,कांति देवी,गुड्डी देवी तथा कमला देवी आदि श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। इस दौरान कथा के समापन पर वहां आए सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

## स्वामी विवेकानंद जयन्ती पर युवा संवाद का हुआ आयोजन

### गायत्री परिवार ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी**

अमेठी। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित युवा संवाद में सैकड़ों लोगों ने युग निर्माण के रास्ते पर चलने की शपथ ली। गायत्री शक्तिपीठ अमेठी पर समारोह में बड़ी संख्या में आये युवाओं ने युगपुरुष स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र के नव निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

जिला युवा समन्वयक डॉ० प्रवीण सिंह दीपक ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को संस्कृति और संस्कार से जोड़कर एक नई दिशा देकर परिवार, समाज व राष्ट्र के नव निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने जैसे अभियान से जुड़कर ही स्वामी विवेकानंद के सपनों को साकार किया जा सकता है।

इससे पूर्व डॉ० आर पी सिंह ने दीप प्रज्वलन व डॉ० संजय सिंह ने देवपूजन किया। आचार्य सुभाष चंद्र द्विवेदी ने सभी अतिथियों का तिलक कर स्वागत किया।

आचार्य इंद्रदेव व सुशील शर्मा ने स्वामी विवेकानंद को

जिसने जीते हृदय वह होता विश्व विजेता गीत समर्पित करते हुए नमन किया।

आशुतोष पांडेय बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत के वेदांत को विश्व पटल पर स्थापित किया। हिंदुस्तान में सांस्कृतिक आजादी का जो बीज बोया था वो आज वटवृक्ष बन गया है। आज युवाओं को यह समझने की जरूरत है हिंदुस्तान के गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सांस्कृतिक आजादी की निर्णायक लड़ाई की कमान युवाओं को लेनी पड़ेगी।

स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर आयोजित युवा दिवस कार्यक्रम में अमेठी के युवा अभिजीत को युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। अभिजीत ने अपनी पंक्तियों जो राष्ट्रभक्ति से भर दे सबको, ऐसा सुरभित छंद बनो। सूरज गर तुम नहीं बन सको, जुगनू ही कोई मंद बनो। जाति - पंथ को जोड़ सके, ऐसा पावन बंध बनो। उठो ! मेरे अब युवा साथियों, सभी विवेकानंद बनो। के माध्यम से विवेकानंद के मार्ग को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

अधिवक्ता डॉ० संजय सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन का हर पहलू आज भी प्रासंगिक है उनके जीवन से हम सब थोड़ी सी भी सीख लें तो जीवन की दिशा सार्थक हो जाएगी।

सभा को रमेश कुमार सिंह, प्रखर द्विवेदी, महेंद्र मिश्र, सूर्यभान शर्मा, अमन शुक्ला, प्रदीप त्रिपाठी ने भी संबोधित किया।

अंत मे डॉ० त्रिवेणी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ की सफलता के लिए गायत्री परिवार के कार्यकताओं का तिलक, अंगवस्त्र व साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला युवा समन्वयक डॉ० प्रवीण सिंह दीपक ने किया।

इस मौके पर अशोक कुमार मिश्र, राधेश्याम तिवारी, अखिलेश तिवारी, विजयलक्ष्मी सिंह, साधू सिंह, कमलेश सिंह, शशांक शुक्ला, सुरेंद्र दूबे, विवेक सिंह, चंद्रभान मिश्र, राम चन्द्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, गप्पू जायसवाल, रवि प्रताप सिंह, अरविंद सिंह, संजय अग्रहरि, रवि जायसवाल, अभिषेक गुप्ता, महेश बरनवाल के साथ गायत्री शक्तिपीठ कार्यकर्ता व सैकड़ों की तादाद में अमेठी के युवा व महिलाएं मौजूद रहीं।




## स्वामी विवेकानंद नंद व्यक्ति नही विचार हैंप्रोफेसर सुशील पांडे

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अमेठी जिले के कार्यकताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय सेटेलाइट सेंटर टीकरमाफी में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अरुण कुमार मिश्रा जी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में सुशील कुमार पांडे जी उपस्थित रहे, कार्यक्रम अध्यक्ष ने कहा युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी से प्रेरणा लेनी चाहिए कभी भी विकास की बात होती है या सामाजिक हित की बात होती है तो युवाओं का ही नाम लिया जाता है युवाओं को ही याद किया जाता है विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं यदि विवेकानंद जी को पढ़ा जाए तो युवाओं के भीतर एक दिव्य ऊर्जा का संचार होगा जिसके पश्चात राष्ट्र पुनर्निर्माण में युवा नींव पड़ेगी जो हिलाने से नहीं मिलेगी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव युवाओं के हित में कार्य करती है छात्र हितों को लेकर मुखर रहती है समय-समय पर युवाओं के चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण को लेकर इस प्रकार की संगोष्ठियों का आयोजन करना अत्यंत सराहनीय है जिला संयोजक प्रियम त्रिपाठी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इसी प्रकार से नित्य नवीन कार्य को परिणाम देती रहेगी , विभाग संयोजक पुष्पेंद्र ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता इसी प्रकार निस्वार्थ भाव से वर्षभर परिसरों में कार्य करते रहेंगे उक्त अवसर पर शैलेंद्र बहादुर यादव, विनय तिवारी , देवांश, अनुज समेत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे



# किसानो को प्राकृतिक खेती पर दिया गया प्रशिक्षण...कृषि विज्ञान केंद्र में शामिल हुए किसान....

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर / प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर ने कृषकों को प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण दिया, प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि डॉ .एसएस टुटेजा .डायरेक्टर आईजीकेवी रायपुर द्वारा उदघाटन किया,केंद्र के प्रमुख डॉ. दिनेश कुमार पांडेय के मार्गदर्शन मे कार्यक्रम की शुरूआत हुई,कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती की संपूर्ण जानकारी डॉ. शिल्पा कौशिक ने दी ,उन्होंने बताया की किसान अपने खेती को फसल को कैसे और किस तरह से उत्पादन कर सकते है..इससे उनको क्या लाभ मिलता है..और फसलों को खराब होने से कैसे बचाया जा सकता है ...वही उन्होंने इस शिविर में किसानो को बीजामरित,जीवामत्रित,घंजीवामृत,नीमस्त्र आदि



बनाने की पूरी जानकारी साझा की... वही डॉ दिनेश पांडेय ने प्राकृतिक खेती की आवश्यकता पर प्रकाश डाला,जबकि डॉ. टुटेजा ने खेती में रसायन के प्रयोग से होने वाली हानि तथा,प्राकृतिक खेती को कैसे अपनाया जाए पर कृषकों से चर्चा की, केंद्र की वैज्ञानिक डॉ शिल्पा कौशिक द्वारा तकनीकी प्रसार बुलेटिन का विमोचन किया गया,बड़ी संख्या में कृषकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया,जिन्हे खेती किसानी और फसल को कैसे सुरक्षित रखने और फसल के बेहतर उत्पादन के अलावा रख रखाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए..कृषि विज्ञानं केंद्र से डॉ. अमित शुक्ला ,डॉ दुष्यंत कौशिक , पंकज मिंज ,डॉ.निवेदिता पाठक सुशीला ओहदार ,स्वाति शर्मा,डॉ. अंजुली मिश्रा,संतोष वर्मा एवं अन्य के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया.

# 20 जनवरी से किरारी मस्तूरी में स्थित भू-फोड महादेव लटेश्वनाथ के प्रांगण में होगा भव्य मेले का आयोजन।

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तूरी। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मस्तूरी स्थित ग्राम पंचायत किरारी में भू-फोड महादेव के प्रांगण स्थल पर 20 जनवरी से मेला प्रारंभ होने जा रहा है जिसकी तैयारी में मेला समिति जुटी हुई है। ग्राम पंचायत किरारी के उपसरपंच ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 20 जनवरी से किरारी मेले का आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है इस बार भी भक्तों के लिए लटेश्वरनाथ महादेव के द्वार 20 जनवरी को खुले



मिलेंगे। श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए आकर्षक झूले के साथ-साथ खिलौने मिठाईयां कपड़े की दुकान बर्तन की दुकान से लेकर कई प्रकार की जरूरतों के सामानों और दुकानों से किरारी मेला सुसज्जित होने वाला है। भोलेनाथ के दर्शन करने दूरदराज से इस बार भी श्रद्धालु किरारी मस्तूरी मेला देखने पहुंचेंगे।

## लिंगापौनार देवरी होकर पौनिया पहुंची सदभावना यात्रा का हुआ स्वागत

लिंगापौनार बोरीखेड़ा टेकाड़ी क कालेमाटी नंदौरा देवरी समतपुरी बासी,कामठी खैरलांजी देवठाना महदुली होकर पौनिया पहुंची सदभावना यात्रा में भारी संख्या में महिला पुरुष बच्चे शामिल हुये। ग्राम पंचायत पौनिया की जनता के द्वारा सदभावना यात्रा की अगवानी कर जगह जगह फूलों की बरसात कर भव्य स्वागत किया गया साथ ही बैंड बाजे फटाको व भारत माता की जयघोष के साथ देशभक्ति गीतो से गांव गांव भक्तिमय हो गया।

## कानपुर में धरा गया रेलवे स्टेशन को उड़ाने की धमकी देने वाला

# 3 साल पहले की घटना के बाद पुलिस लगातार कर रही थी दिल्ली निवासी बाजिन्दर सिंह की तलाश

### *गिरफ्तारी के बाद धमकी देने वाले से गहन पूछताछ में जुटी पुलिस*

सुनील बाजपेई कानपुर` यहां के सेंट्रल रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दिल्ली निवासी शातिर को गिरफ्तार कर लिया गया है` उसने फोन से यह धमकी लगभग 3 साल पहले दी थी जिसके बाद पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश लगातार कर रही थी। उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए यहां के संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि अभियुक्त ने रेल बाजार में 24 अक्टूबर 2020 को सेंट्रल रेलवे स्टेशन को बम से उड़ा देने की धमकी दी थी। इस मामले में पुलिस ने रेल बाजार थाने में मुकदमा दर्ज जांच शुरू की थी।

पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी के मुताबिक बाद में जांच के दौरान सामने आया कि सेंट्रल स्टेशन को बम से उड़ा देने की धमकी देने वाला वाजिंदर सिंह है। वो गुरुद्वारा रकाबगंज बस स्टेशन के पास दिल्ली वेस्ट का रहने वाला है।

उन्होंने बताया कि इस बीच पुलिस ने आरोपित के घर कई बार दबिश दी लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। लेकिन इसके बाद जैसे ही मुखबिर से सटीक सूचना मिली उसे दबोचने में सफलता प्राप्त कर ली गई ।




पुलिस के अनुसार आरोपित के पास से एक आधार कार्ड एक डेबिट कार्ड दो पर्चियां दो मोबाइल फोन मिला है। मोबाइल फोन के माध्यम से पुलिस अभियुक्तों के बारे में अन्य जानकारियां भी जुटा रही हैं। आरोपित को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रेल बाजार प्रदीप कुमार सुर दीप सिंह डागर राजकुमार रावत आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे

# सदभावना यात्रा पहुंची पौनिया,जनता ने किया जोरदार स्वागत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।( 13जनवरी )युवा नेता इंजि प्रशांत भाऊ के





नेतृत्व में जारी सदभावना पद ।अपने मताअघिकार का सही उपयोग करे हमे ऐसा प्रतिनिघि चुनना होगा जो आपकी जरुरतो को समझे उन्होने अनेकों विषयों पर अपनी बात रखी उन्होंने आगे कटंगी खैरलांजी विघानसभा क्षेत्र के हर नागरिक मेरे परिवार का सदस्य है सभी की सेवा निस्वार्थ भावना से करना मेरा उदेश्य है अंत में युवा नेता ने कहा की. सदभावना पद यात्रा के दौरान आप सभी ने जो स्नेह आशीर्वाद साथ दिया उसे में कभी नही भूल सकता। कटंगी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के करीब 86 ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करते ग्राम पंचायत पौनिया पहुंची। सदभावना पद यात्रा को सभी वर्गों का भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है वही युवा नेता प्रशांत भाऊ अपने विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों से सीधे जनसंपर्क कर संवाद कर रहे है भाऊ के सहज सरल स्वभाव से जनता उनसे प्रभावित होकर उनकी यात्रा से जुड़ रही हैं।भाऊ की सेवा भावनाओं की हर जनमानस सराहना कर रहा है भाऊ की बढ़ती लोकप्रियता आगामी समय में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाऊ को एक जनप्रिय लोकप्रिय प्रत्याशी को दशार्ती है जिसका समर्थन जनता करती नजर आ रही है।इस समय प्रशांत भाऊ की लोकप्रियता इतनी ज्यादा है कि अभी विधानसभा चुनाव हो और भाऊ पार्टी बने तो भारी मतों से विजयी होंगें।हालांकि यह सद्भावना पद यात्रा राजनीति से दूर है फिर राजनीतिक गलियारे में भाऊ की चर्चा जोरों पर है जो प्रशांत भाऊ की लोकप्रियता में चार चांद लगा रहा है।

86 ग्रामीण क्षेत्रों व हजारों लोगों से मुलाकात करते हुए यह पद यात्रा करीब 500 किमी तय कर 20 जनवरी को कटंगी नगर मे पहुंचेगी जहां भव्य समापन होगा जिसकी रुपरेखा को अंतिम रूप इंजि प्रंशात भाऊ टीम के द्वारा दिया गया आयोजित कार्यक्रम की शीघ्र घोषणा की जायेगी।

## स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं योग में शामिल हुये भाऊ

ग्राम पंचायत देवरी में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती समारोह में भाऊ ने शिरकत किया और स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर माल्यापर्ण कर भाऊ ने उपस्थित जनो को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये हुए मार्ग पर चलने की अपील की। युवा नेता प्रशांत भाऊ ने शासकीय विद्यालय में पहुँचकर बच्चों के साथ बैठकर योगा किया और योगा के फायदे भी बताएं कि आज योगा प्रत्येक व्यक्ति के जीवन के लिए कितना जरूरी है।

## निस्वार्थ भावना से सेवा करना मेरा उदेश्य

युवा नेता इंजि प्रंशात भाऊ ने कहा की उनकी यह यात्रा गैरराजनीतिक है उन्होंने कहा की सदभावना पद यात्रा के माध्यम से कटंगी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों से सीधा संवाद करने का उन्हे अवसर मिल रहा है जिसका वह क्षेत्र की जनता को धन्यवाद देते है।उन्होंने कहा की हमारे क्षेत्र में संसाधन बहुत है परन्तु जनप्रतिनिधि के द्वारा शासन के द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने में अब तक पहल नहीं किया जिसके कारण हमारे यहां उद्योग स्थापित नहीं हुये आज हमारे युवा बेरोजगार साथी क्षेत्र से पलायन कर अन्य प्रदेशों में जाकर मेहनत मजदूरी करने पर विवश हैं जिसका जिम्मेदार यहां के जनप्रतिनिधि है।अगर हमारे क्षेत्र में भी उद्योग धंधे होते तो शायद हमारे भाई बहन अन्य प्रदेशों में जाकर बंधुआ मजदूरी करने पर विवश न होते।उन्होंने आगे कहा कि आप सभी को अब जागरूक होना चाहिए और आने वाले विधानसभा चुनाव में उन जनप्रतिनिधियों को सबक सिखाना है जो अभी तक क्षेत्र की जनता को सिर्फ बेवकूफ का कार्य करते आ रहे हैं।प्रशांत भाऊ ने इस यात्रा में मिले स्नेह,प्यार व जनता के आशीर्वाद को पाकर अपने आप को धन्य मानते है और जनता का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

# बुनकर समाज का वार्षिक कैलेंडर बिलासपुर विधायक शैलेश पांडे के हाथों हुआ विमोचन

**वार्षिक कैलेंडर के लिए लगातार दूसरा वर्ष सफल प्रयास रहा राधेश्याम कोरी द्वारा**

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख , राधेश्याम कोरी**

बेलतरा बिलासपुर । कोटार वंशीय कोरी बुनकर समाज का वार्षिक कैलेंडर 2023 का लगातार दूसरा वर्ष बिलासपुर विधायक शैलेश पांडे के हाथों बुनकर समाज के वरिष्ठ जनों के उपस्थिति उनके कार्यालय में संपन्न हुआ।

शहर विधायक श्री पांडे जी ने नव वर्ष की शुभकामना देते हुए कहां की समाज के उत्थान के लिए ऐसे ही छोटी-मोटी कार्य करते रहना चाहिए जिससे समाज एकजुट रहता है और इससे बड़ी



से बड़ी कार्य आसानी से पूर्ण होता है इस अवसर पर सी पी वाजपेयी जी भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी समाज के सभी पदाधिकारियों को नव वर्ष की बधाई शुभकामना देते हुए कहा समाज को पूर्ण रूप से शिक्षित करें एवं बच्चों में संस्कार अवश्य डालें तभी सफल समाज की उत्पत्ति होती है। इस अवसर पर बुनकर समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन लाल कोरी, राधेश्याम कोरी, सचिव शैलेंद्र कोरी, सहकोषाध्यक्ष दिनेश कोरी, जी एस कोरी, दिलीप विनोदिया, गोपाल प्रसाद कोरी, राजकुमार उरैहा, रामनिवास कोरी, कोमल प्रसाद कोरी, दिलहरण कोरी, अवधेश विमल कोरी, श्रीमती सुमित्रा कोरी, श्रीमती दुर्गा कोरी, राजा कोरी, प्रकाश कोरी, अमन कोरी, राजा कोरी, पवन कोरी सहित बुनकर समाज के साथी उपस्थित रहे।

# समाजसेवा का कोई रूप नही होता,पुण्यतिथि पर लगाया कैंप

पटौदी/सुरेश कोहलीः विभिन्न सामाजिक संगठन से जुड़े शेरपुर के युवा समाजसेवीं एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया में राज्य संयोजक करण सिंह लखेरा ने अपने पिता रोहतास नंबरदार की प्रथम पुण्यतिथि पर समाज में बड़ा संदेश पेश किया और उनकी याद में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वर्मा डेंटल एवम आई हॉस्पिटल की टीम ने सिम्मी फाउंडेशन की देख रेख में अपना सहयोग किया। और सेंकड़ों मरीजों के शरीर की जांच कर उनको दवाई भी वितरित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड नंबर 8 जिला पार्षद गुरुग्राम यशपाल फरीदपुर ने शिरकत



की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया से राष्ट्रीय मुख्य प्रभारी मास्टर सुरेन्द्र चौहान , उप प्रधान नगरपालिका फारुखनगर व जिला सचिव जयंती चौधरी , नगर पार्षद डॉक्टर अशोक , ब्लॉक समिति चेयरमैन राजेंद्र सिंह , डॉ० पवन बोहरा , सतबीर पंवार रहे। कार्यकम की अध्यक्षता सरपंच शेरपुर सुरेन्द्र गोड ने की व मंच संचालक पूर्व मण्डल महामंत्री मनवीर सिंह ने किया। सर्व प्रथम करण सिंह ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिल कर पिता जी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर फूल अर्पित किये। उस अवसर प्रमुख समाजसेवी लोगो ने करण सिंह की सराहना करते हुए उनके इस नेक काम की प्रशंसा की।

# बैहर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से करवाया मंच का उद्घाटन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।( 13जनवरी )शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर के नवनिर्मित सभामंच एवं माँ सरस्वती जी के मंदिर का उद्घाटन संस्था में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नब्बी लाल गजभिए से कराया गया। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य आलोक चौरे ने बताया कि स्थानीय मद से संस्था में निर्मित सभामंच एवं मां सरस्वती जी के मंदिर का लोकार्पण कराया जाना था। जिसके लिए समस्त विद्यालय स्टॉफ की सहमति से संस्था के मेहनती भृत्य से ही कराया जाने का निश्चय किया गया। जिसके तहत स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर संस्था के भृत्य नब्बी लाल गजभिए से रिबन कटवाकर एवं सरस्वती जी की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर विद्यालय की संस्कृत शिक्षिका कु श्रद्धा तिवारी एवं मंडल संयोजक वी एस बिलखरे के द्वारा मंत्रोच्चार कर शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक कर्मचारियों ने स्वेच्छा से मंदिर एवं मंच की साजसज्जा के लिए लगभग 15 हजार की राशि/सामग्री का सहयोग करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का बढ़ा जानदार

जलगांव/संवाददाता : शहर में आज महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) की एक बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष विनय द.भोईटे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश उपाध्यक्ष ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मनसे को पूरे प्रदेश में मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया की आज जिला स्तर पर काफी लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने बताया की पार्टी को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान जोर शोर से चल रहा है। जिसमे शहर के काफी युवाओं ने मनसे में अपनी आस्था जताते हुए आज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि जलगांव ही नही पूरे महाराष्ट्र प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने व विस्तार हेतु पूरी समर्पित भाव से पार्टी में काम करने की भी बात कही है। इस अवसर पर महेंद्र सपकाले,एडवोकेट जमील देशपांडे,चेतन पवार,सतीश सैंदाने,ललित शर्मा,योगेश बाविस्कर व उमाकांत वाणी भी बैठक में शामिल

## सामान्य अस्पताल पटौदी में टीबी मुक्त सेमिनार में डिप्टी सीएमओ डॉ केशव शर्मा अध्यक्षता में अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष राजू खान ने टीबी मुक्त हरियाणा की शपथ दिलाई

सामान्य अस्पताल में एक टीबी मुक्त जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉ केशव शर्मा और विशिष्ट अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष और प्रमुख समाज सेवी कुंवर राजू खान पटौदी, बुजुर्ग सेवा संस्थापक डॉ गौतम सिंह तवर ,डॉ नरेंद्र यादव ,डॉ सफीक चौहान और एसएमओ फरुखनगर शामिल हुए।



जिसमें मुख्य अतिथि का गुलदस्ता और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और बुजुर्ग सेवा फाउंडेशन की तरफ से भारत माता की तस्वीर देकर डा राजू खान और डॉ गौतम सिंह तवर ने भारत माता की तस्वीर देकर डिप्टी सीएमओ डॉ केशव शर्मा और पटौदी एसएमओ नीरू यादव को सम्मानित किया और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष और पटौदी के प्रमुख समाजसेवी कुंवर राजू खान ने डिप्टी सीएमओ डॉ केशव शर्मा की अध्यक्षता में सभी प्रोग्राम में शामिल हुए प्राइवेट डॉक्टर्स एनजीओ और अस्पताल के सभी स्टाफ को टीबी मुक्त पटौदी और टीबी मुक्त हरियाणा की शपथ दिलाई इस मौके पर बूट सुशांत शर्मा (नेत्र विशेषज्ञ सर्जन) डॉ सौरभ, डॉ सतीश यादव, डॉ शीला और एस एम ओ फरुखनगर सहित आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा का सेवन जरूर करें : जिलाधिकारी सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक

**(संवाददाता) विवेक कुमार!समाज जागरण**

लखनऊ, 12 जनवरी 2023 (सूचना विभाग) जनपद में फाइलेरिया से बचाव के लिए 10 फरवरी से 10 दिन तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाएगा` इसी क्रम में तैयारियों को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री सूर्य पाल गंगवार की द्वारा जिला टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गईं। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे। सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रमो को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार - प्रसार किया जाये। इसके अलावा यू ट्यूब सहित अन्य सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जाए। स्कूल, कॉलेजों और समुदाय में स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा इस अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए ताकि लक्षित आबादी इस दवा का सेवन जरूर करे। उक्त के साथ ही इस बीमारी के सम्बंध स्कूलों व कालेजों के बाहर बीमारी से बचाव व जागरूक करने के लिए पोस्टर बैनर आदि लगवाते हुए इस अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाया जाए जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत दो साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को इस दवा का सेवन नहीं करना है` खाली पेट दवा का सेवन नहीं करना है` समुदाय में लोगों को बताएं कि जिन व्यक्तियों में फाइलेरिया के कीटाणु रहते हैं उन्हें दवा के सेवन के बाद चक्कर आना, जी मिचलाना, उल्टी आना, हल्का बुखार आना आदि समस्याएँ हो सकती हैं लेकिन इससे घबराना नहीं चाहिए। वह थोड़ी देर बाद स्वतः ही ठीक हो जाएगा` इसलिए दवा का सेवन जरूर करें फाइलेरिया से बचाव ही इसका सही उपचार है। इसलिए अभियान चलाकर जिलों में हर साल एक बार फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाती है। जनपद में पहली बार इस अभियान के तहत आइवर्मेक्टिन की दवा डाई इथाइल कार्बामजीन (डी.ई.सी.) एवं अल्बेंडाजोल के साथ खिलाई जाएगी ।

इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनूप कुमार श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. के.डी.मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी डा. रितु श्रीवास्तव,जिला मलेरिया कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी, जिला पूर्ति अधिकारी, पंचायती राज विभाग, आईसीडीएस, शिक्षा विभाग, आईएमए, एनसीसी, सिविल डिफेंस, विश्व स्वास्थ्य संगठन, पाथ और सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च(सीफॉर) के प्रतिनिधि उपस्थित रहेफाइलेरिया के बारे में जानें फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाली संक्रामक बीमारी

# शिवमहापुराण कथा में चौथे दिन हुआ भोले का विवाह संपन्न

जलगांव/योगेश बाविस्कर : शहर के वाल्मिक नगर में चल रहे महाशिवपुराण कथा व संकीर्तन सप्ताह में आज चौथे दिन भगवान शिव का माता पार्वती के साथ विवाह संपन्न हो गया। कार्यक्रम में बहुत ही लोगों की भीड़ के साथ पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। भोले बाबा की बारात में काफी मात्रा में भूतों की टोली भी जमकर थिरकी। परम पूज्य सालिग्राम सिरसाठ कोली महाराज के प्रवचनों से शिव विवाह की



प्रस्तुति को जमकर सहराया गया। कार्यक्रम के अंत में शिव आरती का दृश्य भी काफी सुंदर चित्रण किया गया है। हरिदास महाराज टुनकी, समाजसेवी योगेश बाविस्कर,राजू महाराज,सुभाष महाराज भालोदकर,दत्तात्र्य महाराज,ज्ञानेश्वर महाराज,गजानन महाराज निंबोरा,हरीश महाराज,राजू सूर्यवशी,दौलत कोली,मीनाक्षी सावडे, विष्णु इंगले सहित काफी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर दमोह उकवा में सूर्य नमस्कार का हुआ आयोजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।( 13जनवरी ) स्वामी विवेकानंद जयंती विश्व युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को जिले के सभी स्कूलों में भी सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भी भागीदारी की। सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम शासकीय स्कूल दमोह में पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम के साथ छात्रों ने योगा किया।

युवाओं के प्रेरणा पुंज स्वामी विवेकानंदजी की जयंती के अवसर पर सूर्य नमस्कार योग कार्यक्रम ग्राम दमोह व उकवा मंडल भारतीय जनता पार्टी शक्ति केन्द्रों की बैठक में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मंडल



प्रभारी प्रमोद नेमा,सह प्रभारी मोहबल सिंह उईके,मंडल अध्यक्ष अमित बिसेन,पूर्व अध्यक्ष मुरली नरसवानी,महामंत्रीगण विजय पटले,बलवंत तेकाम,ओमप्रकाश चौकसे,शिवशंकर तिवारी,तरूण रावल,सुरेंद्र गौतम,दिलराज कटरे,राजेन्द्र हरिन्द्वार,अनिता गौतम,जयचंद बिसेन,रमेश पन्द्रे,शैलेंद्र गायग्वाल,ऊषा गिरे,अंजली देशमुख,कॉंती चौहान,बिरसा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष ढालसिंह चौधरी,हेमराज चौहान,दिलीप राहंगडाले,पतिराम मरकाम,मनोज अग्रवाल,सुशील करंडे,तपेश धुले,टेकचंद गौतम,सरपंच व उपसरपंच चालीस बोड़ी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवाओं के अंदर छिपी असीम शक्ति को जागृत करने व श्रेष्ठ दिशा निर्देशन हेतु ब्रह्माकुमारीज मस्तूरी में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तूरी । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मस्तूरी में युवाओं व साधकों के मध्य राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया ' ब्रम्हाकुमारी शशिप्रभा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1984 में जब भारत सरकार ने इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में घोषित किया था। 1985 से प्रति वर्ष देश 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मना रहा है।यह दिन स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है।स्वामी विवेकानंद जीआज भी देश के लाखों युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं, स्वामी विवेकानंद जी भारतीय इतिहास के सबसे प्रभावशाली नेतृत्वकताओं में से एक थे। स्वामी विवेकानंद के भाषण, उनकी शिक्षाएं और उद्धरण हमेशा युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी कहा करते थे कि यह कभी मत कहो कि' मैं यह नहीं कर सकता ' क्योंकि आप अनंत हैं आप कुछ भी कर सकते हैं'"उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए '" स्वामी विवेकानंद जी कहा करते थे कि नास्तिक वह नहीं जो भगवान पर विश्वास नहीं करता बल्कि नास्तिक वह है, जो स्वयं अपने आप पर विश्वास नहीं करता ' अंग्रेजी का 'इंपॉसिबल शब्द अपने आप में कहता है आई एम पॉसिबल' मैं संभव हूं ' स्वामी विवेकानंद जी ने अपने देदीप्यमान अलौकिक छवि से आध्यात्मिकता का परचम विदेश में भी फहराया है ' आज राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर हम सभी को संकल्पित होना हैं कि उनके मार्गदर्शन का हम अनुसरण करें ' स्वामी विवेकानंद जी कहा करते थे कि यदि मुझे बाल ब्रह्मचारी मिल जाए तो मैं इस भारत को स्वर्णिम भारत बनाने की क्षमता रखता हूं ' प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आज इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है जहां हजारों युवा भाई-बहन संपूर्ण सूझबूझ,अलौकिकता,

सद-व्यवहार,व्यसन मुक्त और ब्रह्मचारी जीवन द्वारा विश्व एकता अखंडता वसुधैव कुटुंबकम की भावना को चरितार्थ कर रहा है' इस अवसर पर ब्रम्हाकुमारी श्यामा ने उपस्थित युवाओं व साधकों को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने हेतु संकल्प कराया मन को एकाग्र करने हेतु ध्यान का अभ्यास कराया'

# वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो बालाघाट।( 13जनवरी )जिले के वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने की प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में कान्हा नेशनल पार्क के संयुक्त संचालक नरेश यादव, सहायक आयुक्त जनजातीय विकास राहुल नायक, समिति की सदस्य श्रीमती अनुपमा नेताम एवं तामेश्वर पटले उपस्थित थे। बैठक में जिले के 24 वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने की सूचना जारी करने का निर्णय लिया गया। इन ग्रामों में बफर जोन के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिलाईखार, जैतपुरी, डोंगरिया, समरिया, जरहाटोला, मोहरई, आरमी, सरईपतेरा, पटपरा, घुईटोला, हतबन, बंधनखेरो, टोपला, जुवाड़ीटोला, धीरी, घुरसीबेहरा, सेमरखेरो, खिरसाड़ी एवं बांसगोंदी (बाजघुंदी) तथा उत्तर सामान्य वन मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम कौन्दुल, सुमेरीखेड़ा, आरामटोला, जामुन झिरिया एवं टाटीघाट शामिल है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर भाजयुमो ने यंग इंडिया रन मैराथन का किया आयोजन

(आर एन चौरसिया)
धनबाद, गुरुवार को स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा दिवस के शुभ उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह के नेतृत्व में भाजयुमो यंग इंडिया रन मैराथन का आयोजन किया गया।
यह दौड़ धनबाद गोल्फ ग्राउंड से प्रारंभ होकर पार्क मार्केट हीरापुर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा तक संपन्न हुआ।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमलेश सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हमारे पथ प्रदर्शक हमारे आदर्श हैं, हम राष्ट्रवादी विचारधारा के लोग स्वामी विवेकानंद के बताए राह पर चलते हैं।स्वामी विवेकानंद ने भारत के धर्म संस्कृति सभ्यता को विश्व के पटल पर पुनः स्थापित करने का काम किया है और इसीलिए भारत के युवा स्वामी विवेकानंद को आत्मसात करते हैं और हम उनको अपने आदर्श मानकर युवा वर्ग अधिक से अधिक देश के विकास में अपनी भागीदारी दर्ज कराएं। आज हम यंग इंडिया मैराथन का आयोजन कर रहे हैं ,जिसमें हम सभी युवा यह नारा देते हुए दौड़ रहे हैं कि भारत का विकास चौतरफा हो और भारत के सभी युवा स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चले।मैराथन रन के पश्चात सभी युवाओं ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। इस कार्यक्रम में भाजयुमो झारखंड प्रदेश महामंत्री रुपेश सिन्हा, सुमित प्रामाणिक, संजय शर्मा, विकास चौरसिया, हलधर महतो, उत्तम मंडल, मनोज भवानी, अशोक बारीक, सिकन्दर मुर्मू, मुक्तेश्वर महतो,सुजीत महतो,मुल्लू सरदार,रवि कोरंगा,मंटू महतो,राजाराम सिंह इत्यादि लोग मौजूद थे।



## कॉमर्स कॉलेज मधेपुरा में धूमधाम से मनाई गई स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती

# प्रिंसिपल डॉ.अरविंद बाबू नें स्वामी जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण


मधेपुरा । स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती के मौके पर गुरुवार को पूरे धूमधाम से बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में एन एस एस के तत्वावधान में मनाई गई। इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रो.(डॉ.)अरविंद कुमार की अगुआई में प्राध्यापकों नें दीप प्रज्वलित कर किया।वक्ताओं नें स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।इस मौके पर प्रिंसिपल प्रो.अरविंद बाबू नें कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई जाती है। इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस भी कहा जाता है। स्वामी विवेकानंद का युवाओं से गहरा नाता था, इसलिए उनके जन्म दिवस को युवाओं के लिए समर्पित किया गया है। करोड़ों युवा आज भी विवेकानंद को अपना आदर्श मानते हैं। उन्होंने युवाओं का सही मार्गदर्शन करने के लिए सफलता के कुछ मंत्र दिए, जिन्हें आज भी अपने जीवन में अपना कर लोग सफलता की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। उनके विचार लोगों की सोच और व्यक्तित्व को बदलने वाले हैं। यदि आप उनके विचारों को अपनाते हैं तो निश्चय ही आपको सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।




# पांचवे दिन सीता राम विवाह का प्रसंग सुन भावविभोर दिखे श्रोता

**समाज जागरण अमेठी**
**जितेन्द्र शर्मा**

विकास खंड भेटुआ के अरसहनी गाँव में विगत ग्यारह वर्षों की भांति इस वर्ष भी संगीतमयी राम कथा का आयोजन पूरे भक्ति भाव से सम्पन्न हो रहा है
बीते आठ जनवरी से क्षेत्र के कथा रसिक निरंतर कार्यक्रम स्थल पर पहुँच मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र जी की पावन संगीतमयी कथा का कथा व्यास आचार्य रोहित शरण जी महराज के श्री मुख से रसपान कर रहे हैं
गुरुवार को कथा के पांचवे दिन श्रद्धालुओं को व्यास पीठ से भगवान श्री राम व माता सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए लक्ष्मण और भगवान परशुराम के संवाद का मनमोहक संगीतमयी वर्णन किया गया जिसको सुन भक्ति में लोग भावविभोर नजर आये
आयोजक मंडल के सदस्य चिंता मणि मिश्र,लालजी मिश्र,पप्पू मिश्रा,अंजनी मिश्रा अंगद मिश्रा,पिंकू सिंह,प्रदीप तिवारी,सुशील शुक्ला,सूर्यकांत तिवारी,केपी यादव,सोनू सिंह सहित अरसहनी गाँव के ग्राम वासियों ने बताया कि 14 जनवरी को कथा का समापन है जिसके उपलक्ष्य में 15 जनवरी को पूणार्हुति एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगो



# छत्तीसगढ़ दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी संघ का आवश्यक बैठक

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख,राधेश्याम कोरी की खास रिपोर्ट** बेलतरा बिलासपुर। रायपुर कलेक्टर गार्डन में प्रांतीय कार्यकारिणी का आवश्यक बैठक रखा गया था दिनांक 08.01.2023 को जिसमें प्रातीय अध्यक्ष पुकराम कुर्रे द्वारा विचार व्यक्त हुए कहा गया कि संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया, साथ ही प्रांतीय संयोजक श्री मनोज कुमार महिलांगे ने भी विस्तार से संगठन पर प्रकाश डालते हुए कहा की समस्त विभाग के दिव्यांग कर्मचारी एकता का परिचय देते हुए ताकि हमारी मांग बहुत जल्द पूर्ण हो, और आगामी दिनों जल्द ही सीएम से मिलकर मांग को पूरा कराया जाएगा बैठक में विभिन्न विषय में चर्चा किया गया आगामी दिनों में माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी से मिलकर संगठन का वार्षिक 2023 विमोचन कराने निर्णय लिया गया माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी के सामने निम्नलिखित मांग रखा जाएगा। 101. दिव्यांग कर्मचारी को केन्द्र के समान दिव्यांग वाहन भत्ता में वृद्धि किया जाय। 02. प्रमोशन में आरक्षण बहाल किया जाय। दिव्यांग कर्मचारी को आवागमन सुविधायुक्त निवास के समीप पोस्टिंग, पदोन्नति, ट्रांसफर किया जाय।
03. दिव्यांग कर्मचारी को खुली ट्रांसफर नीति नियम बना कर लागू किया जाय। 04. पुरे समस्त जिला में संगठन का विस्तार कर जिला कार्यकारिणी गठन किया जाय। 1 05. परिक्षा अवधी में रह रहे प्राध्यापक कि परिक्षा अवधी को मात्र एक वर्ष किया जाए और स्थानातरण में परिक्षा अवधी रहते हुए भी मनचाहे जगहों पर करा सके को रुकावट न हो ।06. समस्त विभागों के दिव्यांग अधिकारी कर्मचारीयों की समस्या को प्रांताध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी गणों से सम्पर्क कर आवेदन दिया जाए उस आवेदन पत्र की हल पदाधिकारी के निर्णय सर्वमान्य होगा और उसका निराकरण तत्काल किया जाएगा। आवेदन पत्र व्हाटसअप के माध्यम से किया ऑफलाईन जमा किया जाए।
प्रांतिय बैठक में सभी जिलों के पदाधिकारी एवं काति कार्यकारिणी में मौजूद रहे सचिव श्री ईश्वर सोनी संगठन सचिव मोहर सिंह मरकाम, जिलाध्यक्ष रायपुर शांति लाल डहरिया, बलौदा बाजार से जय प्रकाश बंजारे, बस्तर संभाग से हरि झा दुर्ग से सुरेश, महासमुंद से रण साहू बिलासपुर जिला अध्यक्ष देवसिंह बंजारे, सलाहकार शाफिक अहमद खान महासचिव टाकेश्वर वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य योगेन्द्र ध्रुव संजय कुमार बजारे, किर्तन पटेल सोनू सिंह दीवान सकेश्वर धुंद, मिथलेश साहू उपस्थित रहे।



# पंचायत सरकार भवन में हो रहे चरदीवाली निर्माण में ग्रामीणों ने अनियमतता का लगया आरोप

**-ग्रामीणों ने डीएम से की संवेदक पर कार्रवाई की मांग**

हरलाखी/सं। स्थानीय प्रखंड के सोनई पंचायत में पंचायत सरकार भवन के चरदीवाली निर्माण में अनियमता की शिकायत ग्रामीणों ने की है। बताया गया है की योजना के अनुरूप कार्य नही हो रहा है। स्थानीय ग्रामीण शशिकांत ठाकुर, शुभम कुमार, दीपू साफी, रणधीर ठ-ाकुर, राम लाला ठाकुर समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि पंचायत सरकार भवन में हो रहे चरदीवाली निर्माण में घोर अनियमता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया घटिया सीमेंट मिट्टी युक्त बालू तीन नंबर ईट का ईस्तेमाल किया जा रहा। पूरे कार्य में सरकारी राशि का बंदरबांट किया जा रहा है। संवेदक कुछ विचौलियों को खर्चा पानी देकर मनमाने ढंग से कार्य कर रहा है। वही कार्य स्थल पर मानक बोर्ड भि नही लगाया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक घटिया निर्माण कर मोटी रकम बचत करने के फेरी में है। ग्रामीणों ने उक्त योजना की जांच कर कार्रवाई करने का मांग जिला पदाधिकारी से किया है।



# सलहा को 48 रनों से हराकर फाइनल में पहुंची त्योंथ की टीम

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता दीपक अकेला बिंदास की रिपोर्ट-** बेनीपट्टी प्रखंड स्थित पलटू लोरिक उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित केटीसीसी टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफइनल मैच में त्योंथ पंचायत ने सलहा पंचायत टीम को 48 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश कर गया. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए त्योंथ पंचायत ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर -273 जिसमे त्योंथ पंचायत टीम से अनिल 83 रन आकाश 48 रन विकास 40 रन एवं अन्य खिलाड़ी ने बनाया।
यहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए सलहा पंचायत सभी विकेट खोकर 16.3ओवर में 225 रन ही बना सकी. जिसमे गुलशन ने 24, शुभम 23 और कौशल 56 एवं अन्य खिलाड़ी का रनों का योगदान शामिल है.
जबकि त्योंथ की ओर से रवि ने 7 विकेट लिए जबकि अनिल 1और अन्य खिलाड़ी ने विकेट लिया, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए त्योंथ पंचायत टीम के
रवि को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया. रवि ने 8 बॉल में 31 रन बनाएं और 4 ओवर में 33 रन देकर 7 विकेट हासिल किया है. पहले सेमीफाइनल में मनपौर पंचायत जीत दर्ज कर पहले ही फाइनल में प्रवेश कर चुकी है. किया.
फाइनल मैच रविवार को मनपौर पंचायत व त्योंथ पंचायत के बीच मुकाबला होगा.वही इस मैच में अंपायर धीरेन्द्र कुमार, व मदन मेहता कंमेंटेटर सुनील कुमार व सुजीत कुमार मिडिया प्रभारी दीपक अकेला बिंदास व सिग्मा कोचिंग सेंटर व सिग्मा किड्स प्ले स्कूल के संचालक रौशन महतो व आयोजक समिति के सदस्यों ने त्योंथ पंचायत के टीम से रवि को मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया।

# स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन कर ईसीआरकेयू मनाए राष्ट्रीय युवा दिवस।

## कुल 163 लोगों ने कराए अपने स्वास्थ्य की जांच पुराना पेंशन मांग को लेकर युवा साथियों ने मनाएंगे ओल्ड पेंशन डे ।

(आर एन चौरसिया)
धनबाद, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन धनबाद शाखा दो के हिल कॉलोनी स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया । इस जांच शिविर में पाटलीपुत्र मल्टीस्पेसलिसट हॉस्पिटल धनबाद का जांच टीम और धनबाद रेल मंडल अस्पताल के टीम संयुक्त रूप से इस जांच शिविर में शामिल थे। यह शिविर सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक कुल 163 रेलकर्मी और उनके परिवार अपने स्वास्थ्य की जांच कराए।इस शिविर में ईसीआरकेयू के केंद्रीय अध्यक्ष ,डीके पांडे उपस्थित होकर नेतृत्व की।जबकी जांच टीम मे पाटलिपुत्र मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के डायरेक्टर निर्मल ड्रोलिया आपने पूरी जांच टीम के साथ और धनबाद रेल मंडल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ, डी एल चौरसिया भी अपने पूरे टीम के साथ मौजूद थे।
इस कार्यक्रम में ईसीआरकेयू के,डीके पांडेय, एके दा, टीके साहू,एनके खवास, सोमेन दत्ता, नेताजी सुभाष, बीके दुबे, इन्द्रमोहन सिंह,आरके प्रसाद, परमेश्वर कुमार,आरके सिंह, एसके महतो, एस मंजेश्वर रॉव, तपन बिस्वास,मनोज कुमार तिवारी,ए पूरन, प्रभाकर,रीतलाल, प्रमोद कुमार,विश्वजीत मुखर्जी मंटू सिन्हा,संदीप खमारु,और



# नगरपरिषद की बेहतरी के लिए मां खड़गेश्वरी से आशीर्वाद के उपरांत चेयरमैन पद के लिए विजय बाबू लेंगे शपथ

## दूसरी दफे उप मुख्य पार्षद पद का संभालेंगे गौतम साह

अररिया । नगर परिषद के नव निर्वाचित मुख्य पार्षद उप मुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण 13 जनवरी को समाहरणालय के परमान सभागार किया जाएगा ।शपथग्रहण समारोह को लेकर जिला प्रशासन नें सारी तैयारी पूरी कर ली है ।इधर नगर परिषद के प्रथम मुख्य पार्षद रहे श्री विजय कुमार मिश्रा के इस दफे हुए डायरेक्ट मतदान से चेयरमैन पद के चुनाव में मुख्य पार्षद पद पर भारी मतों से जीतने वाले श्री मिश्रा ने बताया मां खड़गेश्वरी काली की आशीर्वाद के उपरांत नगरपरिषद की बेहतरी के लिऐ निर्धारित समय पर वे शपथ ग्रहण स्थल पर जा शपथ लेंगे।अपने दायित्व और कर्तव्य का निर्वाहन ठीक ढंग से कर सकू इसके लिए बाबा वैद्यनाथ और नगर परिषद के आम जनमानस से स्नेह और आशीर्वाद की आकांक्षी हूं।
बताते चले कि कपकपाती ठंड और शीत लहर को देखते हुए,नव निर्वाचित चैयरमेन श्री विजय मिश्रा ने ठंड से राहत के लिए भी नगर परिषद के हर चौक चौराहे के साथ बस स्टैंड रेलवे स्टेशन,अस्पताल परिसर में अलाव की व्यवस्था के भी निर्देश दे चुके हैं।साथ ही उन्होंने कहा वर्तमान में अलाव की व्यवस्था जो नप के द्वारा की गई वह नाकाफी है और इसे लेकर उन्हौने नाराजगी भी जाहिर किया।वे दूसरी बार नगर परिषद के चेयरमैन की कुर्सी संभालेंगे ।जबकि दूसरी दफे उप मुख्य पार्षद का तख्त पर अररिया आर एस निवासी समाजसेवी गौतम साह विराजमान होंगे ।वे भी कुल देवता-देवी की पूजा अर्चना कर शपथग्रहण समारोह में भाग लेने आएंगे ।






# किसानों की मांग, दिन में विद्युत कटौती न करने का सरकार लागू करे फरमान

**समाज जागरण**
**अभिषेक तिवारी अमेठी**

रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं की प्रथम सिचाई में विकास खंड भेटुआ के किसान व्यस्त हैं
भीषण ठंड में जान की परवाह किये बगैर ये कर्मवीर अपनी फसल की सिचाई करने के लिए दिन भर खेतों में शीत लहर के थपेड़े सह रहे हैं बावजूद इसके विद्युत विभाग की असंवेदनशीलता के चलते इनके खेतों की सिचाई नहीं हो पा रही बता दें भेटुआ में अधिकांश किसान खेतों की सिचाई के लिए प्राइवेट अथवा राजकीय नलकूपों पर निर्भर करते हैं, परन्तु विद्युत विभाग द्वारा दिन के समय आपूर्ति में की जा रही अंधाधुंध कटौती के चलते किसानों को गेंहू की सिचाई करने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है
किसानों का कहना है कि गेंहू की फसल के लिए प्रथम सिचाई के समय पानी की सीमित मात्रा का प्रयोग नितांत आवश्यक होता है इसलिए दिन के समय ही खेतों की सिचाई की जा सकती है परन्तु अफसोस सरकार तथा विद्युत विभाग इन बातों को नजरअंदाज कर रहे हैं जो कतई भी जायज नहीं, आखिर हम भी तो इंसान ही हैं
ऐसे में किसानों ने मांग की है कि कम से कम एक महीने के लिए सरकार, किसान हित में ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग को आदेशित करे

# अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराकर लाभान्वित हो

ओंकार नाथ चौधरी
जनपद श्रावस्ती श्रावस्ती, माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, श्रावस्ती के आदेश के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती के तत्वावधान में 11.02.2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रातः 10.00 बजे से स्थान-नवीन दीवानी न्यायालय परिसर श्रावस्ती, जिलाधिकारी के अधीन सभी कार्यालयों व न्यायालयों व तहसील भिनगा, तहसील इकौना, तहसील जमुनहा के मुख्यालय परिसर में किया जायेगा।
उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लम्बित व्यवहारिक वाद, चेक बाउन्स के वाद, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अन्तर्गत संस्थित मामले, भरण-पोषण के वैवाहिक/पारिवारिक विवाद से सम्बन्धित मामले, राजस्व वाद, श्रम अधिनियम, शाप ऐक्ट, नाप-तौल के मामले, नकल विरोधी अधिनियम, विद्युत अधिनियम, आबकारी अधिनियम, जिला परिषद एवं नगर पालिका परिषद अधिनियम, उपभोक्ता फोरम के वाद, मनोरंजन कर के मामले राजस्व वाद भूमि अध्याप्तिवाद, बैंक वसूली वाद, किरायेदारी वाद, स्टाम्प एक्ट, चकबंदी वाद, दाखिल खारिज, लघु फौजदारी वाद, इसी प्रकार के अन्य समस्त वाद पूर्व प्री-लिटीगेशन वादों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा। आप अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराकर लाभान्वित हों

# भाई ने लिया संकल्प कि बहन की शादी उसकी उम्र 18 वर्ष पूरी होने के बाद ही करूँगा

ओंकार नाथ चौधरी जनपद बलरामपुर नया सवेरा योजनान्तर्गत चलाये जा रहे बाल संरक्षण जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पडरी के लोगों ने ग्राम पंचायत को बालश्रम और बाल विवाह मुक्त रखने का लिया संकल्प ` जनपद में श्रम विभाग,यूनिसेफ और उद्दमिता विकास संस्थान के सहयोग से चलायी जा रही बाल संरक्षण जन जागरूकता अभियान के आज 22वे दिन विकास खंड बलरामपुर के ग्राम पंचायत पडरी में संस्कार संस्था के द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया` संस्था के लोगो के द्वारा आशा और आंगनवाडी के सहयोग से ग्राम पंचायत में सर्वे का भी कार्य किया गया` सर्वे के द्वारा यह जानने का प्रयास किया गया कि ऐसे कितने बच्चे है जो नियमित विद्यालय नहीं जाते है या जो कही ना कही मजदूरी करते हो या ऐसे बच्चे जिनका बाल विवाह होने की संभावना है इस कार्य में ग्राम पंचायत की आशा और आंगनवाडी का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ` सर्वे के बाद संस्कार संस्था के राघवेन्द्र,धीरेन्द्र, मधुलिका,सूरज और रतिराम के द्वारा बालश्रम और बाल विवाह पर नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगो को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराने का प्रयास किया गया` बाल विवाह का मंचन देख ग्राम पंचायत के एन व्यक्ति ने जो की अपनी वहन की शादी तय कर रखी थी ने ग्राम पंचायत के सामने इस बात का संकल्प लिया कि मै अपने वहन की शादी उसकी उम्र 18 वर्ष पूरी होने बाद ही करूंगा` नुक्कड़ नाटक के बिच बिच में लोगो को टी आर पी नया सवेरा , श्री मनोज तिवारी जी द्वारा लोगो को बालश्रम और बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसको रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाये जा रहे उपायों के विषय में विस्तृत जानकारी देने के साथ ही साथ सरकार द्वारा चलायी जा रही बालश्रमिक विद्या योजना और मुख्य मंत्री बाल सेवा योजना की भी जानकारी दी गयी` क्षेत्र पंचायत सदस्य और पंचायत सहायक ने भी लोगो से अपील किया की कोई भी ब्यक्ति बच्चों से मजदूरी ना कराये और ना ही बाल विवाह करे` कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने ग्राम पंचायत को बालश्रम और बाल विवाह मुक्त रखने का संकल;प लिया`
कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, आशा बहु, आंगनवाडी,क्षेत्र पंचायत सदस्य के अलावा ग्राम पंचायत के अन्य प्रभावशाली लोगो ने प्रतिभाग किया



# पन्द्रह दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु कर सकते हैं आवेदन -: जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशनलाल पुष्कर

ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशन लाल पुष्कर ने बताया है कि उ०प्र० माटीकला बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित 15 दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु परम्परागत माटी कला के कामगार एवं माटीकला में रूचि रखने वाले 25 लाभार्थियों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक व्यक्ति आवेदन हेतु आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, कक्ष संख्या-28 विकास भवन, भिनगा से प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मोबाइल नम्बर 8418850755 पर सम्पर्क कर सकते है



# धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

धनबाद , धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने पार्क मार्केट स्थित स्वामी विवेकानंद जी के प्रतीमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की
स्वामी विवेकानन्द आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि हैं। उनके द्वारा किये गए कार्य भारत की युवा पीढ़ी के लिए ज्ञान, प्रेरणा एवं तेज के स्रोत है। मौके पर काफी संख्या मे गण्यमान्य लोग भी मौजूद थे।



# भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संस्था ने मनाया स्वामी विवेकानंद जयंती।

धनबाद, गुरुवार को विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर भारतीय गैर सरकारी समाज सेवी संस्था इप्टा , भारत संस्कार तथा सलूट तिरंगा के मुख्य पदाधिकारियों ने मिलकर मनाया स्वामी विवेकानंद जयंती । जिसमें शपथ लिया गया कि हम लोग भारत के विकास के गति देने के लिए विवेकानंद जी के द्वारा बताये गये मार्गो पर चलेंगे। इस अवसर पर डा0 परमानंद मोदी ने कहा मेहनत कभी विफल नहीं होता । लोगों को प्रयासरत रहना चाहिए । इसी प्रेरणा को लेकर हम सब संकल्प लेते हुए उनकी बातों को अपने जीवन मे आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर मुख्य रुप से एचडी प्रसाद, प्रमोद गुप्ता, पंचानन झा, विनोद कुमार, डॉक्टर परमानंद मोदी, सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।



## मैथन टोल प्लाजा पर वाहनों में लगाया गया रिफ्लेक्टिव टेप

(आर एन चौरसिया) धनबाद, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 11 जनवरी से 17 जनवरी 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है।
इसी कड़ी में आज जिला परिवहन पदाधिकारी , राजेश कुमार सिंह एवं ट्रैफिक डीएसपी , राजेश कुमार के नेतृत्व में मैथन टोल प्लाजा पर वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया। साथ ही नुक्कड़ नाटक द्वारा लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।
इस मौके पर ट्रैफिक डीएसपी ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत आज मैथन टोल प्लाजा में एक विशेष कैंप का आयोजन कर झारखंड में प्रवेश करने वाले वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया। यह सड़क दुघर्टना को रोकने में मददगार बनेगा। इससे रत के अंधेरे में सामने वाले वाहन सावधान होंगे।

## बाघमारा के विधयाक ढुल्लू महतो से मिलने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री, कहा जेल ही नही बारूद पर खड़ा है धनबाद, पुलिस मुक दर्शक बनी हुई है, बाबूलाल

धनबाद-- जेल में बंद बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो से मिलने पहुंचे भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा की जेल ही नही पूरा धनबाद बारूद पर खड़ा है। उन्होंने आगे कहा की धनबाद अपराधियों की नगरी बन गई है। अपराधी बेखौफ होकर अपराध कर रहे है, और पुलिस मुक दर्शक बनी हुई है।यहा की जनता डरी सहमी है।वही पारसनाथ मामले पर कहा की सरकार को वहा की समस्या का समाधान करना चाहिए। वही भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा की हमारे पार्टी के विधायक जेल में बंद है उनसे मुलाकात करने धनबाद आया था। ज्ञात हो की बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो वर्दी फाड़ने और वारंटी को छुड़ाने के मामले में हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरेंडर कर जेल में बंद है।



# स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

मुसाफिरखाना के युवक मंगल दल नेवादा के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण के साथ प्रारंभ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रितेश कुमार वर्मा द्वारा युवा शपथ दिलाई गयी इन्होंने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व व विचारधारा पर प्रकाश डाला युवक मंगल दल नेवादा द्वारा देश के निर्माण एवं विकास में युवाओं की भूमिका विषय पर गोष्ठी के संबंध में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं को युवा मंगल दल अध्यक्ष अमित यादव द्वारा मंगल दल ग्राम पंचायत में किया जा रहा विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी उक्त मौके पर घनश्याम पांडे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## क्षेत्राधिकारी गौरीगंज द्वारा स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक ।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

आज राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज गौरीगंज जनपद अमेठी में ह्लस्टूडेंन्ट पुलिस कैडेटह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज गौरीगंज के छात्र-छात्राओं को 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076 ज्मुख्यमंत्रीहेल्पलाइन, 1098-चाइल्ड लाइट्ठ एवं पुलिस कार्य प्रणाली जैसे आपदा प्रबन्धन, यातायात प्रबन्धन एवं यातायात नियमों आदि के बारे में जानकारी दी गयी । प्रत्येक थानों पर महिला शिकायतकर्ता के लिए स्थापित ह्लमहिला हेल्प डेस्कह्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी,जहाँ पर कोई भी महिला/बालिका अपनी शिकायत गोपनीय तरीके से दर्ज करा सकती है ।



## एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम का दिया गया प्रशिक्षण

**कृति कुमारी, समाज जागरण संवाददाता**

पकरीबरावां( नवादा)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत गुरुवार को आशा, आंगनबाड़ी सेविका एवं शिक्षकों का प्रखंडस्तरीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल कुमार सिन्हा एवं स्वास्थ्य प्रबंधक विश्वजीत देवगन ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रशिक्षण के लिए शिडयूल बनाया गया है। पहले दिन कोनन्दपुर एवं पोकसी पंचायत के आशा, आंगनबाड़ी सेविका एवं प्रत्येक विद्यालय के दो- दो शिक्षकों का प्रशिक्षण हुआ। पॉपुलेशन फाउंडेशन के प्रतिनिधि नवीन पांडेय ने प्रशिक्षण के दौरान एनीमिया के कारण, इसके लक्षण एवं निवारण के उपाय आदि की विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि 6 माह से 59 माह के बच्चों को आंगनबाड़ी सेविकाएं आयरन सिरप पिलाएंगीं। 5 वर्ष से 9 वर्ष के बच्चे- बच्चियों को आयरन का गुलाबी रंग का टैबलेट प्रत्येक बुधवार को 52 सफ्ताह तक दिया जाएगा। 10 वर्ष से 19 वर्ष तक के किशोर- किशोरियों को नीली रंग की गोली सफ्ताह में एक दिन दी जाएगी। बच्चों को टैबलेट देते समय शिक्षक भी आयरन की गोली खाएंगे। 10 से 19 वर्ष की जो बच्चियां विद्यालय नहीं जाती हैं उन्हें आंगनबाड़ी सेविकाएं आयरन की टैबलेट देंगी।



## पंचायतों के लिए मास्टर ट्रेनर प्रतिनियुक्त

**कृति कुमारी, समाज जागरण संवाददाता**

पकरीबरावां( नवादा)। बिहार जाति गणना के लिए मास्टर ट्रेनर बनाये गये हैं। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि बिहार जाति गणना के प्रथम चरण का कार्य 7 जनवरी से 21 जनवरी तक किया जाना है। पंचायत स्तर पर देख रेख के लिए मास्टर ट्रेनरों की प्रतिनियुक्ति की गई है। शिक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा को पकरीबरावां उत्तरी एवं पकरीबरावां दक्षिणी, संतोष कुमार को बेलखुंडा एवं धमौल, उत्तम कुमार को गुलनी एवं ज्यूरी तथा आशीष कुमार को पोकसी एवं डुमरावां पंचायत का मास्टर ट्रेनर बनाया गया है। इसी तरह विकास कुमार को दतरौल एवं बुधौली, गणेश चौहान को एरुरी एवं कबला, अभिषेक कुमार को धेवधा एवं ढोंढा तथा कचहरी सचिव मंजू कुमारी को उकौड़ा एवं कोनन्दपुर पंचायत का मास्टर ट्रेनर बनाया गया है। सभी मास्टर ट्रेनरों को अपने निर्धारित पंचायतों में गणना करने में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका निराकरण करने का निर्देश दिया गया है। उन्हें आवंटित पंचायतों का प्रतिदिन भ्रमण कर प्रगणक एवं पर्यवेक्षक से सामंजन स्थापित कर जाति आधारित गणना का कार्य समय पर पूर्ण करने को कहा गया है।

## भूमि विवाद के निपटारे के लिए जनता दरबार

**समाज जागरण संवाददाता** पकरीबरावां( नवादा)। धमौल ओपी परिसर में गुरुवार को अंचलाधिकारी नरेंद्र कुमार एवं धमौल एसआइ संतोष कुमार की देख रेख में भूमि विवाद के निपटारे के लिए जनता दरबार आयोजित की गयी। अंचलाधिकारी ने बताया कि जनता दरबार में चार मामले आये। तीन मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। एक मामला के निपटारा के लिए अगली तिथि मुकर्रर की गयी।

## बीपीआरओ ने पंचायत सचिवों को दिया निर्देश

**समाज जागरण संवाददाता** पकरीबरावां( नवादा)। सात दिनों के अंदर मापी पुस्तिका के आधार पर वार्ड क्रियान्वयन समिति के खाते में राशि जमा कराने का निर्देश प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी गौरव कुमार ने सभी पंचायत सचिव को दिया है। बताया गया कि प्रखंड के 16 पंचायतों के लगभग सभी वार्डों में पूर्व के वार्ड सदस्य एवं वार्ड सचिव द्वारा धरातल पर जितना काम किया गया है, उससे कहीं ज्यादा राशि की निकासी कर ली गयी है। जिसके कारण वर्तमान वार्ड सदस्य द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही है। जिसके आलोक में कई पंचायतों की जांच की गई। जिसमें मामला सही पाया गया है। उन्होंने कहा कि यदि सात दिनों के अंदर राशि वार्ड क्रियान्वयन समिति के खाते में वापस नहीं किया गया तो ऐसे वार्ड के पूर्व वार्ड सदस्य एवं सचिव को चिन्हित करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

## डुमरावां से दो वारंटी गिरफ्तार

**समाज जागरण संवाददाता** पकरीबरावां( नवादा)। पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के डुमरावां गांव से दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। नवल यादव एवं बाल्मीकि यादव को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## पर्यवेक्षकों की बैठक आज

**समाज जागरण संवाददाता** पकरीबरावां( नवादा)। जाति गणना में लगाये गये पर्यवेक्षकों की बैठक शुक्रवार को होगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि कार्य में तेजी लाने सहित अन्य जानकारी देने के लिए इंटर विद्यालय पकरीबरावां में बैठक होगी।

## जयंती पर याद किये गए स्वामी विवेकानंद

**गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा):-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 160वीं जयंती पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया



गया। संपूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति का प्रचार - प्रसार करने वाले ओजस्वी वक्ता महान विचारक युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने कहा कि स्वामी स्वामी विवेकानन्द जी के विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक है।युवाओं को उनके बताए गए मार्गो पर चलने एवं उपदेशों को आत्मसात करने की जरूरत है।इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।मौके पर उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार उर्फ मान सिंह, धर्मपाल कुमार ,भाजपा के नगर महामंत्री सुमन कुमार , वहा मौजूद विद्यार्थी परिषद के अन्य कार्यकर्ता गण आकाश कुमार ,रोशन कुमार ,सौरभ कुमार ,अमन कुमार ओझा ,विकास कुमार , रजनीश कुमारी, पूजा कुमारी, स्नेहलता कुमारी, सुमन सौरभ कुमार मौजूद रहे।

## अशोक प्रसाद जिला कांग्रेस कमिटी ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोनीत

**गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा)। वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के मीरचक ग्रामीण सह सामाजिक कार्यकत्ता अशोक प्रसाद को कांग्रेस पार्टी के ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पार्टी के ओबीसी विभाग के चेयरमैन अनुराग चंदन ने अशोक प्रसाद को नियुक्ति पत्र प्रेषित करते हुए कहा है ,कि आपके सहयोग से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हाथों को मजबूती मिलेगी। आपके नेतृत्व में जिला स्तर पर कांग्रेस पार्टी काफी सशक्त हो सकेगा। अशोक के मनोनयन पर पार्टी के वरिष्ठ नेता सह काशीचक के पूर्व जिला पार्षद डॉ राजीव कुमार सहित अन्य पार्टी कार्यकताओं ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

## बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले में बेखौफ अपराधियों ने दलान में सो रहे गिट्टी व्यवसाई को गोली मारकर हत्या कर दी, जांच में जुटी पुलिस।

**दैनिक समाज जागरण, सचिन कुमार सिंह, जिला संवाददाता**

औरंगाबाद( बिहार) 12 जनवरी 2023:-औरंगाबाद जिले में बेखौफ अपराधियों ने दलान में सो रहे एक गिट्टी व्यवसाई को बिस्तर के ऊपर से गोली मारकर हत्या कर दी। यह मामला ओबरा थाना क्षेत्र के चेचाढ़ी गांव की हैं। जहां उस गांव निवासी 45 वर्षीय सत्येंद्र सिंह अपने घर के दालान में सोए हुए थे तभी अहले सुबह अपराधियों ने उन्हें गोली मारकर हत्या कर दी। परिजनों को इस घटना की जानकारी तब हुई जब अहले सुबह मृतक का बिस्तर खून से लथपत देखा। हालांकि इसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया।

बताया जाता है मृतक के परिजनों को जब तक इस घटना की जानकारी हुई तब तक अपराधी वारदात को अंजाम देकर मौके पर फरार हो गए। इसके बाद घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। वहीं वारदात में शामिल अपराधियों की धर पकड़ को लेकर पुलिस छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मृतक गिट्टी व्यवसाई थे।



थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने बताया कि एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी है। फिलहाल हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले में परिजनों के द्वारा प्राप्त आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएंगी।

## स्वामी जी द्वारा युवाओं को दिए गए संदेश आज भी राष्ट्र कल्याण के लिए प्रासंगिक- डॉक्टर विवेकानंद मिश्र

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद**

गया( बिहार)- 12 जनवरी 2023-स्वामी जी द्वारा युवाओं को दिए गए संदेश आज भी राष्ट्र कल्याण के लिए प्रासंगिक है ' उक्त बातें डॉक्टर विवेकानंद पथ स्थित, हरि अनंत सेवा धाम के प्रांगण में भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा एवं कौटिल्य मंच द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद की जयंती समारोह के दौरान डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा ने कहीं ' ऐसे तो समारोह का शुभारंभ विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े ब्राह्मण महासभा एवं कौटिल्य मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ मिश्रा ने कहा कि हमारा देश विश्व में सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश है। यहां के युवाओं में सकारात्मक सोच जागृत होने के कारण ही आज सशक्त, समृद्ध और गतिशील होकर भारत विश्व में सभी क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, यह हमारे लिए खासकर युवाओं के लिए गौरव का विषय है। इसकी पृष्ठभूमि में स्वामी विवेकानंद जी के महान योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।समारोह में पधारे मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी सुमन गिरी ने कहा कि "आत्मवत सर्वभूतेषु " को ध्येय मानकर सभी प्राणियों को स्वयं की तरह ही देखो। स्वामी विवेकानंद जी का यह आध्यात्मिक प्रेरणादायी विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना पहले था 'मगध विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष रहे जाने-माने साहित्यकार प्रोफेसर उमेश चंद्र मिश्र शिव ने कहा कि स्वामी जी ने युवाओं में चरित्र निर्माण की सर्वाधिक आवश्यकता पर बल दिया था, किंतु आज पाश्चात्य सभ्यता



के बहाव में एन केन प्रकारेण अर्थ प्राप्ति के चक्कर में अपने संस्कार, चरित्र व नैतिकता को भूल रहे हैं जो चिंता का विषय है।ऑल इंडिया जूलॉजी साइंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ बीएन पांडे ने कहा कि हमारे युवाओं में हर परिस्थिति से लड़कर मुकाबले की अपार शक्ति है, जिसका सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। स्वामी जी के बताए रास्ते से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।प्रसिद्ध व्यवसाई एवं मंच के संरक्षक शिवचरण डालमिया ने राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं में राष्ट्रीय भावना जागृत करने की आवश्यकता पर बल दिया।साहित्यकार समाजसेवी डॉ राम सिंहासन सिंह ने कहा कि आज युवाओं में चरित्र निर्माण की आवश्यकता है, क्योंकि चरित्र निर्माण से ही जीवन की राष्ट्र की समस्त संस्थाओं को जीवित रख सकता है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे साहित्यकार व बिहार प्रदेश सैल्यूट तिरंगा साहित्य मंच अध्यक्ष आचार्य राधमोहन मिश्र माधव ने स्वामी जी को नए युवाओं में सृजनात्मक ऊर्जा का संचार करने वाले क ा ल ा ज य ी व्यावहारिक संत करार दिया।समारोह में जिन प्रमुख व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए उनमें डॉ रामेश्वर त्रिपाठी, गजाधर लाल पाठक, केशव लाल भैया, प्रोफेसर अशोक यादव ,आचार्य बालमुकुंद मिश्रा, सिद्धनाथ मिश्र, सुरेंद्र मिश्र, प्रीति पाठक ,सोनी मिश्रा ,कुंदन सिंह, कविता राऊत, चिंता देवी ,पुष्पा गुप्ता, देवेंद्रनाथ मिश्र ,सुनीता चौरसिया, रंजीत पाठक ,रवि भूषण भारतीय, प्रियंका मिश्रा ,कंचन किरण पाठक ,पवन मिश्रा, फुलकुमारी, पप्पू रानी पाठक ,अमित त्रिपाठी, कुंदन मिश्रा ,नीलम पासवान, सोनी कुमारी अधिवक्ता ,रूपमकुमारी, शांति देवी ,मृदुला मिश्रा ,अभय सिंह, अजय मिश्रा ,विनय लाल टाटक, सुनील यादव, प्रोफेसर रीना सिंह, पूजा कुमारी ,पीयूष गुप्ता, बालेन्द्र पांडेय, रविभूषण भट्ट का नाम शामिल है। जयंती समारोह का धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर ज्ञानेश भारद्वाज ने किया।

## किराना दुकान में लगी आग, लाखों रुपये मूल्य की सम्पत्ति जलकर राख

### मकर सक्रांति को लेकर बिक्री के लिए रखी दुग्ध सामाग्री स्वाहा

**गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा)। वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र के वारिसलीगंज नेपुरा-कतरडीह मार्ग पर सिमरी बीघा गांव में एक किराने की दुकान में मध्य रात्रि में लगी आग से लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति जल कर स्वाहा हो गयी।दुकान मालिक विनोद सिंह ने बताया कि मकर सक्रांति को लेकर दुकान में दुग्ध सामाग्री बिक्री के लिए संग्रह किया गया था।आग लगने से जहाँ दुकान में रखे किराना सामग्री जलकर खाक हो गयी। वही दही,घी, मक्खन सहित अन्य दुग्ध सामग्री भी स्वाहा हो गयी।पीड़ित ने बताया सुबह पांच बजे दुकान खोलने के लिए आया तो देखा कि दुकान में रखा सामान जला हुआ है।उन्होंने बताया कि रात्रि के वजह से आग लगने का पता नही चल सका।दुकान का अधिकांशतः सामग्री जल कर स्वाहा हो गयी। साथ ही साथ दुकान में रखा दो बड़ा फ्रीजर एवं एक फ्रिज तथा दो बाइक भी जल कर खाक हो गयी।



पीड़ित के अनुसार अज्ञात लोगों के द्वारा दुकान में जान बूझ कर आग लगाया गया है।आग लगने की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी गयी है। पुलिस अपने स्तर से तहकीकात में जुट गयी है।

## हरियाणा पुलिस के हत्थे चढ़े 2 साईबर ठग,सिंडिकेट में मचा हड़कंप

**गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा):-देश भर में साईबर अपराध गिरोह का हब बनकर उभरा है, वारिसलीगंज, नवादा, आये दिन विभिन्न प्रदेशों की पुलिस पहुंचकर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर अपने साथ ले जा रही है। इतना ही नहीं करोड़ों रुपए भी इन साइबर ठगों के पास से बरामद हो चुकी है, बावजूद इसपर अंकुश नहीं लग रहा है। ऐसे ही एक मामले में हरियाणा राज्य के पानीपत की पुलिस ने वारिसलीगंज निवासी एक साइबर ठग को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है।पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार साइबर ठग वारिसलीगंज बेल्धा गांव निवासी अर्जुन राउत का पुत्र रंजीत राज बताया जाता है। उसके निशानदेही पर वारिसली गंज थाना क्षेत्र के निवासी शिव नारायण राय के पुत्र नीतीश कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उक्त ठगों के पास से पानीपत पुलिस ने 40 हजार रुपए नगदी सहित कई बैंकों के पासबुक, दो एंड्रॉयड मोबाईल, एक एटीएम और 5 फर्जी सीम पुलिस ने बरामद किया है।

वारिसलीगंज पहुंची पानीपत जिले के मॉडल टाउन थाना के एसआई दीपक कुमार ने बताया कि स्थानीय सुभाष भाटिया ने कांड संख्या- 409/22 दर्ज कराकर 50 लाख रुपए लोन दिलाने के नाम पर 1.76 लाख रुपए ठगी किया गया था। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद वैज्ञानिक तकनीकी व मोबाईल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने टीम ठग माफिया रंजीत को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि रंजीत के गिरोह में वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के दर्जनों लोगों का नाम सामने आया है। जिसे गुप्त रखा गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बताया जाता है कि रंजीत इस गिरोह को चलाने के लिए बेरोजगार युवकों को रुपए कमाने का शॉटकट रास्ता बताकर प्रलोभन देकर अपराध के दलदल में धकेलने का काम करता है।तीन दिनों पूर्व जिले के नक्सल प्रभावित रजौली थाना क्षेत्र से दिल्ली पुलिस ने एक महिला सहित तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है। उन ठगों के पास से एक करोड़.एक लाख रुपए नगद रुपए भी बरामद किया गया था। इसके पूर्व वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के भगवानपुर से 1.21 करोड़ रुपए बरामद किया जा चुका है। गौरतलब हो कि नवादा अब जामताड़ा बन चुका है, जहां पढ़े-लिखे बेरोजगारों को ठगी के दलदल में फंसाकर उनसे साइबर माफिया ठगी का काम करा रहे हैं।



## जिला अधिकारी श्री सौरभ जोनवाल ने रमेश चौक पर स्थित जिला संसाधन केंद्र स्थल का किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण सचिन कुमार सिंह जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद : आज जिला पदाधिकारी, श्री सौरभ जोरवाल द्वारा रमेश चौक पर अवस्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र का स्थल निरीक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित जिला पंचायती राज पदाधिकारी, मंजू प्रसाद द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत संसाधन केंद्र का कार्य अंतिम चरण पर है एवं फिनिशिंग का कार्य जारी है। फरवरी 2023 तक इस भवन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।



जिला पदाधिकारी द्वारा इस भवन को यथाशीघ्र पूर्ण कर कार्यालय कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया।

मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी मंजू प्रसाद, जिला अभियंता जिला परिषद, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे

## दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय दक्ष प्रतियोगिता का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण,** विजय कुमार सिंह, संवाददाता कुटुंबा प्रखंड औरंगाबाद (बिहार) 12 जनवरी 2023 :- कला, संस्कृति एवं युवा विभाग , छात्र एवं युवा कल्याण निदेशालय, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय दक्ष खेल कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को उच्च विद्यालय चिल्हकी अंबा के खेल के मैदान में किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार , जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र भूषण गुप्ता और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. यदुवंश यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन हेडमास्टर चंद्रशेखर प्रसाद साहू ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्द्र भूषण गुप्ता ने कहा कि प्रखंड स्तर पर चयनित बच्चे जिलास्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ऐसी प्रतियोगिता से बच्चों में शारीरिक , नैतिक ,अनुशासन और समन्वय की भावना का भी विकास होता है। प्रखंड प्रमुख ने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखरने का एक अच्छा अवसर मिलता है। हमारा प्रयास है कि प्रखंड के युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जिप सदस्य सुरेंद्र यादव ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए यह सराहनीय प्रयास है। इससे बच्चों को खेल में अच्छा करने का अवसर मिलता है। जिससे बच्चों में शारीरिक ,बौद्धिक और मानसिक विकास होता है ।



प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर 14, अंडर 17 और अंडर-19 के बालक और बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ और 800 मीटर दौड़ , लॉन्ग जंप , हाई जंप , बॉलीबाल, बैडमिंटन, कुश्ती में सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। शुक्रवार को कबड्डी, खो-खो और फुटबॉल प्रतियोगिता होगी। सभी विधाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया गया तथा अंडर-17 और अंडर -19 की वॉलीबॉल टीम को ट्रॉफी प्रदान किया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय दधपा की टीम विजेता तथा उच्च विद्यालय चिल्हकी अम्बा की टीम उप विजेता रही। कार्यक्रम के आयोजन में सेवानिवृत्त खेल प्रशिक्षक देवराज राम, विकास कुमार विश्वास, अवधेश प्रसाद, मंसूर आलम, निर्भय सिंह, अरविंद पासवान,लेखापाल अविनाश कुमार, नीतीश कुमार सिन्हा, अहमद रजा, मिथिलेश सिंह,अनिल कुमार सिंह यादव, देवांक भट्ट,पवन कुमार सिंह,गया ठाकुर,लव कुमार सिंह, राजू कुमार पासवान, कृति सिंह, कुमारी प्रियंका, विभा कुमारी, योगेंद्र भूषण,संजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, दिनेश राम,रविन्द्र कुमार सिंह,विनोद कुमार पांडेय, सुमन्त कुमार,आदि ने सहयोग किया।

## पिता की निर्मम हत्या और पुत्री के अपहरण का मामला सुलझाने में पुलिस को नहीं मिल रही कामयाबी

**रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

नवादा। मानवाधिकार से सम्बद्ध लोक स्वातंत्र्य संगठन (पीयूसीएल) की नवादा जिला इकाई ने वारिसलीगंज के समीचक मोहल्ला के शिवशंकर सिंह की गला रेतकर नृशंस हत्या और उनकी नाबालिग पुत्री शालिनी कुमारी के अपहरण पर निंदा प्रस्ताव पारित कर गहरा शोक व्यक्त किया है। साथ ही तात्कालिक तौर पर शिवशंकर सिंह के हत्यारे और उनकी बेटी के अपहरणकताओं को गिरफ्तार कर दंडित करने और अपहत नाबालिग छात्रा शालिनी कुमारी की बरामदगी की मांग केन्द्र और राज्य सरकार से पीयूसीएल ने किया है। राज्य सरकार की सुशासन व कानून की। राज्य और केन्द्र सरकार की सबके साथ, सबके विकास और सबका विश्वास की घोषणा तार-तार होकर रह गयी है।

विदित हो कि 15 दिसम्बर 2020 को शातिर अपराधियों ने शिवशंकर सिंह की निर्ममतापूर्वक हत्या कर उनकी नाबालिग बेटी शालिनी कुमारी का अपहरण कर लिया था। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस, वारिलीसगंज थानाध्यक्ष के अलावा पुलिस उपाधीक्षक और पुलिस अधीक्षक को दी गयी थी।



घटना के प्रत्यक्षदर्शी एवं मुख्य सूचक शालिनी के भाई सिन्टु कुमार का कहना है कि नवादा जिला पुलिस प्रशासन उक्त कांड के उद्भेदन में निष्क्रियता बरत रही है। लगता है कि पुलिस और अपराधियों के गठजोड़ के चलते ही यह मामला 2 वर्ष बाद भी उपलब्धि के नाम पर शून्य है।

पीयूसीएल के राष्ट्रीय पार्षद दिनेश कुमार अकेला के मुताबिक, नवादा जिला पुलिस प्रशासन का इस गुत्थी को सुलझाने में विफल रहना बताता है कि वह अपराधियों के सामने खुद को बौना मान चुकी है या फिर अपराधियों से उसकी गहरी साठगांठ है।

अकेला ने कहा कि अगर नवादा पुलिस प्रशासन की तरफ से इस तरह की लापरवाही होते रहेगी तो इस तरह की घटनाओं में कमी आने की बजाय बढ़ती जायेगी। साथ ही पुलिस प्रशासन की भूमिका अप्रासंगिक साबित होती जायेगी और अपराधियों का मनोबल बढ़ता जायेगा।

अकेला ने चेतावनी दी है कि समय रहते जिला पुलिस प्रशासन जनविरोधी नीतियों व हरकतों से बाज नहीं आयेगा तो पीयूसीएल जनांदोलन करने को बाध्य हो जायेगा।

## युवा दिवस पर नेहरू युवा केंद्र द्वारा गया कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित की गई

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता धर्मेंद्र कुमार**

नेहरू युवा केंद्र गया के द्वारा गया कॉलेज के ु.एं संकाय कक्ष में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर युवा सप्ताह दिवस के कार्यक्रम पर युवा मंडल एवं एनएसएस के विद्यार्थियों के बीच स्वामी विवेकानन्द जी जीवनी के बारे में युवाओं को उनके सिद्धांत को बताया गया उन्होंने कहा कि आज युवा दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र कुमार मोदी का वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए युवाओं को संबोधन सुनने को मिला इस कार्यक्रम में गया कॉलेज के प्राचार्य ने भाग लिया और युवाओं को संबोधित किया उन्होंने कहा स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर ही देश को विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है अगर स्वामी विवेकानंद को जानना है तो उनके साहित्य पुस्तक पढ़िए इस कार्यक्रम को युवा शिवेंद्र कुमार नेहरू युवा केंद्र के लेखापाल सुरेंद्र तिवारी धर्मेंद्र कुमार एवं अन्य अतिथि गणों ने संबोधित किया इस कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया




## जयंती पर याद किये गए स्वामी विवेकानंद

**गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा):-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 160वीं जयंती पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया। संपूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति का प्रचार - प्रसार करने वाले ओजस्वी वक्ता महान विचारक युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने कहा कि स्वामी स्वामी विवेकानन्द जी के विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक है।युवाओं को उनके बताए गए मार्गो पर चलने एवं उपदेशों को आत्मसात करने की जरूरत है। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।मौके पर उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार उर्फ मान सिंह, धर्मपाल कुमार ,भाजपा के नगर महामंत्री सुमन कुमार , वहा मौजूद विद्यार्थी परिषद के अन्य कार्यकर्ता गण आकाश कुमार ,रोशन कुमार ,सौरभ कुमार ,अमन कुमार ओझा ,विकास कुमार , रजनीश कुमारी, पूजा कुमारी, स्नेहलता कुमारी, सुमन सौरभ कुमार मौजूद रहे।



## तीन दिवसीय देव महोत्सव के आयोजन के निर्णय का स्वागत

### गजना,उमगा एवं अंबे महोत्सव आयोजित करने की मांग

**दैनिक समाज जागरण सचिन कुमार सिंह जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद जिला प्रशासन की आयोजित बैठक में तीन दिवसीय देव महोत्सव आयोजन करने के निर्णय का हार्दिक स्वागत किया गया जबकि गजना धाम,अंबे और उमगा महोत्सव को भी तीन दिवसीय आयोजित करने की मांग जिला प्रशासन से की गई।

उपरोक्त मांग आज जनेश्वर विकास केंद्र की आयोजित बैठक में लिया गया । बैठक सूर्य नगरी देव के सहदेव चौधरी पुस्तकालय में केंद्रीय अध्यक्ष श्री रामजी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।

सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि तीन दिवसीय देव महोत्सव का आयोजन जन सहयोग से 1992 से हो रहा है। 2001 से उक्त देव महोत्सव जिला प्रशासन द्वारा दो दिवसीय आयोजित किया जा रहा है ।तब से लगातार उक्त महोत्सव को तीन दिवसीय करने की मांग स्थानीय जनता द्वारा की जा रही थी। देर से ही सही इस वर्ष जिला प्रशासन द्वारा तीन दिवसीय देव महोत्सव का आयोजन किया जायेगा जिसका सर्वसम्मति से स्वागत किया गया ।



श्री विद्यार्थी ने कहा कि 1997 से उमगा महोत्सव तथा 2004 से गजना और अंबे महोत्सव का आयोजन जन सहयोग से तीन दिवसीय किया जा रहा है लेकिन जिला प्रशासन द्वारा उक्त महोत्सव दो दिवसीय आयोजित किया जा रहा है ।उपरोक्त तीनों महोत्सव को भी तीन दिवसीय करने की मांग जिला प्रशासन से किया गया ।साथ ही सभी महोत्सव में बौद्धिक, सांस्कृतिक, खेलकूद के साथ-साथ संबंधित जगहों के धार्मिक महिमा और ऐतिहासिक गरिमा को देश दुनिया में प्रचारित और प्रसारित करने हेतु कार्यक्रम किये जाने की भी मांग की गयी।

उक्त महोत्सव में स्थानीय कलाकारों, स्थानीय उत्पाद, सभ्यता संस्कृति को भी हाईलाइट करने और स्मारिका प्रकाशन कराने की मांग भी की गयी। बैठक में रामधारी सिंह,कृष्णा दुबे, निर्मल सिंह, अनील सिंह, जनेश्वर यादव, डा महेंद्र हार्ड,बलराम चंद्रवंशी, रामाश्रय पांडे, अधिवक्ता, यशवंत कुमार अधिवक्ता, सुरेंद्र चौरसिया, नंदलाल मेहता, रत्नेश कुमार सिंह व दीपक गुप्ता आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन दीपक गुप्ता ने किया ।

# संक्षिप्त न्यूज

## पंचायत दिवस के अवसर पर सीओ रीतेश जयसवाल ने पंचायत का किया दौरा.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साह**

पाकुड़/महेशपुर प्रखंड में पंचायत दिवस के अवसर पर गुरुवार को सीओ रितेश जायसवाल ने जयनगरा पंचायत का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जयनगरा गांव के राजेश गुप्ता के जमीन पर बागवानी योजना का निरीक्षण किया एवं ठाकरानपोखर गांव में रामजतन मुर्मू के जमीन पर सिंचाई कूप निर्माण एवं जिसु सोरेन के जमीन पर डोभा निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ ने उपस्थित कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। सीओ ने जयनगरा गांव में लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना का भी निरीक्षण किया। सभी आवास के लाभुकों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द वे लोग अपना-अपना आवास पूर्ण करा लें। मौके पर पंचायत सचिव राधेश्याम मंडल,पंचायत के मुखिया लक्ष्मण मरांडी के अलावे कई लाभुक एवं ग्रामीण मौजूद थे।



## उपायुक्त वरुण रंजन ने महेशपुर प्रखंड में टीकाकरण कार्य का किया औचक निरीक्षण.

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड़/महेशपुर में पाकुड़ उपायुक्त वरुण रंजन ने गुरुवार को महेशपुर प्रखंड में चल रहे टीकाकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर पहुंचे। वहां निरीक्षण के क्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार किस्कू को अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित पाया गया इस संबंध में उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका एक दिन का वेतन पर रोक लगाई गई है। वही उपायुक्त टीकाकरण कार्य का निरीक्षण करने प्रखंड के रामपुर पंचायत अंतर्गत बाजूपाड़ा आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। वहां रुम्पा प्रमाणिक एएनएम को टीकाकरण करते हुए पाया गया लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र के आसपास काफी गंदगी को देखकर उपायुक्त ने काफी नाराजगी जाहिर किया, इस संबंध में जानकारी लेने पर उपायुक्त पाकुड़ वरुण रंजन ने बताया कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका व सहायिका को साफ-सफाई कराने का सख्त निर्देश दिया गया है साथ ही दोनों के वेतन पर रोक लगाई गई है। इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी विकास त्रिवेदी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग पाकुड़ के भूषण कुमार, बीडीओ उमेश मंडल, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी शैलेस कुमार, राजेश रंजन सहित अन्य उपस्थित थे।



## चाईन्ड लाईन की और से पंचायत स्तरीय बैठक का आयोजन.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साह**

पाकुड़/महेशपुर में चाइल्ड लाइन सव सेंटर टेगोर सोसाईटि फॉर रूरल डेवलपमेंट गड़वाड़ी महेशपुर के द्वारा धर्मखांपाड़ा पंचायत भवन में गुरुवार को श्री मुन्नी मरांडी के अध्यक्षता मे पंचायत स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें चाइल्ड लाइन ट्रोल फ्रि नम्बर 1098 पर विस्तार पुर्वक जानकारी दिया गया, बाल विवाह , बाल मजदुर ,अनाथ , असहाय बच्चे के बारे में प्रायोजन देखभाल योजना के बारे में चर्चा किया गया । बिमार बच्चे के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया, बैठक में जिला से आये हुये पदाधिकारी पंचायत सचिव ,रोजगार सेवक एवं मुखिया,उपमुखिया वर्ड सदस्य , समन्यवक प्रकाश चंद घोष मिनती सहा उपस्थित थे।



## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया स्वामी विवेकानंद जी का जयंती.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया के ऊषा देवी सरस्वती शिशु मंदिर में स्वामी विवेकानंद जी के जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमोद जी सचिव भूतेश्वर नाथ ओझा प्रधानाचार्य नीरज कुमार तिवारी एवं पूर्व छात्रों ने मिलकर किया। कार्यक्रम में भैया बहनों ने ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता में भाग लेकर कर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किए। इस कार्यक्रम में सभी आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित रहे।



## थाना प्रभारी के नेतृत्व मे सिदपुर गरम कुण्ड परिसर पर साफ साफाई का अभियान चलया गया.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया थाना प्रभारी अभिषेक राय के नेतृत्व मे गुरुवार को सिदपुर स्थित आस्था स्थल गरम कुण्ड परिसर पर साफ साफाई अभियान चलया गया, प्रति वर्ष मकर संक्राती के पावन अवसर पर उक्त स्थल पर भब्य मेले का आयोजन होता है जिसमे झारखण्ड,बंगाल उड़िषा और असम से लाखो की संख्या मे श्रद्धालु पहूँचते है और गरम कुण्ड मे डूबकी लगाकर भगवान शिव की आराधना और पुजन करते है। लम्बी समय से गरम कुण्ड एवं आसपास की परिसर मे गंदगी की अम्बार होने के कारण श्रद्धालुओ की आस्था एवं पवित्रता को देखते हूए थाना प्रभारी एवं पुलिस के जवानों के द्वारा गरम कुण्ड और आसपास का स्थाल को साफ साफाई किया गया एवं कचरा को आग जलाकर निपटारा किया गया, साफ साफाई के पश्चात थाना प्रभारी ने मौजूद लोगों को गरम पानी मेला मे शांति और शोहार्द बनाए रखने को लेकर कहा, गरम कुंड स्थल पर ड्यूटी में मौजूद चौकीदारों को थाना प्रभारी के द्वारा कई अहम दिशा निर्देश भी दिए गए । मौके पर ए एस आई अशोक यादव , गोविंद प्रसाद , मनदीप मेहता , गॉव के प्रधान सेकेन सौरेन , लालू अंसारी एवं अन्य मौजूद थे।

# उपायुक्त ने पंचायत भवन, एवं स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण, वीडियो से मांगा स्पष्टीकरण

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड उपायुक्त वरुण रंजन ने हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत घाघरजानी पंचायत भवन पहुंचे, जहां पंचायत भवन खुला था पर कर्मचारी नदारत थे। पंचायत दिवस पर पंचायत से अनुपस्थित रहने पर उपायुक्त ने पंचायत सचिव, घाघरजानी राजेश कुमार रमन निलंबित कर दिया व मुखिया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गई।पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत तेतुलिया पंचायत भवन निरीक्षण के क्रम में बंद पाया गया। वहां के पंचायत सचिव अन्य जगह कार्य कर रहे थे। पंचायत दिवस में सही से कार्य आवंटन नहीं करने के कारण प्रखंड विकास पदाधिकारी से स्पष्टीकरण का मांग की गई।



वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर के निरीक्षण क्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, महेशपुर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया गया। वी एच एन डी के निरीक्षण के क्रम में लक्ष्मीपुर बाजोटोला, महेशपुर आंगनबाड़ी केंद्र में ए0एन0एम0 उपस्थित पाई गई।वहां का दुव्यवस्था को देखकर रकिया खातून, सेविका का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया।मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, महेशपुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड के नवा मार्शल जूनियर क्लब बसंतपुर की ओर से तीन दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मुकाबला का अयोजन किया गया, तीन दिवसीय फुटबॉल टुनामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में पाकुड़िया प्रखंड प्रमुख कालिदास मरांडी ने फुटबॉल पर कीक मारकर टूमार्मेंट का शुभारंभ किया, टुनामेंट के फाईनल मैच हेंब्रम स्टार बसंतपुर वनम हाटपाड़ा हिसा टोला के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबला में विजेता टीम ने हेंब्रम स्टार बसंतपुर टीम को दो गोल से पराजित किया । वही प्रखंड प्रमुख कालिदास मरांडी ने विजेता टीम हाटपड़ा हिसा टोला को 15 हजार रुपए और उपविजेता हेंब्रम स्टार बसंतपुर को 10 हजार रुपए नगद पुरुष्कार देकर पुरुस्कृत किया। वही



विशिष्ट अतिथि पुलियादहा पंचायत की पूर्व मुखिया दाऊद मरांडी ने खिलाड़ियों को संबोधन में बताया खेल जीवन का अनिवार्य हिस्सा है इससे हमारा तन मन स्वस्थ रहता है एवं हमारे अंदर नई ऊर्जा का संचार होता है। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजपोखर पंचायत के पूर्व मुखिया ढेना मरांडी और बसंतपुर पंचायत के मुखिया सोलेन हेम्ब्रम अन्यो ने अपना अपना वक्तव्य रखा प्रतियोगिता के संचालन करते हुए रैफरी गिरीश हेंब्रोम जनता हेंब्रोम सुनील मुर्मू ने अपनी भूमिका निभाई कमेटी के रूप में ग्राम प्रधान सा अध्यक्ष रामप्रसाद मुर्मू ,सचिव शुभेंदु मुर्मू ,एनिमल मुर्मू ,सेवेन्टु मुर्मू, मार्केट मुर्मू, मिकाइल टुडू, अल्मा टूडू आदि का इस प्रतियोगिता में अहम भूमिका रहा।

# उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो गौतम ठाकुर**

जामताड़ा

मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न; उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

आज गुरूवार को मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सभी संबंधित को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त जामताड़ा अनिलसन लकड़ा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त श्री अनिलसन लकड़ा ने बिरसा हरित ग्राम योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सभी को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त हेतु निर्देश दिया।



आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बागवानी को और बेहतर बनाने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 23- 24 के लिए लाभुक का चयन ,पौधों का रख रखाव एवं विभाग द्वारा दिए गए समय सीमा सारणी के अनुसार सारे कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया। योजना स्थल पर घेरना, जलकुंड एवं पुरानी योजनाओं में इंटरक्रॉपिंग करने हेतु लाभुकों को प्रोत्साहित करने हेतु भी जानकारी दी गई।

आयोजित कार्यशाला में परियोजना पदाधिकारी मनरेगा श्रीमती पूनम, एनआरएम एक्सपर्ट, अजीत रजवार, जीआईएस मो० जुल्फीकार हुसैन, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी टिंकू कुमार, प्रदीप टोप्पो, सहायक संतोष सिन्हा विपुल सिन्हा,सभी प्रखंडों के बीपीएम, सीएफपी के कर्मी ,आशा एनजीओ के कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे

# सिदपुर गरम कुंड में आयोजित होने वाले गरमपानी मेला की तैयारियां जोरशोर से शुरु हुई.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया में मकर सक्रांति के शुभ अवसर पर 14-15 जनवरी को पाकुड़िया प्रखंड के राजपोखर पंचायत अंतर्गत सिदपुर गरम कुंड में आयोजित होने वाले गरमपानी मेला की तैयारियां जोरशोर से शुरु हो गयी है । मेले में पाकुड़िया प्रखंड सहित दूर दूर से आदिवासी सफाहोड़ धर्मगुरुओं के साथ साथ उनके हजारों शिष्य मकरसंक्रांति के अवसर पर इस पवित्र कुंड में पहुँचेगे और आस्था की डुबकी लगाकर अपने अपने आराध्य देवो की सामूहिक पूजा आराधना करेंगे, इधर यहाँ लगनेवाली मेला परिसर में मीना बाजार ,विभिन्न तरह के तारामाची , संथाली जात्रा, ओपेरा , सर्कस , बुगिबूगी डांस, रंग बिरंगी मिठाइयों की दुकानें , लोहे एवं लकड़ी से बने सामानों की दुकाने सहित अन्य मनोरंजन के साधन सजने लगे है । मेले में उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर मेला कमिटी सहित पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए जाने की तैयारी चल रही है । कड़ाके की ठंढ को देखते हुए मेला परिसर में जगह जगह अलाव की ब्यवस्था की माँग प्रशासन से की गयी है, अग्निशमन वाहन , पानी टंकी द्वारा पेयजल सुविधा , प्राथमिक चिकित्सा शिविर आदि का इंतजाम में प्रशासन लगी है, बहरहाल मेले को लेकर महिलाएं , बच्चे , बड़े सभी का उत्साह चरम पर देखा जा रहा है, इस उपलक्ष्य में हिन्दू समुदाय के लोगो द्वारा तिल ,गुड़ से निर्मित मिष्टान्न एवं चूड़ा का लाडू की भी तैयारी कर ली गयी है।



## नरेन्द्र का जरूरत नही देश रत्न स्वामी विवेकानन्द की आवश्यक्ता है।

# उनके प्रेरणादायक शब्द विवेक को भी निर्मल और कर्तव्य निष्ठ बना देता है विपुल गोस्वामी

**दैनिक समाज जागरण फतेहपुर संवाद दाता विपुल गोस्वामी**

आज के युग के परिप्रेक्ष मे जम्बू द्विपे भारत वर्षे मे नरेन्द्र दत्त को नही चाहिए देश रत्न स्वामी विवेकानंद का जरुरत है ।आज भी बहूत से समाज भारत भूमि मे आधिपत्य के सम्राज्य के लक्षण रेखा के घेरे मे दुसरे समाज के लोगो को घृणास्पद रवैया से स्लो शासन करते चले है ।स्वामी विवेकानंद के आविर्भाव 12जनवरी 1863को हुआ था ।उस समय आर्थिक सम्पन्न समाज गरीब दूर्वा समाज के मानव को हेय दृष्टिकोण से देखा करते थे। समय काल की प्रताड़न को देख कर उनके मस्तिष्क मे विचार आया और25 वर्ष की यौवन की पड़ाव मे सन्यास ग्रहण करके आध्यात्मिक की राह मे चल कर प्रेरणास्त्रोत बन कर भारत ही नही विश्व को सुधार करते चले ।उनका जीवन को जिवंत करने वाले गुरु हिन्दु धर्म और आध्यात्मक के मनिषि रामकृष्ण परमहंस थे ।स्वामी जी से उस वक्त मुलाकात हुई जब उनका जिज्ञासा ईश्वर की खोज की ओर था ।कायस्थ जाति के मिडिल घराने अधिवक्ता विश्व नाथ दत्त पिता तथा माता भुवनेश्वरी देवी । पत्रकार के कलम की पुकार है कि आदर्श माता पिता के पुत्र ही महान कर्म को प्रस्तुत करने मे महारत हासिल करते है ।आज उनका वाणि का भारत के युवा समाज का जरुरत ही नही आवश्यक्ता है ।तबतक कर्म से हटो नही जब तक लक्ष्य को पूरा नही कर सकते हो ।अल्प जीवन काल खंड मे वेद पुराण बाईबिल, कुरान की जानकारी हासिल करना ही असाधारण प्रतिभा को दशार्ता है ।आज उनके जीवन की जीने की शैलिका के वारे मे युवा पीढी के अनुसंधान अनुसरण करना चाहिए। कम उम्र मे शिकागो धर्म सम्मेलन मे धार्मिक गर्न्थो का व्याख्यान के साथ मंत्र मुग्ध करना ।जीवन की पड़ाव सीमित पर कार्य असीमित और जीवन्त था ।उनका एक एक बाक्या भी जीवन्त है ।जैसे कि शक्ति ही जीवन है,दुर्बलता ही मृत्यु है, विस्तार जीवन है, संकुचन मृत्यु है ,प्रेम जीवन घृणा मृत्यु है। नारी सम्मान सर्वोपरी है ।39 वर्ष की अल्प आयु मे 4जूलाई1902 को पंचतत्व मे विलीन हो गये।

# तम्बाकू के दुष्परिणामों के प्रति किया जागरुक

धनबाद, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अर्न्तगत आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग के द्वारा विभिन्न विद्यालयों में स्कूल प्रोग्राम के माध्यम से बच्चों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनमानस के लिए तम्बाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक किया गया। मौके पर जिला तंबाकु नियंत्रण से जिला परामर्शी , राहुल कुमार एवं विद्यालयों के प्रधान अध्यापक व छात्र छत्राएं मौजूद थे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो गौतम ठाकुर**

जामताड़ा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, जामताड़ा के सौजन्य से स्वामी विवेकानंद जी की जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सेंट एंथोनी एवं सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल जामताड़ा के बच्चों सहित युवाओं ने जिला खेल पदाधिकारी के नेतृत्व में निकाला प्रभात फेरी

स्वामी विवेकानंद जी के विचार एवं कार्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं; उनके बताए आदर्शों पर चलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें युवा - जिला खेल पदाधिकारी

आज गुरूवार को सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल जामताड़ा में पर्यटन, खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निर्देश पर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर जिला प्रशासन जामताड़ा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार एवं अन्य अतिथियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला खेल पदाधिकारी ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का उद्देश्य भारत के युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रोत्साहित करना, एकजुट करना, प्रेरित करना और सक्रिय करना है। उन्होंने बताया कि आज के समय में युवा अपने लक्ष्यों से भटक के नशा, व्यसन गलत संगति में जा रहे हैं। उन्होंने जिले के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के बताए आदर्श पर चलें, चरित्र निर्माण पर बल दें एवं खेल कूद एवं अन्य गतिविधियों में भाग लें तथा नए भारत का निर्माण में सहायक बनें। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने अध्यात्म चिंतन, देशप्रेम को सही अर्थों में समझाया था। उन्होंने कहा था, कि भारत युवाओं का देश है और इस देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत स्वामी जी के अलावा और कोई नहीं हो सकता है।



राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जामताड़ा तृतीय स्थान प्राप्त किया

वहीं उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्र छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य भर में जामताड़ा जिला तृतीय स्थान पर रहा जो कि गर्व कि बात है। उन्होंने इसके लिए सफल छात्र छात्रा सहित अन्य संबंधित लोगों को इसके लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रभात फेरी का हुआ आयोजन

वहीं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जा खेल पदाधिकारी के नेतृत्व में सेंट एंथोनी एवं सेंट जोसेफ स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा स्वामी विवेकानंद के कथन/आदर्श वाक्य लिखा हुआ प्ले कार्ड के साथ प्रभातफेरी निकाला गया। जो सेंट एंथोनी स्कूल से शुरू होकर कायस्थपाड़ा, जामताड़ा बाजार, हटिया, स्टेशन रोड होते हुए वीर कुंवर सिंह चौक अवस्थित चिल्ड्रेन पार्क में स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पुनः उसी रास्ते से विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुआ।

इस अवसर कर जिला ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष डी डी भंडारी, विद्यालय के शिक्षकगण, सहित विभिन्न खेल प्रेमी सहित अन्य संबंधित मौजूद थे।

# सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल में जिला परिवहन कार्यालय के द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो गौतम ठाकुर**

जामताड़ा

जिला सड़क सुरक्षा समिति, परिवहन कार्यालय जामताड़ा के सौजन्य से सड़क सुरक्षा सप्ताह (11 से 17 जनवरी) कार्यक्रम के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी अजय तिर्की के निर्देश पर आज गुरूवार को सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल, जामताड़ा में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस मौके पर जिला सड़क सुरक्षा टीम द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया तथा इसके बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्रों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाएं, साइनेज, ट्रैफिक लाइट, हैंड साइन, इमरजेंसी सेवा, तथा अन्य संबंधित तथ्यों के संबंध में जानकारी दी गई।



कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि प्रति वर्ष देश में तथा राज्य में हजारों की संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिससे काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है। हम सभी लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करना बहुत जरूरी है। आप लोग सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करने तथा अपने घर परिवार के सदस्यो, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें । इस मौके पर तौसीफ जलीली, सतीश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे

# स्वास्थ्य अनुदान के क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो गौतम ठाकुर**

जामताड़ा

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में 15वें वित्त आयोग के माध्यम से प्राप्त स्वास्थ्य अनुदान के क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

आज गुरूवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में 15वें वित्त आयोग के माध्यम से प्राप्त स्वास्थ्य अनुदान के क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आहूत की गई।

बैठक में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु स्वीकृत एवं प्रस्तावित योजनाओं के विभिन्न संरचनाओं के निर्माण एवं संचालन संबंधी कार्ययोजना पर विमर्श किया गया।

बैठक में उपायुक्त को बताया गया की दोनो वित्तीय वर्ष में भवनविहीन एचएससी में कार्य प्रोग्रेस में है।



उपायुक्त द्वारा जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

वहीं बीपीएचयू में वित्तीय वर्ष 21-22 में बताया गया कि नारायणपुर सीएचसी का ले आउट मिला है वहीं वित्तीय वर्ष 22-23 नाला को रखा गया है। वहीं इसके अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा अर्बन एचडब्ल्यूसी, ह्यूमन रिसोर्स, पीएम एबीएचआईएम भवन विहिन एचएससी आदि के बारे में जानकारी ली गई।

वहीं उपायुक्त द्वारा 15 वें वित्त आयोग अनुदान राशि से क्या क्या कार्य कराए जाने हैं इसका विस्तृत प्रतिवेदन मांगे गए हैं साथ ही सिविल सर्जन को इस संबंध में अपने स्तर से बैठक करने का निर्देश दिया गया।

इस मौके पर उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष कमल गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय, सिविल सर्जन डॉ एसके मिश्र, डॉ निलेश कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत जामताड़ा संजय कुमार, डीपीएम श्रीमति संगीता लुसीबाला एक्का सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे

# निकाली गई जागरूकता रैली, यातायात नियमों का पालन करने की अपील

(आर एन चौरसिया)

धनबाद, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 11 जनवरी से 17 जनवरी 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज सुबह जिला परिवहन विभाग तथा ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों व पुलिस जवानों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली में सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरुकता स्लोगन व तख्तियां लेकर कतारबद्ध तरीके से स्कूली बच्चे और पुलिस जवानों ने मिश्रित भवन से रणधीर वर्मा चौक तक रैली निकाली और लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

रैली में जिला परिवहन पदाधिकारी , राजेश कुमार सिन्हा तथा ट्रैफिक डीएसपी श्री राजेश कुमार समेत कई वरीय अधिकारी शामिल हुए।

मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि 13 जनवरी को भारी वाहनों के चालक एवं कंडक्टरों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें विशेषकर उनके नेत्रों की जांच की जाएगी। वहीं 14 जनवरी को सड़क सुरक्षा का उल्लंघन करने वालों को गुलाब फूल प्रदान कर उनकी गलती सुधारने का मौका दिया जाएगा। साथ ही सड़क के विपरीत दिशा पर चलने वाले चालक एवं वाहनों पर ओवर लोड करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा।

15 जनवरी को सड़क सुरक्षा दौड़, 16 को क्विज प्रतियोगिता तथा 17 जनवरी 2023 को सड़क सुरक्षा को लेकर सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

ट्रैफिक डीएसपी ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान



दोपहिया वाहन पर हेलमेट लगाने तथा पीछे बैठे लोगों को भी हेलमेट पहनने के साथ-साथ पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के तेल नहीं देने के अलावा कई तरह का जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। बावजूद इसके यदि लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

